


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 गलत सिग्नल दे रहे राहुल

एकला चलो की राह पर आप... 12



वर्ष : 14 | अंक : 272 | नई दिल्ली, बुधवार, 14 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 18°C

न्यूनतम तापमान 14°C

**बाजार**

सोना 64,220

चांदी 79,600

सेंसेक्स 71,555

निफ्टी 21,743

# आध्यात्मिक पथ के अनुसरण के दौरान आधुनिक विकास को अपनाने की आवश्यकता: राष्ट्रपति मुर्मू

**प्रात: किरण/एजेंसी**



वलसाड। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि यदि हम अपने मूल स्वाभाव की ओर जाएं, तो आज विश्व में व्याप्त अनेक समस्याओं के समाधान प्राप्त किया जा सकता है और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हुए आधुनिक विकास को अपनाया जाना चाहिए। गुजरात के वलसाड जिले में जैन धर्म से जुड़े आध्यात्मिक केंद्र श्रीमद राजचंद्र मिशन धरमपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि आज ज्यादातर लोग भौतिक सुख और संपत्ति पाने की ऐसी दौड़ में लगे हैं जिसका कोई सुखद अंत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ह्यहवे भूल गए हैं कि उन्हें जीवन में वास्तव में क्या चाहिए। हम अपनी आध्यात्मिक संपदा को धीरे-धीरे विस्मृगत करते जा रहे हैं। हमें स्मेरण रखना चाहिए कि धनोपार्जन के साथ-साथ मानसिक शांति, समभाव, संयम और सदाचार भी अत्यंन्तम आवश्याक है।" राष्ट्रपति ने कहा, "यदि हम अपने मूल स्व भाव की ओर जाएं, तो आज विश्व में व्याप्त अनेक समस्याओं के समाधान प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन, इसका यह तात्प र्य नहीं है कि हम आधुनिक विकास को त्यामग दें। इसका अर्थ है कि हम आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हुए आधुनिक विकास को अपनाएं।" उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को सिखाया है कि एक व्यक्ति को दूसरे से अलग करना संकीर्णता का प्रतीक है। मुर्मू ने कहा, "उदार जीवन जीने वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार है। सत्य, अहिंसा, तपस्या और उपवास देश के हर हिस्से में व्याप्त है। भारत आंतरिक शांति की तलाश करने वाला और आध्यात्मिक विभूतियों का देश है और ऐसा ही एक व्यक्तित्व (जैन धर्म के) 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर हैं।" उन्होंने कहा, "भगवान महावीर के जीवन का प्रत्येक क्षण मानव जाति के कल्याण के लिए समर्पित था। यदि कोई व्यक्ति उनके दिखाए मार्ग पर चलने में सक्षम है, तो आत्म-ज्ञान निश्चित रूप से संभव है।"

# प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे यूएई, अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का करेंगे उद्घाटन

**प्रात: किरण/एजेंसी**



अबू धाबी/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। इस दौरान वह द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देश के शीर्ष नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे। वर्ष 2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह यूएई की सातवीं यात्रा है। मोदी के यूएई आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यूएई के लिए रवाना होने से पहले अपने बयान में मोदी ने कहा कि वह यूएई के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों के दौरान व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा तथा शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में यूएई के साथ हमारा सहयोग कई गुना बढ़ा है। हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुआ है। मोदी ने कहा, मैं अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान से मिलने और हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। दोनों नेता मंगलवार को बातचीत के दौरान ऊर्जा, बंदरगाह, डिजिटल बुनियादी ढांचे, रेलवे और निवेश प्रवाह के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दोनों पक्षों द्वारा कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। अबू धाबी में मोदी बुधवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

## नवनिर्मित अबूधाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर में वैश्विक सद्भाव के लिए गूंजी प्रार्थनाएं

नई दिल्ली। अबूधाबी के जिस बीएपीएस हिंदू मंदिर का पीएम मोदी उद्घाटन करने वाले हैं वहां 11 फरवरी को विश्व संवादिता यज्ञ के लिए 980 से अधिक लोग एकत्र हुए। इसमें वैश्विक सद्भाव के लिए वैदिक प्रार्थना की गई। यह कार्यक्रम अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक विविधता में आध्यात्मिक एकता के उत्सव 'हारमनी ऑफ फेस्टिवल' का हिस्सा था। प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों में यज्ञ को परमात्मा के साथ से संलग्न होने के माध्यम के रूप में वर्णित किया गया है। इसमें जीव-प्राणिमात्र के साथ प्रकृति के रक्षण और संवर्धन के लिए भगवान से प्रार्थना की जाती है। यह यज्ञ मध्य पूर्व देश में संपन्न अपनी तरह का पहला यज्ञ था। इस यज्ञ में संयुक्त अरब अमीरात और दुनिया भर में शांति, सद्भाव और सभी की भलाई और सफलता के लिए प्रार्थना करने के लिए गणमान्य व्यक्तियों, आध्यात्मिक नेताओं और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। इस प्राचीन अनुष्ठान पद्धति वाले यज्ञ को संपन्न करने के लिए भारत से सात विद्वान और विशेषज्ञ यज्ञवेत्ता पधारे थे। इसके साथ ही अन्य यज्ञ-सेवकों की सेवा सराहनीय थी। वे प्रतिभागियों को विधियों और प्रार्थनाओं के माध्यम से यज्ञ में जोड़ते थे। यज्ञ के शुद्ध और सात्विक अनुष्ठानों से सभी के मन प्रफुल्लित थे। सभी प्रतिभागियों को यज्ञ लाभ प्रदान कराने के लिए 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने समारोह का संचालन करने में मदद की थी। महंतस्वामी महाराज के मार्गदर्शन में मंदिर परियोजना का नेतृत्व कर रहे स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने बताया, 'इस प्रकार का यज्ञ भारत के बाहर शायद ही कभी होता है। यह अवसर मंदिर के वैश्विक एकता के संदेश को प्रतिध्वनित करता है।

# कंटीले तारों से रोकने की बजाय किसानों से बात करें मोदी : कांग्रेस

**प्रात: किरण/एजेंसी**



नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को सड़क पर किलेबंदी कर और कंटीले तार लगाकर रोकने की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों से मिलकर उनकी बात सुननी चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि दिल्ली आ रहे किसानों को बंदूक की बल पर और तानाशाही करके रोका नहीं जाना चाहिए बल्कि उनकी मांगों पर विचार किया जाना चाहिए और खुद श्री मोदी को उनसे बात करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कंटीले तार, ड्रोन से आंसू गैस, कीलें और बंदूकेंह्व सबका है इंतजाम, तानाशाही मोदी सरकार ने किसानों की आवाज पर जो लगानी है लगाम। याद है ना 'आंदोलनजीवी' व 'परजीवी' कहकर किया था बदनाम और 750 किसानों की ली थी जान। दस सालों में मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए गए अपने तीन वादे तोड़े हैं – 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी, स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक इनपुट कॉस्ट के साथ 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करनाऔर एमएसपी को कानूनी दर्जा देना। इस बीच कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा ह्लजब भी इतिहास लिखा जाएगा, तब मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को किसानों के खिलाफ क्रूरता, बर्बरता, दमन और दंशकाल के रूप में जाना जाएगा। किसानों की आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है, जैसे किसी दुश्मन ने दिल्ली की सत्ता पर हमला बोल दिया हो। दिल्ली के चारों तरफ, खासतौर से हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर पर मंजर क्या है। उन्होंने किसानों को रुक जाने को लेकर सरकार से सवाल किया और कहा दिल्ली की सत्ता में बैठे क्रूर और अहंकारी सत्ताधारियों से हमारे सवाल-क्या देश के अन्नदाता न्याय मांगने दिल्ली नहीं आ सकते। क्या सरकार मानती है कि किसान दिल्ली की सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं। देश के अन्नदाता प्रधानमंत्री और देश की सरकार से न्याय न मांगे, तो कहां जाएं। जब किसान आंदोलन पूरी तरह शांतिप्रिय है तो फिर किसान की राह में कीलें और कंटीली तारें क्यों। मोदी सरकार ने 18 जुलाई, 2022 को तीन काले कानून वापस लेने के बाद किसानों से एमएसपी के लिए कानून बनाने का वादा किया था। किसान मोदी सरकार से इस वादे की गारंटी क्यों न मांगे। क्या सरकार को देश की मिट्टी का दर्द और आत्महत्या करते अन्नदाताओं की वेदना सुनाई नहीं देती।

## सरकार बनी तो एमएसपी पर कानून बनाएंगे : खड़गे-राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा। श्री गांधी ने कहा, किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है। कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित करके उनका जीवन बदल देगा।कांग्रेस की गारंटी। श्री खड़गे ने कहा, मोदी सरकार किसानों की आवाज पर लगाम लगा रही है। किसान के हित में एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। इस बीच कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजधानी दिल्ली को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। कांग्रेस किसानों के न्याय की मांग का समर्थन करती है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जी भी किसान न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री जी खुद किसानों से बात करें और उन्हें न्याय दें।

## संक्षिप्त खबरें

### देशभर में कोविड से हुई चार की मौत

नई दिल्ली। भारत में कोविड के 123 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमित मरीजों की संख्या 876 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को यह जानकारी दी। सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में वायरस से चार मरीजों की मौत के मामले सामने आए हैं, जिसमें दो मौतें दिल्ली और एक-एक गुजरात और महाराष्ट्र में हुई हैं। पिछले साल पांच दिसंबर तक कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या दोहरे अंकों तक सिमट गई थी, लेकिन कोरोना वायरस के नए स्वरूप और ठंड की वजह से संक्रमण के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पांच दिसंबर के बाद एक दिन में सर्वाधिक 841 मामले 31 दिसंबर को सामने आए थे जो मई 2021 में आए मामलों का 0.2 प्रतिशत थे। देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरुप के कारण अप्रैल-जून 2021 में महामारी की स्थिति बेहद भयावह हो गई थी और उस दौरान सात मई 2021 को देश में एक दिन में संक्रमण के 4,14,188 नए मामले सामने आए थे और 3,915 मौतें हुई थीं। देश भर में 2020 की शुरूआत से अब तक लगभग चार वर्ष में कोविड से करीब साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

### श्रमिक संगठनों ने 16 फरवरी को एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया

नई दिल्ली। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने 16 फरवरी को कंपनी और उसकी सहायक इकाइयों में एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की सीआईएल का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि श्रमिक संगठनों ने हड़ताल का आह्वान किया है, हालांकि उसने हड़ताल के कारणों को नहीं बताया। कंपनी ने कहा, ह्वसीआईएल को सीटीयू (केंद्रीय श्रमिक संगठनों संघों) एचएमएस, एआईटीयूसी, आईएनएमएफ (आईएनटीयूसी), सीटू से 16 फरवरी 2024 को सीआईएल एवं सभी सहायक कंपनियों में एक दिन की अखिल भारतीय हड़ताल के लिए नोटिस मिला है।

### जेईई-मेन : परीक्षा के पहले संस्करण में 23 उम्मीदवारों ने 100 अंक हासिल किए

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 23 उम्मीदवारों ने पूरे 100 अंक हासिल किए हैं जिनमें से अधिकतम प्रतिभागी तेलंगाना से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 11.70 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किए उनमें से सात तेलंगाना से, दो हरियाणा से, तीन-तीन आंध्र प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र से, दो दिल्ली से और एक-एक गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु से हैं। एनटीए अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर सामान्य तरीके से प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "एनटीए स्कोर समूचे बहु-सत्रीय प्रश्नपत्रों में सामान्य अंक होते हैं और यह एक सत्र में परीक्षा में शामिल हुए सभी लोगों के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित होते हैं। प्राप्त अंकों को प्रत्येक सत्र के परीक्षार्थियों के लिए 100 से शून्य तक के पैमाने में बदल दिया जाता है।" अधिकारियों के अनुसार, जमीनी स्तर पर परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था।

# किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार: मुंडा

**प्रात: किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बातचीत करने को तैयार है। श्री मुंडा ने मंगलवार को यहां कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बातचीत करने की आवश्यकता है ।सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। किसान नेताओं की कल देर रात केंद्रीय मंत्रियों के साथ चली बैठक बेनतीजा रही है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## भारत एशिया में बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य: उच्चायुक्त

ढाका/नई दिल्ली। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग की असली क्षमता सामने लाने में बहुस्तरीय संपर्क की अहमियत को बताया। उन्होंने कहा कि भारत आज एशिया में बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। वर्मा ने बांग्लादेश के राजशाही और भारत के मुर्शिदाबाद के बीच नौवहन संपर्क स्थापित करने वाले सुल्तानगंज बंदरगाह के सोमवार को उद्घाटन के बाद यह बात कही। जहाजरानी मंत्री खालिद महमूद चौधरी ने इस बंदरगाह का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय उच्चायुक्त ने कहा, हमारी साझेदारी का भविष्य कुशल बहुस्तरीय संपर्क सुविधा में निहित है। इसमें सड़क और रेल, अंतरदेशीय जलमार्ग और तटीय जहाजरानी शामिल है।

# सिंगापुर एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी सारंग टीम

**प्रात: किरण/एजेंसी**



नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर सोमवार को पहुंच चुकी है। इस एयर शो में पांच स्वदेशी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' भी अपनी हवाई क्षमता दिखाएंगे। भारतीय वायुसेना के हेवी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर क्क्क्रसे सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम को सिंगापुर ले जाया गया है। दो साल में एक बार होने वाला सिंगापुर एयर शो 20 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी को समाप्त होगा। इस शो में दुनिया भर के देशों की वायु सेनाएं शामिल होकर अपने-अपने हवाई करतब दिखाने की तैयारी के साथ पहुंच रही हैं। इसी शो में भारत की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने शानदार एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में किया गया था। इस टीम ने पहला अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक प्रदर्शन 2004 में एशियन एयरोस्पेस शो सिंगापुर में ही किया था। शुरूआत में तीन हेलीकॉप्टर फॉर्मेशन के रूप में गठित और विकसित हुई सारंग टीम अब एक रोमांचक पांच हेलीकॉप्टर प्रदर्शन का दावा करती है।

## मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान की शान में गढ़े कसीदे

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान जाकर भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी की जमकर बुराई की है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की शान में लगातार कसीदे गढ़। अय्यर ने तो यहां तक कह दिया कि भारत को पाकिस्तान ने बातचीत करनी चाहिए, लेकिन सर्जिकल स्ट्राइक का समय है मगर बातचीत का समय नहीं है। लाहौर के अलहमरा में फैज महोत्सव के दूसरे दिन कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि भारत के पास सर्जिकल स्ट्राइक की हिम्मत है, लेकिन बातचीत की नहीं। उन्होंने पाकिस्तान को भारत के लिए सबसे बड़ी ऐसेट बताया है। साथ ही कहा कि उनका पाकिस्तान जैसा स्वागत किसी और देश ने नहीं किया। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, मणिशंकर ने पाकिस्तान से बातचीत नहीं करने को पीएम मोदी की सबसे बड़ी गलती बताया है।

**यात्रा** | **देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी।**

# अमेठी, रायबरेली व वाराणसी में राहुल के साथ यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका

**प्रात: किरण/एजेंसी**



लखनऊ। कांग्रस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। जहां कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। गौरीगंज के बाबूगंज में राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। न्याययात्रा तेंदुआ में रात्रि विश्राम करेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी करने का दावा किया गया है। अमेठी के अलावा प्रियंका गांधी वाराणसी और रायबरेली के कार्यक्रमों में भी रह सकती हैं। वाराणसी में राहुल गांधी काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे तो वहीं रायबरेली में एक बड़ी जनसभा का आयोजन होना है। प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र ने न्याय यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा और मार्ग की जानकारी दी। बताया कि राहुल गांधी अठेहा से अमेठी कस्बा, सगरा तिराहा, बरामासी, ताला, टिकरिया बाईपास के रास्ते स्टेट बैंक, वी मार्ट, गौरीगंज कस्बा होते हुए बाबूगंज (निकट टोल प्लाजा ) पहुचेंगी। यहां पर जनसभा होगी। इसके बाद तेदुआ में यात्रा रात्रि विश्राम करके 20 फरवरी को रायबरेली के लिए रवाना होगी। राहुल गांधी की न्याय यात्रा 16 फरवरी को चंदौली से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी और पड़ाव में रात्रि विश्राम करेगी।

अगले दिन 17 को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से यात्रा शुरू होगी। इसी दिन प्रियंका गांधी के भी यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है। इसके बाद यह यात्रा भदोही, प्रतापगढ़ होते हुए 19 को अमेठी पहुंचेगी। 20 को फुर्सतगंज से यात्रा शुरू होगी, फिर रायबरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इन दोनों दिन भी प्रियंका गांधी उपस्थित रह सकती हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि प्रियंका गांधी से यूपी की पूरी यात्रा में मौजूद रहने की अपील की गई है। फिलहाल अभी एक से दो दिन उनकी मौजूदगी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि दोनों नेताओं के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक में रायबरेली सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कहा कि यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल,पश्चिम बंगाल, विहार,झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। कहा कि अमेठी गांधी परिवार की कर्मभूमि है। ऐसे में सभी की निगाहें अमेठी में यात्रा के पहुंचने के बाद सफलता पर टिकी है।

पूर्व मंत्री व प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि अमेठी में यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। संगठन प्रभारी मकसूद खान ने कहा संपूर्ण देश की निगाहें न्याय यात्रा को लेकर अमेठी की ओर है। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के हर घर पर जाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश दें। बैठक में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, अनिल सिंह, आशीष शुक्ल, डॉ अरविंद चतुर्वेदी, सेवादल,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,छात्र संगठन,अल्पसंख्यक सहित अन्य फ्रंटल संगठनों ने समेत सभी 17 ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# गठबंधन से बदलेंगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सियासी समीकरण

**प्रात: किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। उम्मीद के मुताबिक सोमवार को वह दिन आ गया, जब रालोद ने भाजपा से गठबंधन कर लिया। दोनों राजनीतिक दलों के गठबंधन की सूचना मिलते ही रालोद नेताओं के पास पार्टी में ज्वाइनिंग के लिए फोन बजने लगे, ज्वाइनिंग करने वालों में ज्यादातर मुस्लिम समाज के नेता हैं। जल्द ही तारीख निश्चित कर लोकसभा चुनाव से पहले रालोद में इन नेताओं की ज्वाइनिंग कराई जाएगी। लोकसभा चुनाव से पहले रालोद और भाजपा का गठबंधन होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सियासी समीकरण बदलेंगे। भाजपा उन सीटों पर भी मजबूती से चुनाव लड़ेगी, जहां पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती का आधार जाट के साथ ही मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन है। भाजपा से गठबंधन के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद का कुनबा बढ़ेगा, पार्टी को मजबूती मिलेगी तो इससे भाजपा को भी लोकसभा चुनाव में फायदा मिलेगा। जिले में कई नेता ऐसे हैं, जो भाजपा में शामिल होना चाहते थे, लेकिन जिला और महानगर स्तर के भाजपा नेताओं के विरोध के कारण वह भाजपा में शामिल नहीं हो पा रहे थे। ऐसे में ये नेता अब रालोद में शामिल होने की तैयारी में हैं, जिससे कि सत्ता का सुख हासिल कर सकें। इन नेताओं की पार्टी में ज्वाइनिंग रालोद के शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी के बाद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिक्रमण मुक्त स्थान पर तैनात की पुलिस



**हल्द्वानी , एजेंसी।** हरिद्वार में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा प्रकरण का जिक्र करते हुए मंच से अतिक्रमण मुक्त भूमि पर पुलिस थाना बनाने की घोषणा की थी।हल्द्वानी के बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में अतिक्रमण मुक्त जमीन पर पुलिस थाना बनेगा। जब तक इसकी तैयारी पूरी नहीं हो जाती तब तक वहां देखरेख चौकी का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने तत्काल प्रभाव से वहां पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। सोमवार को हरिद्वार में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा प्रकरण का जिक्र करते हुए मंच से अतिक्रमण मुक्त भूमि पर पुलिस थाना बनाने की घोषणा की थी। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि थाना स्थापित करने की प्रक्रिया में अभी समय लगेगा। प्रस्ताव बनाने से लेकर फोर्स की तैनाती व अन्य तरह की औपचारिकताएं जल्द शुरू करा दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि जब शासनादेश जारी नहीं हो जाता तब तक वहां देखरेख चौकी संचालित की जाएगी।

### बनभूलपुरा बवाल में घायल एक और व्यक्ति की मौत




**नैनीताल, एजेंसी।** आठ फरवरी को हुई हिंसा के दौरान घायल हुए बनभूलपुरा निवासी इशरार की इलाज के दौरान आज मौत हो गई है। इशरार के सिर में गोली लगी थी जो आर-पार हो गई थी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में गुरुवार शाम को अतिक्रमण हटाने को लेकर हुए बवाल के बाद प्रशासन ने उपद्रवियों के पैर में गोली मारने के आदेश जारी किए थे। हल्द्वानी हिंसा में पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि तीन लोगों का एसटीएच में इलाज चल रहा है। इनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। आज एक की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, आठ फरवरी को हिंसा के दौरान घायल हुए बनभूलपुरा निवासी अलबसर, इशरार और शहनवाज को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। तीनों की हालत गंभीर थी। इशरार के सिर में गोली लगी थी जो आर-पार हो गई थी और इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई है।

### वीवीआईपी की सुरक्षा में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**देहरादून, एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने सुरक्षा में नियुक्त सभी पुलिस अधिकारियों को रविवार को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी सुरक्षा में लापरवाही हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि निर्धारित समय से पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर, अपनी ड्यूटी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर लें। ड्यूटी स्थल व उसके आस-पास के स्थानों को भली-भांति चेक कर लिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों व उनके वाहनों को ही जाने की अनुमति दी जाए। ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न किया जाए और न ही बिना बताए अपने ड्यूटी प्वाइंट को छोड़ा जाए। वे सादी ड्रेस और वर्दी वाले दोनों पुलिस बलों को ब्रीफ कर लें। वीआईपी रूट प्रभारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से पूर्व ही संपूर्ण रूट व्यवस्था का भली प्रकार निरीक्षण कर मार्ग में हो रहे निर्माण कार्यों की किसी प्रकार की निर्माण सामग्री न पड़ी हो।

# गैरसैंण में बजट सत्र कराने के पक्ष में नहीं अधिकांश विधायक, स्पीकर को लिखा पत्र

**देहरादून, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव की तैयारियों के चलते धामी सरकार फरवरी में ही बजट सत्र आहूत करने की सोच रही है। लेकिन अभी तक जगह तय नहीं हुई है।

उत्तराखंड विधानसभा के अधिकांश विधायक ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानमंडल भवन में बजट सत्र आहूत करने के पक्ष में नहीं हैं। करीब 7841 फीट की ऊंचाई पर स्थित भराड़ीसैंण की कंपकंपा देने वाली ठंड ने अधिकांश विधायकों के वहां जाने के इरादों को ठंडा कर दिया है। 40 से अधिक विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस बार का बजट सत्र देहरादून में कराया जाए। बता दें कि विधानसभा ने ही यह संकल्प पारित कर रखा है कि बजट सत्र भराड़ीसैंण स्थित विधानमंडल भवन में ही होगा।



लोकसभा चुनाव की तैयारियों के चलते धामी सरकार फरवरी में ही बजट सत्र आहूत करने की सोच रही है। हालांकि अभी सरकार ने इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है, लेकिन आधिकारिक सूत्रों के हवाले से जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक 26 फरवरी से विधानसभा के बजट सत्र की घोषणा हो सकती है। लेकिन विधानसभा सत्र कहां होगा, इस बारे में तस्वीर अभी साफ नहीं है। पिछला बजट सत्र होने के बाद गैरसैंण में फिर कोई विधानसभा सत्र नहीं हुआ। पिछले एक साल के दौरान वहां सिर्फ 15 अगस्त, राज्य स्थापना दिवस या 26 जनवरी पर हुए समारोह ने वहां पसरे सन्नाटे को तोड़ा है।

ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित होने के बावजूद गैरसैंण से भराड़ीसैंण तक सिर्फ ठंड के सिवाय कोई सरगर्मी नहीं है। हालांकि उसके अवस्थापना विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा हुई थी। लेकिन सैकड़ों करोड़ के भव्य विधानमंडल भवन और आलीशान आवासीय परिसरों के निर्माण से आगे वहां सबकुछ ठहर सा गया है। 12 महीनों में सिर्फ चंद दिनों के लिए गर्मियों की यह राजधानी तभी गुलजार दिखती है कि जब सरकार यहां सत्र कराने पहुंचती है। सरकार के जाते ही फिर लंबा सन्नाटा पसर जाता है।

भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र का आयोजन होते कई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन सरकारें वहां कभी व्यवस्थाएं नहीं बना पाईं। इन्हीं बदइंतजामी के बहाने अब विधायकों से लेकर अफसर तक वहां जाने से परहेज कर रहे हैं। उनका तर्क है कि सर्द भराड़ीसैंण में फरवरी में सत्र होगा तो ठंड का प्रकोप और भीषण हो जाएगा, जिससे दिक्कतें आएंगी।

भराड़ीसैंण में इन दिनों काफी ठंड है। इससे वहां ड्यूटी पर तैनात होने वाले कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड कर्मचारियों को बहुत परेशानी होगी। इसलिए हम कई विधायकों के हस्ताक्षरित एक पत्र विधानसभा अध्यक्ष को दिया और उनसे अनुरोध किया है कि बजट सत्र देहरादून में आहूत करा लिया जाए और बाद में ग्रीष्मकालीन सत्र गैरसैंण में करा दिया जाए।

## कोचिंग जा रही बीएससी की छात्रा पर बाइक सवार युवकों ने किया जानलेवा हमला

**काशीपुर, एजेंसी।** कोतवाली के कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में सोमवार की शाम घर से कोचिंग जा रही बीएससी की छात्रा पर बाइक सवार दो युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर और शरीर पर काफी चोट आई है।

लहूलुहाल छात्रा को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसके बाद स्वजन ने उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मामले में हिंदू संगठन ने गैर समुदाय के युवकों पर आरोप लगाते हुए कोतवाली को घेराव किया। कोतवाल के जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। मोहल्ला खालसा निवासी 17 वर्षीय पूजा पुत्री खूब सिंह राधेहरि डिग्री कालेज में बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा है। पूजा अपनी छोटी बहन और सहेली के साथ सोमवार शाम बाद नागनाथ मंदिर स्थित गुरुद्वारे के पास कोचिंग के लिए पैदल जा



रही थी। इसी दौरान पक्काकोट स्थित बिजली घर के पास बाइक सवार दो युवकों ने छात्रा पूजा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंग युवकों ने उसके सिर और शरीर में लगातार कई वार किए। जिससे छात्रा जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार की आवाज सुनकर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित होते ही बाइक सवार आरोपित फरार हो गए। स्थानीय लोग घायल छात्रा को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी हालात गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उधर घटना के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिंदू संगठन के दर्जन भर लोग कोतवाली पहुंच गए।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज का दबदबा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** झंडा चौक स्थित भरत मंदिर में आयोजित वसंतोत्सव मेले में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कड़ी मशकत के बाद श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के बच्चों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता अपने नाम की।

सोमवार को झंडा चौक पर आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए बच्चों ने प्रतिभाग किया। एसीसी सीमेंट स्टेट हेड अरुण कुमार, सगन चौहान, एसपी सिंह, राजेश कुमार, अमरजीत सिंह, महेश गुप्ता, बसंत गुप्ता, विनय मनमीत और राम कृपाल गौतम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में गंगोत्री विद्या निकेतन ने द्वितीय स्थान, आवास-विकास विद्या मंदिर तृतीय, श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज की बी टीम चतुर्थ और श्री भरत संस्कृत महाविद्यालय की टीम पांचवें स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतिभाग करने वाले चंद्रेश्वर महादेव मंदिर की टीम को भी मौका मिला। इस मौके पर मेला संयोजक दीप शर्मा, सहसंयोजक हर्षवर्धन शर्मा, महंत वत्सल प्रपनाचार्य, वरुण शर्मा, विनय उनियाल, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, सुधीर कुकरेती, सुनील प्रभाकर, चेतन शर्मा, मेजर गोविंद सिंह रावत, डॉ. सुनील दत्त थपलियाल, लखविंदर सिंह, प्रवीन रावत, विकास नेगी आदि शामिल रहे।

## हरे पेड़ों की अवैध कटान मामले में मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** करानी में 35 हरे पेड़ों के अवैध कटान के मामले में उद्यान निरीक्षक ने 24 घंटे के भीतर भू स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

शुक्रवार को उद्यान सचल दल को अवैध कटान की सूचना मिली थी। विभाग की टीम ने मौके पर जाकर बगीचे का निरीक्षण किया। अवैध कटान की पुष्टि होने पर कोतवाली में सुबह तहरीर दी थी। उद्यान निरीक्षक वेदप्रकाश खर्कवाल ने बताया कि उनको ढकरानी में एक बगीचे में हरे पेड़ों की अवैध कटान की सूचना मिली थी। टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पेड़ों के अवशेष मिले। जांच करने पर आम के 35 पेड़ों की कटने की पुष्टि हुई।

बताया कि कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार कर मुख्य उद्यान निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी जोशी को भेजी गई। उनके निर्देश पर शनिवार सुबह कोतवाली में तहरीर दी गई।

# एयरपोर्ट पर टर्मिनल फेज टू भवन बनकर तैयार, सीएम धामी करेंगे उद्घाटन, मिलेगी यह सुविधा

**देहरादून, एजेंसी।**
एयरपोर्ट टर्मिनल फेज टू का शुभारंभ बीते शुक्रवार को किया जाना प्रस्तावित था। लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण अब बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल फेज टू बिल्डिंग का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ दिल्ली से वर्चुअल केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी जुडेंगे। फेज टू के निर्माण के बाद टर्मिनल 10 गुना बड़ा हो गया है।

एयरपोर्ट टर्मिनल फेज टू का शुभारंभ बीते शुक्रवार को किया जाना प्रस्तावित था। लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण अब बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। जिसके बाद फेज वन बिल्डिंग को प्रस्थान और फेज टू को आगमन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। नई बिल्डिंग में चार एयरोब्रिज भी बनाए गए हैं। जिससे हवाई यात्री धूप और बारिश से बचते हुए विमानों तक आवाजाही कर सकेंगे।

फेज वन और टू के टर्मिनल को करीब 460 करोड़ की लागत से बनाया है। जिसका करीब दो साल पहले निर्माण शुरू किया गया था। आठ अक्टूबर 2021 को केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फेज वन का लोकार्पण किया था। फेज वन में कुल 28729 हजार वर्ग मीटर उपलब्ध है। फेज टू को जोड़े जाने के बाद कुल जगह 42776 हजार वर्ग मीटर हो गई है। एयरपोर्ट टर्मिनल के फेज टू की पहली मंजिल पर आलीशान रेस्टोरेंट बनाया गया है। जिसमें यात्रियों के साथ ही आमजन भी चाय, कॉफी, नाश्ते कर सकेंगे। फेज टू के अंदर दो फव्वारे भी बनाए गए हैं। जिससे फेज टू और भी खूबसूरत दिखाई दे रहा है। टर्मिनल फेज टू का शुभारंभ मुख्यमंत्री और केंद्रीय नागर उड्डयन मंत्री बुधवार को करेंगे। जिसके बाद इस बिल्डिंग को यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। जिसके बाद देहरादून एयरपोर्ट पुराने टर्मिनल की तुलना में करीब दस गुना बड़ा हो जाएगा।

# बनभूलपुरा में चारों ओर खून बहा, उधर ब्लड बैंक में हो गई कमी

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
हल्द्वानी हिंसा में घायलों को इलाज के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ को एसटीएच रेफर किया गया। बवाल की रात सुशीला तिवारी अस्पताल में घायलों के उपचार में करीब 50 यूनिट ब्लड खर्च हुआ है। इस समय ब्लड बैंक में सिर्फ 64 यूनिट ही खून बचा है।

बनभूलपुरा बवाल में उपद्रवियों की ओर से कई पुलिसकर्मी, पत्रकार और नगर निगम कर्मचारी घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ को सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) रेफर किया गया। बवाल की रात सुशीला तिवारी अस्पताल में घायलों के उपचार में करीब 50 यूनिट ब्लड खर्च हुआ है। इस समय ब्लड बैंक में सिर्फ 64 यूनिट ही खून बचा है।

बवाल की रात बेस अस्पताल में करीब 250 से अधिक घायल मरीज उपचार के लिए पहुंचे। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। ऐसे मरीजों के उपचार में खून चढ़ने से ब्लड बैंक में खून का संकट हो गया है। एसटीएच की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सलोनी उपाध्याय ने बताया कि नेगेटिव ब्लड ग्रुप की काफी कमी हो रही है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनभूलपुरा में हुए बवाल के चलते घायलों का निशुल्क उपचार और जांच की गई। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में घायल मरीज भर्ती हैं। घायल पुलिसकर्मी से लेकर अन्य लोगों का इलाज निशुल्क हुआ है। इस दौरान कई लोगों के एक्स-रे और सीटी-स्कैन किए गए। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि बवाल के बाद अब तक करीब 200 घायल लोगों के एक्स-रे हुए है, वहीं सिर पर गंभीर चोट दिखने से छह लोगों के फ्री सीटी स्कैन हुए है। उन्होंने बताया कि घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं हुई है, जिन लोगो की चोट गहरी थी, उनकी समस्त जांचें की गई है। इनका उपचार स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क किया गया है।

## 13 फरवरी से शुरू होगा राफ्टिंग कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति टिहरी की ओर से 13 से 24 फरवरी तक तपोवन में राफ्टिंग व्यवसायियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। 12 दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश और देश के करीब 900 प्रतिभागी प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे, जो राफ्टिंग प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य की पहला बड़ा कार्यक्रम होगा।

जिला साहसिक पर्यटन अधिकारी टिहरी खुशाल सिंह नेगी और प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संजय महर ने बताया कि उत्तराखंड में जल पर्यटन और राफ्टिंग के क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। ऋषिकेश क्षेत्र विश्व पटल पर राफ्टिंग हब के रूप में उभर रहा है। राफ्ट, इसके प्रबंधक, संचालक, तकनीकी ज्ञान, कौशल, पर्यटन संवाद में विश्व स्तरीय मापदंडों के अनुसार अपने को तैयार करें।

# मुस्लिम धर्म गुरुओं पर भड़कीं डीएम वंदना, कहा- फोन बंद न करते तो नहीं होती हल्द्वानी हिंसा

**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी हिंसा के मामले में डीएम वंदना मुस्लिम धर्म गुरुओं पर भड़कीं। डीएम ने कहा कि बवाल के समय मुस्लिम धर्म गुरुओं ने अपने फोन बंद कर दिए थे, हालांकि मुस्लिम धर्म गुरुओं ने डीएम के आरोपों को खारिज किया है।

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। बनफूलपुरा इलाके में अभी भी कर्फ्यू जारी है। इस दौरान जिला प्रशासन ने अमन चैन कमेटी के तहत मुस्लिम धर्म गुरुओं की हल्द्वानी नगर निगम में एक बैठक बुलाई। बैठक में हल्द्वानी हिंसा के बाद के हालातों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुस्लिम धर्म गुरु ने जिला प्रशासन पर बिना मुस्लिम धर्म गुरुओं के सामंजस्य के जिला





प्रशासन अतिक्रमण तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को मामले को लेकर पहले ही मुस्लिम धर्म गुरुओं से बात करनी चाहिए थी। इस दौरान डीएम वंदना ने मुस्लिम धर्म गुरुओं को नसीहत दी।

डीएम वंदना ने कहा सरकारी भूमि पर मस्जिद और मदरसा बनाया गया था जो पूरी तरह से गलत था। सरकार उस भूमि को खाली करना चाहती हैं। एक तारीख को नोटिस जारी कर मदरसा और नमाज स्थल को खाली करने के निर्देश भी दिए गए। इसको लेकर धर्म गुरुओं के साथ बैठक भी हो चुकी है। सभी धर्म गुरुओं को इसे लेकर जानकारी थी। उन्होंने कहा मुस्लिम धर्मगुरुओं की ओर से जो आरोप लगाये जा रहे हैं वो पूरी तरह से गलत हैं। इस दौरान डीएम ने कहा जिस समय बनभूलपुरा में उपद्रव शुरू हुआ उस समय मुस्लिम धर्मगुरु से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तब सभी मुस्लिम धर्म गुरुओं ने अपने-अपने मोबाइल बंद कर दिये थे। अगर मुस्लिम धर्मगुरु उस समय पुलिस प्रशासन का सहयोग करते तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

## लाइलाज नहीं है लकवा, लक्षणों को न करें नजरअंदाज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हाथ से पकड़ी कोई भारी वस्तु अचानक नीचे गिर गई जाए, बातचीत करते-करते अचानक आवाज लड़खड़ाने लगे तो इन लक्षणों को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। यह संकेत लकवा (पैरालिसिस) के हो सकते हैं। ऐसे में बिना देर किए जनरल फिजीशियन या न्यूरोलॉजिस्ट से उचित परामर्श लें और समय रहते इलाज शुरू कराएं। एम्स में हर महीने 40-50 ब्रेन स्ट्रोक के मरीज भर्ती किए जाते हैं।

ब्रेन स्ट्रोक को सामान्य भाषा में लकवा भी कहते हैं। एम्स ऋषिकेश के न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों, इलाज में समय की महत्ता और बचाव की जानकारी न होने से कई बार यह जानलेवा साबित हो जाती है। लकवा के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देकर समय रहते इसका इलाज शुरू कर दिया जाए तो मरीज ठीक हो सकता है।

हार्ट अटैक की तरह ही यह एक प्रकार का दिमाग का अटैक होता है। इसमें हार्ट अटैक की तरह असहनीय दर्द न होने से रोगी इसे गंभीरता से नहीं लेता है।लापरवाही बरतने पर लकवा के इलाज में देरी का कारण बन जाता है। दिल से दिमाग तक खून ले जाने वाली नसों में खून का थक्का जम जाने (इस्केमिक स्ट्रोक) या दिमाग की नसों में खून का रिसाव होने से लकवा हो जाता है।

अचानक से एक तरफ के हाथ या पैर में कमजोरी, चेहरे का तिरछा हो जाना, आवाज या चाल का लड़खड़ाना, आंख की रोशनी चली जाना इसके तात्कालिक लक्षण हैं। दिमाग का दायां हिस्सा बायीं तरफ और बायां हिस्सा दायीं तरफ के हाथ-पैर और चेहरे को कंट्रोल करता है। दिमाग के इन हिस्सों को खून की पूर्ति अलग-अलग नलियों (धमनी) से होती है। नली में थक्का जमने या खून के रिसाव होने से जिस भाग को नुकसान होता है, मरीज में उस अंग की कमजोरी या कार्य क्षमता में कमी आ जाती है।स्ट्रोक के इलाज में समय का बहुत महत्व है। लकवा पड़ने के शुरुआती साढ़े चार घंटे, विंडो पीरियड या सुनहरे घंटे कहे जाते हैं।

# सड़कों पर कीलें और तारें, कई लेयर की बैरिकेडिंग

## किसानों को हुई फंडिंग, आंदोलन में घुसे थे खालिस्तान समर्थक; 2021 के उपद्रव को लेकर पूर्व पुलिस कमिश्नर ने बताया बहुत कुछ





### किसानों की दिल्ली में एंट्री रोकने की फुल तैयारी

कीलबंदी, लोहे की तार से फेंसिंग, कंक्रीट की बैरिकेडिंग, सड़कों की खोदाई, ड्रोन से निगरानी, कंटेनरों की दीवार और सुरक्षाबलों का पहरा, ये नजारा किसी दुश्मन देश से सटी देश की सीमा का नहीं बल्कि दिल्ली की तमाम सीमाओं का है।

दिल्ली में मंगलवार को किसानों के दिल्ली चलो मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए हरियाणा और यूपी से सटी सीमाओं पर कई लेयर में बैरिकेडिंग की गई है। तस्वीरों में देखें इस बार किसानों को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने कैसे इंतजाम कर रखे हैं...

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राकेश कुमार सिंह, नई दिल्ली। 13 फरवरी से किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान ने लोगों को 2021 की घटना की यादें ताजा कर दी है। इस बार दिल्ली पुलिस ने पिछली बार की तरह सुरक्षा में कोई चूक नहीं करना चाह रही है, जिससे किसान दोबारा दिल्ली में घुसकर पहले की तरह की उपद्रव मचाकर लोगों के लिए खतरा पैदा कर सकें।

पिछली बार किसानों को शुरू में कई बड़े किसानों व आढ़तियों ने उकसाने व उन्हें फंडिंग करने का काम किया था। बाद में अच्छा अवसर देख खालिस्तान समर्थक भी घुस आए थे और फिर एक राजनीतिक पार्टी ने आंदोलन को हाईजेक कर किसानों को मोहरा बना जमकर फंडिंग की थी। केंद्र सरकार को बदनाम करने व दिल्ली का माहौल बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

किसानों को उकसाने और फंडिंग के सबूत मिले दिल्ली पुलिस के तत्कालीन पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव से हुई विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की जांच में किसानों को उकसाने व फंडिंग किए जाने के स्पष्ट सबूत मिल गए थे। इसके बाद ही करीब 20 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे।

वही देश विरोधी चेहरे किसानों के पीछे मुख्यालय सूत्रों की मानें तो इस बार भी पुलिस को पूरा शक है कि पिछली बार जो देश विरोधी चेहरे किसानों के पीछे थे, अमूमन वही चेहरे इस बार भी उनके पीछे हैं जो किसानों को उकसा रहे हैं और देश विरोधी हरकतें करने के लिए उनपर दबाव बना रहे हैं। दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय एजेंसियां इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

**यूपी-हरियाणा में ही किसानों को रोकने की कोशिश**

एसएन श्रीवास्तव का कहना है कि पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि हरियाणा व उत्तर प्रदेश में ही किसानों को रोकने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। अगर 2021 में भी इस तरह किया जाता, तब किसान दिल्ली की सीमाओं तक नहीं आ पाते और कई महीने तक सीमाओं पर बैठकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए परेशानी नहीं खड़ा कर पाते।

तब किसान तेजी से पहुंच गए दिल्ली किसानों का जत्था जब पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से दिल्ली के लिए निकला था तब तेजी से वे दिल्ली की सीमाओं तक आ गए थे। कहीं भी उक्त राज्यों की पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की थी। इससे सीमाओं पर आकर उन्होंने घर बनाकर बसेरा डाल दिया था।

दिल्ली ने मजबूत तरीके से रोके किसान दिल्ली पुलिस ने बहुत ही मजबूत तरीके से सिंघु, टीकरी, गाजीपुर व औचंदी समेत अन्य सभी छोटे बड़े सीमाओं पर पहली बार बैरिकेडिंग कर किसानों को दिल्ली आने से रोक दिया था। पहली बार जर्सी बैरियर, लोहे के कंटीले तार, डंपर, कंटेनर लगाए गए थे। सड़कें भी खोद दी गई थी।

**आंदोलन में खालिस्तान समर्थक भी घुसे**

पुलिसकर्मियों ने कोई ऐसा बल प्रयोग नहीं किया, जिससे किसी किसान की मौत हो गई हो। कोरोना व सर्दी के कारण कुछ किसानों की मौत जरूर हो गई थी। जांच में यह बात सामने आइ थी कि शुरू में किसानों को कई बड़े किसानों व आढतियों ने फंडिंग करना शुरू किया बाद में खालिस्तान समर्थक भी घुस आए थे।

**आंदोलन हुआ हिंसक**

इसके बाद आंदोलन को हिंसक रूप देने की कोशिश की गई। फिर एक राजनीतिक पार्टी व कुछ वामपंथी विचार धारा के नेताओं ने पर्दे के पीछे से गलत हवा देने की भरपूर कोशिश की थी। किसानों ने जब गणतंत्र दिवस के दिन रैली निकालने की बात कही तब किसानों के विभिन्न संगठनों के बड़े नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस के आला अधिकारियों की कई बार इस मसले को लेकर बैठकें हुई।

**किसान नेताओं ने दिया था लिखित आश्वासन**

नेताओं ने लिखित में आश्वासन दिया था कि वे पुलिस द्वारा सुझाए मार्गों से ही रैली निकालेंगे उसके बाद उन्हें सिंघु, टीकरी व गाजीपुर सीमाओं से रैली निकालने की सशर्त अनुमति दी थी। इन तीनों जगहों से 60-60 किलोमीटर के दायरे में रैली निकालने की बात तय हुई थी। उन्हें रूट भी बता दिए गए थे लेकिन दिल्ली में प्रवेश करते ही किसानों ने जहां तहां घुसकर भारी उपद्रव मचाना शुरू कर दिया था। बाद में किसान नेताओं की मांग पर केंद्र सरकार के निर्देश पर उपराज्यपाल ने किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे वापस भी ले लिए गए।

# महीनों से नहीं मिला वेतन, नगर निगम कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम के शाहदरा साउथ जोन स्थित कार्यालय पर निगम कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एक निगम कर्मी ने बिल्डिंग से कूद कर जान देने की कोशिश की, लेकिन समय रहते साथी कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। वेतन की मांग को लेकर किए गए इस प्रदर्शन ने मेयर शैली ओबेरॉय के उस दावे की पोल खोल कर रख दी, जिसमें उनकी तरफ से लगातार दावा किया जा रहा था कि निगम के सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा रहा है। वेतन की मांग को लेकर पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शाहदरा साउथ कार्यालय पहुंचे निगम कर्मियों ने उपायुक्त अंशुल सिरोही से मुलाकात की। लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी निगम कर्मियों को सिर्फ आश्वासन ही मिला। इस दौरान एक कर्मचारी निगम की बिल्डिंग से कूदने की कोशिश की, लेकिन समय रहते कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को समझा बुझाकार शांत कराया। यूनियन नेता शशि बाला ने बताया कि शाहदरा जोन में कार्यरत तकरीबन 480 अस्थायी कर्मचारियों को 3 से 6 महीने से वेतन नहीं मिली है। अधिकारी ऑनलाइन प्रकिया का बहाना बना रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने बताया कि तीन महीने से भी ज्यादा समय से वेतन नहीं मिला है। यूनियन नेता ने कहा कि वे लोग रोजाना निगम अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे हैं, कोई ना कोई बहाना बनाकर टाल दिया जाता है, दफ्तर में रिश्वत मांगी जाती है। अब घर चलाना मुश्किल हो गया है। अब तो लोग कर्ज तक नहीं दें रहें है। बच्चों का स्कूल फीस भरना मुश्किल हो गया है, बिजली कंपनी कनेक्शन काटने की धमकी दे रही है। वह लोग भूखे पेट रहकर काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी सूध कोई नहीं ले रहा है।

# आप ने कांग्रेस को दिल्ली में 1 सीट ऑफर कर उसकी जमीनी स्थिति का एहसास कराया : दिल्ली भाजपा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

विपक्षी गठबंधन इंडिया में लगातार फूट नजर आ रही है। अब आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सात लोकसभा सीट में से केवल एक सीट पर कांग्रेस को चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। इसको लेकर दिल्ली बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है।

बीजेपी ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसाः दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने आज दिल्ली में 1 लोकसभा सीट की पेशकश करके कांग्रेस को उसकी जमीनी स्थिति का एहसास कराया है। दिल्ली कांग्रेस के उन नेताओं के मुंह पर तमाचा है, जो अपनी एक दो सीट के लिए आप नेताओं का गत दिनों से तुष्टिकरण करते रहे हैं। कांग्रेस की आज यह स्थिति रह गई है कि छोटी छोटी पार्टियाँ भी यह मानती है कांग्रेस से गठबंधन करने से उन्हें कोई राजनीतिक लाभ नहीं है।उन्होंने कहा कि आप-कांग्रेस गठबंधन हो या ना हो पर दिल्ली की सातों लोकसभा सीट 65% से अधिक मत लेकर भाजपा जीतेगी। हमने कांग्रेस को प्रस्ताव दिया है कि हम 6 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे-

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ : दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ का कहना है कि हमने प्रस्ताव दिया है कि हम 6 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और पूरे सम्मान के साथ हम कांग्रेस को एक सीट की पेशकश कर रहे हैं और अगर (सीट-बंटवारे) वार्ता समाप्त नहीं होती है हम जल्द ही इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने के बारे में सोचेंगे।

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में कहा था दिल्ली की जानता चाहती है सातों लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी जीते। बता दें कि राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी अपने राष्ट्रीय विस्तार की संभावनाएं तलाश रही है। दिल्ली में भी लोकसभा चुनाव में पार्टी अपना खाता खोलकर धमक दिखाना चाहती है। हालांकि, पिछले दोनों वर्ष 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अपना खाता नहीं खोल पाई थी।

# न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली/रेवाड़ी। रेवाड़ी के गुड़ियानी गाँव स्थित न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल ने अपना वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में छात्रों, माता-पिता, शिक्षकों, और महान अतिथियों की उत्साही भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश राज्य मंत्री के अलावा लक्ष्मण सिंह यादव विधायक कोसली, जिला रेवाड़ी, राम पाल यादव हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष, चेयरमैन शीला यादव, डायरेक्टर राकेश यादव, प्रिंसिपल प्रोमिला, जितेंद्र यादव, राजबीर सिंह यादव, सुधीर सर, विजेन्द्र यादव की उपस्थिति रही। इस दौरान बच्चों के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। आपको बातदें कि न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल, रेवाड़ी एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान है जो छात्रों को एक संपूर्ण शिक्षा अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है। मिस्टर विवेक वर्ष्णेय शैक्षणिक निदेशक ने कहा कि वार्षिक दिवस के अवसर पर हम 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से हमारी अगली चरण की नई पहल की घोषणा करते हुए खुश हैं। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल जूनियर स्तर के आईआईटी-जेईई, नीट और एनडीए और सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आधारभूत बैच की शुरूआत कर रहा है। इस दौरान ओम प्रकाश को उनकी उपस्थिति से और शिक्षा और युवा विकास के लिए उनके अटल समर्थन के लिए गहरा आभार व्यक्त किया है। न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक दिवस का उत्सव केवल एक समागम नहीं है, यह हमारे शैक्षणिक समुदाय में उद्दीपन और प्रतिभाओं के महत्वपूर्ण स्थान का विशाल समारोह है।

# विश्व पुस्तक मेले में सऊदी अरब के मंडप का शुभारंभ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के प्रगति मैदान में आजकल इंसान की सबसे अच्छी दोस्त कही जाने वाली किताबें लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। मौका है नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले-2024 का, जिसमें इस बार सऊदी अरब मुख्य अतिथि के तौर पर भाग ले रहा है। मेला परिसर में मंगलवार को सऊदी अरब के मंडप का उद्घाटन किया गया।

10-18 फरवरी तक नई दिल्ली के प्रगति फेयर स्क्वायर में चलने वाले इस पुस्तक मेले में साहित्य, प्रकाशन और अनुवाद आयोग के नेतृत्व में कई सऊदी संस्थाएं, सऊदी संस्कृति को उजागर करने के उद्देश्य से मेले में भाग ले रही हैं। साहित्य, प्रकाशन और अनुवाद आयोग के सीईओ डॉ. मोहम्मद हसन अलवान ने जोर देकर कहा कि सऊदी संस्कृति और रचनात्मकता विभिन्न रूपों में दुनिया तक पहुंची है। इस पुस्तक मेले में भाग लेकर सऊदी अरब संस्कृतियों के बीच संवाद को बढ़ावा देना और अपनी उस संस्कृति की विशिष्टता और रचनात्मकता को उजागर करना चाहता है जिसकी जड़ें प्राचीन इतिहास में निहित हैं। अलवान ने कहा कि सऊदी मंडप में भाग लेने वाली सांस्कृतिक संस्थाएं लोगों के बीच रचनात्मक संवाद जारी रखने में योगदान देंगी, जिसमें सऊदी विजन 2030 के अनुरूप सऊदी संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का लक्ष्य तय किया गया है। मेले के दौरान सेमिनार और संवाद सत्र सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सऊदी लेखक राष्ट्रीय प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय देंगे और सऊदी संस्कृति पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के मौके पर सऊदी संगीत एवं प्रदर्शन कला और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजन भी पेश किए जाएंगे। मंडप में पुस्तकों और पांडुलिपियों का प्रदर्शन मेले में आगंतुकों को राज्य की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराएगा।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पुरस्कार समारोह आयोजित

नई दिल्ली। हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित एवं शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार द्वारा अनुशंसित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पुरस्कार समारोह 2023-24 दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक कुमार, आईएएस (शिक्षा सचिव, दिल्ली सरकार) मुख्य अतिथि रहे एवं श्रीमती रेणु सिंह (प्रधानाचार्या, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा), डॉ. ज्वाला प्रसाद, निदेशक, गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति, दिल्ली, सतीश शर्मा, प्रमुख, प्रेरणा प्रकाशन, डॉ. उमेश चंद्र पाठक, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार, महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अशोक कुमार ने कहा कि भाषा सहज और सरल हो तो जुड़ाव होता है सतीश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतियोगिता की भावना ही हिन्दी को आगे लेकर जाएगी। डॉ. ज्वाला प्रसाद ने वर्तमान समय को हिन्दी का समय बताया और कहा कि हिन्दी आत्मसम्मान की भाषा है। डॉ. उमेश पाठक ने हिन्दी को वर्तमान बाजार की जरूरत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल कुमार शर्मा (निदेशक, हिंदी विकास मंच) ने किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त भारत के लगभग 100 विद्यार्थियों, 50 हिंदी शिक्षकों एवं 25 प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।

### अनूप जलोटा के भजनों को सुनने उमड़ी भीड़

नई दिल्ली। पद्मश्री अनूप जलोटा के चाहने वालों के लिए आज की शाम खास रही। आद्या इंटरटेंमेंट की ओर से सत्य साई सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में अनूप जलोटा के गीतों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची हुई थी। अपने भजनों से लोगों के दिलों पर राज करने वाले अनूप जलोटा ने कार्यक्रम की शुरूआत ह्यकाशी बदली, अध्योध्या बदली..ह्न गीत से की। इस गीत को शुरू करने से पहले उन्होंने कहा कि मैं जब अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने गया तो जिस तरह की भाव पैदा हुई थी, उसे ही इस गीत के माध्यम से आप सब के सामने रख रहा हूं।

# खूंखार गैंगस्टर्स को हथियार सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिला स्पेशल स्टाफ ने दिल्ली-हरियाणा के खूंखार गैंगस्टर्स को हथियार सप्लाई करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया प्रवीण उर्फ पिन्नी उर्फ पोनी है। इसने उत्तराखंड के देहरादून के एक इंस्टिट्यूट से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया हुआ है। यह ड्रग्स का आदी है। गाड़ी चोरी में जेल गया। यह यूपी के बागपत से पिस्टल-कारतूस लाकर गैंगस्टरों को सप्लाई करता था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। शाहदरा जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अवैध हथियार की मांग को देखते हुए वह हरियाणा के गैंगस्टर्स को हथियार सप्लाई करने लगा। यह वेस्टर्न यूपी के बागपत जिले से सस्ते दामों में हथियार खरीद कर महंगे दामों में हरियाणा में बेच देता था। पकड़े गए पिस्टल-कारतूस वह बागपत के पवन से लेकर आया था।

# रोबोट से कैसे बुझेगी आग!, दिल्ली फायर ब्रिगेड से समझने बेंगलुरु से आए ऑफिसर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में आग की घटनाओं में कई बार रोबोट का इस्तेमाल किया गया है। बड़ी-बड़ी आग की घटनाओं में रोबोट के जरिए आग पर काबू पाने में दिल्ली फायर सर्विस को मदद मिली है। यह देश का पहला राज्य है जहां पर छोटे और बड़े दोनों तरह के रोबोट उपलब्ध हैं। जबकि छोटे रोबोट वाला राज्य एक मात्र दिल्ली है। यहां इस समय छोटे रोबोट की संख्या छः है। जबकि बड़े की संख्या दो है।

रोबोट से आग कैसे बुझाया जाता है?, इसका कैसे इस्तेमाल किया जाता है?, इसको जानने, समझने के लिए कर्नाटक से फायर ब्रिगेड के आलाधिकारियों की टीम राजधानी दिल्ली पहुंची। जो अधिकारी बेंगलुरु से दिल्ली आए हैं उनमें कर्नाटक होमगार्ड के डिप्टी कमांडेंट डायरेक्टर आईपीएस अक्षय, कर्नाटक स्टेट इमरजेंसी सर्विस के डिप्टी डायरेक्टर यासिर अली कौसर हैं।

रोबोट से कैसे बुझेगी कर्नाटक में आग!, दिल्ली फायर ब्रिगेड से समझने बेंगलुरु से आए ऑफिसर

यहां सेंट्रल दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हेड क्वार्टर में उन्होंने दिल्ली फायर सर्विस के हेड डायरेक्टर अतुल गर्ग, चीफ फायर ऑफिसर वीरेंद्र सिंह, डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर डॉ. संजय तोमर, असिस्टेंट डिविजनल ऑफीसर हेड क्वार्टर सोमवीर सहित कई फायर ऑफिसरों के साथ मीटिंग की। उसके बाद उन्होंने दिल्ली फायर हेड क्वार्टर के कैंपस में रोबोट के द्वारा कैसे आग पर काबू पाया जाता है, इसका डेमोंसट्रेशन देखा। बता दें कि रोबोट का इस्तेमाल उन जगहों पर किया जाता है, जहां पर फायरकर्मी को जान का खतरा होता है। 2022 में दिल्ली फायर सर्विस ने बड़ा रोबोट खरीदा था। उसके अगले साल 2023 में फिर छोटा रोबोट भी खरीदा। अभी दिल्ली फायर सर्विस के पास कुल आठ रोबोट हैं। छोटा रोबोट संकरे रास्ते, झुग्गी बस्तियों, बेसमेंट में आसानी से पहुंच सकता है, इसलिए उसकी डिमांड ज्यादा रहती है। फायर अधिकारी के मुताबिक, इस रोबोट में हाई क्वालिटी का कैमरा भी लगा होता है। जिससे कि अंदर आग वाली जगह पर क्या स्थिति है, उसको पूरा देखा जाता है। फिर इसमें लगे हुए पाइप लाइन का इस्तेमाल होता है। जिससे की रोबोट को अंदर भेजकर पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया जा सके। कैमरे से यह भी बेनिफिट होता है कि अंदर कोई केजुअल्टी है या नहीं?, अंदर की सिचुएशन क्या है? इसको बाहर तैनात फायर की टीम देख सकती है।

# यंग इंडिया तय करेगा 2024 चुनाव का एजेंडा, 28 फरवरी 2024 को जंतर-मंतर पर रैली का किया आह्वान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के रायसीना रोड स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में देशव्यापी यंग इंडिया रेफरेंडम के नतीजे जारी किए गए। यंग इंडिया रेफरेंडम का उद्देश्य छात्रों और युवाओं की शिक्षा और रोजगार और उससे जुड़ी उनकी चिंताओं को उजागर करने के लिए उनका मत जानना था। यंग इंडिया रेफरेंडम बीते 7 से 9 फरवरी के बीच देश भर के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों में मतदान के माध्यम से आयोजित किया गया था।साथ ही संगठन ने 28 फरवरी 2024 को जंतर मंतर पर रैली करने की घोषणा की है।

छात्र और युवाओं ने इस मतदान के मार्फत अपना मैंडेट देते हुए केंद्र सरकार को दो टूक जवाब दिया हैं। जो पिछले 10 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मानजनक रोजगार तक सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। जिसके ऊपर एक 10 सूत्रीय चार्जशीट जारी किया गया है। जिसमें सरकार पर बड़े पैमाने पर फीस वृद्धि और बेरोजगारी की स्थिति उत्पन्न करने, छात्र विरोधी, एफवाईयूपी लागू करने, सामाजिक न्याय से समझौता करते हुए अल्पसंख्यकों और वैज्ञानिक मनोवृति पर हमला करने का आरोप लगाया गया। साथ ही विभिन्न प्रगतिशील छात्र संगठनों द्वारा एक यंग इंडिया चार्टर भी जारी किया गया।

मोदी सरकार के 10 साल, यंग इंडिया के 10 सवाल और जुमला नहीं जवाब दो, दस साल का हिसाब दो जैसे नारे के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा, पटना विश्वविद्यालय, मणिपाल विश्वविद्यालय, सहित देश के कई अन्य कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों सहित छात्रावास एवं छात्र इलाकों में यंग इंडिया रेफरेंडम आयोजित किया गया।

अखिल भारतीय जनमत संग्रह का उद्देश्य 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर छात्रों और युवाओं की राय जानना था। जनमत संग्रह एक अखिल भारतीय हस्ताक्षर अभियान के बाद आयोजित किया गया था। जिसके माध्यम से छात्रों और नौकरी चाहने वालों ने मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से उनके दस वर्ष के शासन पूरे होने पर दस सवाल पूछा हैं।

छात्रों ने यंग इंडिया जनमत संग्रह पर उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की और सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मानजनक रोजगार के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने वार्षिक शुल्क वृद्धि, जरूरतमंद छात्रों के लिए छात्रावास और छात्रवृत्ति के प्रावधान और मोदी के हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने के वादे से संबंधित सवालों पर मतदान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिक्षक और सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. लक्ष्मण यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा हमारे परिसरों को जेलों में तब्दील किया जा रहा है। मैं एक पूर्व प्रोफेसर हूं क्योंकि विश्वविद्यालय अब अपने परिसर के अंदर लोकतांत्रिक विचारधारा वाले लोगों को नहीं रखना चाहता है और यह योजना अब यूनिवर्सल बनाया जा रहा है।

महिला और नागरिकता अधिकार कार्यकर्ता नताशा नरवाल ने कहा कि शिक्षा का एक मुक्तिगामी उद्देश्य है। छात्रों को आलोचनात्मक सोच सीखनी चाहिए और सामाजिक अन्याय पर सवाल उठाना शुरू करना चाहिए। हालांकि, मौजूदा शासक ने सक्रिय रूप से सार्वजनिक शिक्षा के इस पहलू को नष्ट करने की कोशिश की है। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में आंदोलन के छात्र कार्यकर्ता अपूर्वा ने भी प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, लोकतांत्रिक भारत के लिए युवा भारत का आह्वान सरकार को जवाबदेह ठहराने से शुरू होता है। हमें नौकरियों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की नहीं।

### निगम की आप सरकार भ्रष्टाचार में व्यस्त : राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली की खराब होती सफाई व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी पर बड़ा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी के निगम के एक वर्ष के शासन में सी एंड डी संयंत्रों की सुध लेने वाला कोई भी नही है। दिल्ली में जगह जगह मलबे के ढेर लगे हुए हैं और दिल्ली की मेयर साहिबा प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी की अकर्मण्यता के चलते दिल्ली के नागरिक नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय झूठी गारंटियां देकर आप पार्टी निगम की सत्ता में तो आ गई लेकिन काम के नाम पर दिखाने के लिए उनके पास कुछ भी नही है। आप पार्टी के पार्षद बस भ्रष्टाचार के जरिए अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं और दिल्ली की जनता त्रस्त है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी की कार्यशैली का कड़ा विरोध करती है व आप पार्टी को चेतावनी देते है कि वो अपने कार्य करने का तरीका सुधार लें।

### 75 अपराधों से जुड़े शातिर अपराधी, को 13 साल से बाद किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी जिला एएटीएस स्टाफ ने 13 साल से फरार चल रहे एक घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी विजय कुमार उर्फ गंजा है। इस पर 75 आपराधिक मामले दर्ज है। इसके गिरोह के सदस्य चार पहिया वाहनों की चोरी करने के बाद चोरी की गाडिं को नेपाल में बेच देते थे। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि एएटीएस स्टाफ की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस के अलावा मुखबिरों की मदद से उन आरोपियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की, जोकि कोर्ट की कार्रवाई से बच रहे थे। इसी बीच टीम ने गुप्त सूचना के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी विजय कुमार है। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी कोर्ट की कार्रवाई से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने व नाम बदल रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अपने अन्य सहयोगियों की मदद से विजय उर्फ गांजा गैंग के नाम से अपना गिरोह बनाया था।

# ऑटो-लिफ्टर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

नई दिल्ली। थाना नंद नगरी पुलिस टीम ने एक ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी हरीश उर्फ लल्ली है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की 2 बाइक बरामद की है। उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की ने बताया कि 11 फरवरी शाम को गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। वह पुलिस को देखकर मौके से भागने के लिए अचानक यू-टर्न ले लिया। पुलिस ने पीछा किया और कुछ दूरी पर पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता का खुलासा किया।


75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** | रेल भवन के ग्राउंड, पहली, दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी मंजिल पर टेली सुविधाओं और पीएई सिस्टम का नवीनीकरण/उन्नयन। |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** | रु. 7,25,82,930.91/- मात्र |
| **धरोहर राशि :** | रु. 5,12,900.00/- मात्र |
| **कार्यालय का पता :** | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 11.03.2024, 15.00 बजे तक |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

No.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-990 दिनांक: 12.02.2024 467/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आम आदमी पार्टी की पीएसी की बैठक हुई, साउथ गोवा और गुजरात की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी का एलान

### अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आयोजित पीएसी की बैठक में लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ने और जीतने पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को साउथ गोवा और गुजरात की दो लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर कोई निष्कर्ष नहीं निकलने के बाद आज आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पीएसी की बैठक हुई और प्रत्याशियों के एलान का निर्णय लिया गया। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने बताया कि साउथ गोवा सीट से बेंजी बिगास, गुजरात के भरूच से चैतर वसावा और भावनगर से उमेश भाई मकवाना आप के प्रत्याशी होंगे। हमें उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन इसे स्वीकार करेगा। दिल्ली में कांग्रेस की लोकसभा और विधानसभा में जीरो सीट है। इसलिए यहां उसकी एक भी सीट नहीं बनती है। फिर भी हम दिल्ली की 7 में से एक सीट कांग्रेस को ऑफर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आप पूरी ईमानदारी से इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और इसे सफल बनाने के लिए हम पूरी ताकत झोंक देंगे। सीट शेयरिंग पर भरे मन से कहा कि आप और कांग्रेस के बीच अब तक केवल दो बैठकें हुई हैं और दोनों बेनतीजा रहीं हैं। पिछले एक माह से हम अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं, ताकि कोई निष्कर्ष निकाला जा सके, लेकिन कांग्रेस कुछ स्पष्ट नहीं कर रही है।

हम पार्टी के बजाय देश हित की चिंता करते हुए इंडिया गठबंधन में आए हैं, हमारे लिए देश महत्वपूर्ण है, पार्टी नहीं- डॉ. संदीप पाठक

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़कर जीतने और इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर गंभीर विचार-मंथन हुआ। पीएसी की बैठक में हुए निर्णयों की आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब पहली बार इंडिया गठबंधन के आइडिया को देश के सामने लाया गया था, तो पूरा देश बहुत उत्साहित हुआ था। देश के एक बहुत बड़े वर्ग में एक उम्मीद जगी थी। नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार का उद्देश्य अपनी पार्टी को आगे बढ़ाना रह गया है, उनका उद्देश्य देश को आगे बढ़ना नहीं है। ऐसी स्थिति में जब इंडिया गठबंधन बना तो पूरे देश में उत्साह दिखा था। इंडिया गठबंधन का उद्देश्य यही था कि सभी घटक राजनीतिक दलों को एक साथ आकर, अपने स्वयं के राजनीतिक हितों की चिंता किए बगैर देश हित को ध्यान में रखकर इंडिया गठबंधन को चुनाव लड़ा कर और जिताकर जनता को एक अच्छी सरकार देने का था। हम भी जब इस इंडिया गठबंधन में आए तो हमारी भी एक ही इच्छा थी कि अपनी पार्टी के हितों के बारे में नहीं सोचना है, देश के बारे में सोचना है। देश महत्वपूर्ण है, पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है। इसी उद्देश्य से हम भी इस गठबंधन में आए।

चुनाव जीतने के लिए समय पर प्रत्याशियों की घोषणा और चुनाव की प्लानिंग समेत अन्य मुद्दों पर बात करना जरूरी होता है- डॉ. संदीप पाठक सांसद डॉ. संदीप पाठक ने स्पष्ट करते हुए कहा कि हम पूरी ईमानदारी, ताकत और लगन से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और गठबंधन को सफल बनाने के लिए हम अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। ईश्वर ने हमें जो कुछ भी शक्ति दी है, उस पूरी ताकत से इसे सफल बनाने में लगेंगे। लेकिन हमें इंडिया गठबंधन का उद्देश्य भी समझना होगा। इसका उद्देश्य साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ना, जितना और देश को एक नया विकल्प देना है। अगर चुनाव लड़ना और जितना गठबंधन के पवित्र उद्देश्य का आधार है तो चुनाव लड़ने से संबंधित सारी चीजे महत्वपूर्ण हो जाती हैं। मसलन, समय पर प्रत्याशियों की घोषणा करना, चुनाव प्रचार की प्लानिंग करना, चुनाव को कैसे आगे बढ़ाया जाए समेत अन्य मुद्दों के बारे में सभी को मिलकर बातचीत करते रहना जरूरी है।

सीट शेयरिंग पर होने वाली बैठक को लेकर कांग्रेस नेताओं में कोई क्लियरिटी नहीं है- डॉ. संदीप पाठक

उन्होंने कहा कि इंडिया एयरलाइंस में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच अभी तक 8 जनवरी और 12 जनवरी के आसपास दो ही ऑफिशियल बैठक हुई है। यह दोनों बैठकों में बहुत अच्छे वातावरण में सारे मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। सीट शेयरिंग को लेकर इन दो बैठकों के अलावा पिछले एक महीने में कोई भी मीटिंग नहीं हुई है। हमें बैठक का इंतजार करते-करते एक महीने हो चुके हैं कि अगली बैठक में कुछ निर्णय निकलेगा और बात आगे बढ़ेगी। हमें बताया गया कि कांग्रेस की यात्रा चल रही है। इसलिए शुरू में बैठक में देर हो रही है और हम इंतजार करते रहे। इस बीच हमें कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेताओं से मिलने का भी मौका मिला, लेकिन उनको भी बैठक को लेकर कोई क्लीयरिटी नहीं है कि अगली बैठक कब होगी। अब एक महीने से ज्यादा हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अगर आपका उद्देश्य चुनाव जीतना है तो मन में प्रश्न उठता है और चिंता भी होती है कि इस तरह से चुनाव जीतना तो बड़ा मुश्किल हो जाएगा। यही चिंता है, जिसके कारण आज मुझे यहां बड़े भारी मन से प्रेस कांफ्रेंस करके सारी बातें कहने की जरूरत नहीं पड़ रही है। अगर हम सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत करते रहे होते तो आज इसकी जरूरत नहीं होती।

आप असम में पहले ही तीन प्रत्याशी घोषित कर चुकी है और वो चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं- डॉ. संदीप पाठक डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि कुछ दिन पहले ही आप ने असम में अपने तीन प्रत्याशियों की घोषणा की थी। मैं उम्मीद करता हूं कि इंडिया गठबंधन उसे स्वीकार करेगा। हमारे तीनों प्रत्याशी चुनाव की तैयारियों में पूरी शिद्दत से जुट गए हैं और बहुत अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। समय को देखते हुए आज आम आदमी पार्टी साउथ गोवा से अपने एक प्रत्याशी की घोषणा करती है। बेनोलिम विधानसभा से आप विधायक बेंजी बिगास को प्रत्याशी बनाया गया है। मैं उम्मीद करता हूं कि इंडिया गठबंधन इसको स्वीकार करेगा और इसकी अनुमति देगी। गोवा विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की दो सीटें आई थी और दोनों सीटें साउथ गोवा में हैं। हमारे दोनों विधायक बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और वहां लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। वहीं, कांग्रेस के गोवा में फिलहाल तीन विधायक हैं इसमें से दो विधायक साउथ गोव और एक नॉर्थ गोवा से है। इसलिए आम आदमी पार्टी को गोवा में एक सीट मिलनी चाहिए और जीत का उद्देश्य रखते हुए आप ने प्रत्याशी की घोषणा की है। गुजरात में आप के 5 और कांग्रेस के 17 विधायक हैं, इसलिए हमने इंडिया गठबंधन से एक तिहाई 8 लोकसभा सीटें मांगी है- डॉ. संदीप पाठक

डॉ. संदीप पाठक ने आगे कहा कि गुजरात में भी आम आदमी पार्टी आज दो प्रत्याशियों की घोषणा कर रही है। इसमें से भरूच लोकसभा सीट से पहले ही हमने चैतर वसावा को प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

## ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव का आयोजन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

● राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एस नयोल को चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

नई दिल्ली (अशोक कुमार निर्भय)। ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन ने दिल्ली के गुरु हरि किशन मार्ग दिल्ली में अपने 23वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नयोल मुख्य अतिथि रहे। इस वार्षिकोत्सव में दिल्ली कार डीलर्स एसोसिएशन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुंजाल ने चांदी की मुकुट पहना कर पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र उढ़ाकर स्वागत किया। वार्षिकोत्सव का आरम्भ दीप जलाकर किया गया। इस वार्षिकोत्सव में तमिलनाडु,महाराष्ट्र ,मध्य प्रदेश,राजस्थान समेत भारत के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से आये पदाधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस नयोल ने अपने संबोधन में कहा कि हमने लंबा संघर्ष किया है और समय - समय पर सरकार के सामने अपनी मांगों को मीडिया और संगठन के माध्यम से रखा और उन मांगों को मनवाया है। अभी ट्रेड लाइसेंस कुछ को मिल गए हैं और अपनी कुछ को मिलने बाकी हैं। हम चाहते हैं कि सभी कार डीलर्स भाइयों को यह ट्रेड लाइसेंस जल्द मिले ताकि व्यापार में वृद्धि हो सके। हमने इस वर्ष - सिपनी के साथ करार किया है मुझे लगता है सिपनी हमारी आशा और आकांक्षा पर खरी उतरेगी। मेरा मानना है की सारे व्यापारियों के व्यापार में इस वर्ष वृद्धि जरूर होगी। इस मौके पर कार डीलर्स,मीडिया और महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस वार्षिकोत्सव में सभी ने सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लिया।

### पीडब्ल्यू ने 51,000 विद्यार्थियों की फीस माफ की

नई दिल्ली। फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए 51,000 विद्यार्थियों की पूरी फीस माफ कर दी है। उन्होंने कहा है कि यह कदम आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए उठाया गया है। फीस माफी की कुल रकम 17 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि संस्था 2020 से अपनी स्थापना के बाद से देश के दूरदराज के इलाकों तक शिक्षा को सुलभ बना रहा है।

## उपचार में लापरवाही के लिए गंगाराम अस्पताल, पांच चिकित्सकों पर 7.20 लाख रुपये का जुमार्ना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (डीएससीडीआरसी) ने उपचार में लापरवाही के लिए सर गंगाराम अस्पताल और उसके पांच चिकित्सकों को एक मृत महिला मरीज के पति को 7.20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि उन्होंने उपचार की मानक पद्धति का पालन किए बिना महिला मरीज का एक प्रयोग के रूप में इस्तेमाल किया। आयोग ने मृतका को हुई शारीरिक पीड़ा के लिए 5.10 लाख रुपये, उसके पति को हुई मानसिक परेशानी के लिए 1.20 लाख रुपये और मुकदमे की लागत के रूप में 90,000 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। आयोग ने कहा कि अस्पताल व चिकित्सकों ने गलत निदान किया और ऑपरेशन के बाद मरीज को उचित देखभाल प्रदान करने में विफल रहे।

उपभोक्ता आयोग ने पति द्वारा दायर एक शिकायत पर यह आदेश पारित किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अस्पताल और उसके चिकित्सकों की ओर से लापरवाही और पेशेवर कदाचार के कारण 18 जून, 2015 को उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई।

डीएससीडीआरसी की अध्यक्ष न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सहगल की पीठ ने कहा कि अस्पताल शिकायतकर्ता को उसकी पत्नी के पूरे मेडिकल रिकॉर्ड उपलब्ध कराने से पहले दो महीने से अधिक समय तक इंतजार कराने के लिए कोई स्पष्टीकरण देने में विफल रहा।

नौ फरवरी के फैसले में पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता बसंत लाल शर्मा ने मरीज की मौत से पहले किए गए मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट मांगी थी लेकिन प्रथम दृष्टया बिना किसी कारण के मामले को लटकाए रखा गया।

अपने समक्ष मौजूद साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए पीठ ने कहा कि विपक्षी पक्षों (अस्पताल और पांच डॉक्टरों) ने या तो मरीज की तिल्ली नहीं हटाई और सर्जरी के लिए मरीज से गलत तरीके से शुल्क वसूल लिया, या गलत परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर गलत पोस्ट-ऑपरेटिव उपचार किया क्योंकि तिल्ली बरकरार थी। पीठ ने कहा, क्लीनिकल रिपोर्ट (मृत्यु रिपोर्ट) कहती है कि लीवर सामान्य से अधिक आकार का है। हालांकि अल्ट्रा साउंड रिपोर्ट स्पष्ट कहती है कि लीवर सामान्य आकार का है। फिर से यह भ्रमित आचरण का संकेत है। उसने कहा, डॉक्टरों की टीम जो कि विपक्षी पक्ष है, वे इंसानी जिंदगी से जुड़ा मामला देख रहे थे, ये कोई प्रयोग का मामला नहीं था। डॉक्टर, मरीज का इलाज करते हुए चिकित्सा उपचार के मानकों का पालन किए बिना उसे प्रायोगिक स्थल के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते। इसने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से अस्पताल और डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. अंबुज गर्ग, डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. सुधीर कल्हान और डॉ. प्रकाश शास्त्री को (प्रत्येक को) मुकदमेबाजी लागत के रूप में 15,000 रुपये (कुल 90,000 रुपये), मानसिक पीड़ा के लिए 20,000 रुपये (कुल 1.20 लाख रुपये) का भुगतान करने का निर्देश दिया।

## नशे में धुत लोगों ने एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर की हत्या, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी की एक संकरी गली में पांच लोगों ने 25 वर्षीय एक व्यक्ति की सबके सामने चाकू घोंपकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने नशे की हालत में उस व्यक्ति की हत्या की। उसने बताया पीड़ित की पहचान आजाद के रूप में हुई है, जिसे चाकू लगने से कई जख्म हो गए, जिनकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार आजाद की मोटरसाइकिल को आरोपियों ने धक्का मारकर गिरा दिया था जिसके बाद आजाद की आरोपियों से बहस हो गई। एक अधिकारी ने बताया हमलावर नशे में थे, उन्होंने आजाद की मोटरसाइकिल को नीचे गिरा दिया। जब आजाद ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने आजाद पर चाकू और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें आरोपियों को आजाद पर हमला करते देखा जा सकता है। घटना से राहगीरों में दहशत फैल गई और वे डरकर भागने लगे।

अधिकारी ने कहा कि पांच आरोपियों में से तीन को मंगलवार को तड़के पकड़ लिया गया और बाकी दो को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं। घटना के बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दिल्ली में विवेकानंद अध्ययन केंद्र का शुभारंभ, एक मार्च से शुरू होगा फाउंडेशन ऑफ मशीन लर्निंग कोर्स

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में सोमवार को विवेकानंद अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसके उद्घाटन के लिए माउंट एवरेस्ट विजेता मीनू कालीरमन और पहलवान संग्राम सिंह को अतिथि के रूप में बुलाया गया था। इस अवसर पर विवेकानंद अध्ययन केन्द्र के संयोजक डॉ. धीरज कुमार सिंह ने बाताया कि जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज की तरफ से शुरू होने वाले 40 घंटे के सर्टिफिकेट कोर्स-फाउंडेशन ऑफ मशीन लर्निंग की जल्दी ही शुरूआत की जाएगी। धीरज कुमार ने बताया कि यह कोर्स एक मार्च से शुरू होगा। इसमें 100 सीटें होंगी। सप्ताह में एक दिन दो घंटे की ऑनलाइन क्लास होंगी। कोर्स के दो स्पीकर अमेरिका से भी जुड़ेंगे और उद्योग से जुड़े हुए लोग भी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। पूरा कोर्स ऑनलाइन होगा। यह कोर्स छात्रों की कॉलेज की पढ़ाई से अलग होगा। उन्होंने बताया कि इस अध्ययन केन्द्र का लक्ष्य है युवाओं का सर्वांगीण विकास करना एवं उन्हें जीवन और समाज को देखने व समझने के सकारात्मक पक्ष की ओर ले जाना।

धीरज कुमार ने बताया कि, आधुनिक भारत के निमार्ताओं में से एक विवेकानंद हर पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा-स्रोत हैं। उन्होंने जो अनुभव किया वही कहा। जो कहा वही लिखा। अपने कहने-करने में कभी भेद नहीं किया। समाज के सकारात्मक पक्ष को अपनाया और युवाओं को ऐसा करने की प्रेरणा दी। सही अर्थों में वह आधुनिक भारत के पहले यूथ आइकॉन भी थे। वे केवल सन्त ही नहीं, एक महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक और मानव-प्रेमी भी थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। शायद इसीलिए गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने कभी कहा था कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िये।

## ऑनलाइन टिकट बुकिंग वाले कुछ यात्री परेशान, टिकट पर लिखे शब्द कर रहे कनफ्यूज, रेलवे बोर्ड पहुंची शिकायत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



ऑनलाइन टिकट बुकिंग में गड़बड़ी की शिकायत रेलवे बोर्ड तक पहुंची है। टिकट में दिल्ली के बाद ब्राइकेट में (नई दिल्ली) लिखे होने के कारण यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच जाते हैं। इससे उनकी ट्रेन छूट जाती है। ऐसे कई मामले रेलवे अधिकारियों के पास आए हैं। यात्रियों की शिकायत पर अधिकारियों ने इस गड़बड़ी की शिकायत रेलवे बोर्ड से कर इसमें सुधार की मांग की है।

यदि कोई यात्री ट्रेन से दिल्ली से गंतव्य तक जाने के लिए ऑनलाइन टिकट बुक करता है। ट्रेन पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से है तो दिल्ली के बाद ब्रेकट में नई दिल्ली लिखा आ रहा है। इससे यात्री कन्फ्यूज होकर ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में उनकी ट्रेन छूट जाती है। अब तक इस वजह से कई यात्रियों की ट्रेन छूट चुकी है।

ट्रेन छूटने के बाद यात्रियों को टिकट कैंसिल करानी पड़ती है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस तरह की शिकायतें रेलवे अधिकारियों के पास आ चुकी हैं। रेलवे अधिकारियों ने इसकी शिकायत रेलवे बोर्ड में की है। यदि दिल्ली के बाद ब्राइकेट में लिखे (नई दिल्ली) शब्द को टिकट से हटा दिया जाए तो इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

बता दें कि आनंद विहार या हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन की ट्रेनों के ऑनलाइन टिकट पर इस तरह की समस्या नहीं है। उन टिकट पर फ्राम की जगह सिर्फ आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन के साथ ब्राइकेट में स्टेशन का कोड लिखा होता है। इससे यात्री कन्फ्यूज नहीं होते हैं। बता दें कि आजकल बड़ी संख्या में लोग इंटरनेट से ट्रेनों का टिकट बुक करते हैं। बहुत कम लोग ही रेलवे के काउंटर पर जाकर ट्रेन का आरक्षित टिकट लेते हैं।

## मनीष सिसोदिया जेल में रहकर लड़ सकते हैं पूर्वी दिल्ली से लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। हेडलाइंस पढ़कर आप सोच रहे होंगे क्या ऐसा संभव है, जी हाँ ऐसा संभव है संविधान के मुताबिक जब तक किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा कारावास की सजा नहीं सुनाई गई हो और वह जेल में बंद है लोकसभा, राज्यसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ सकता है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल यह एलान कर चुके हैं कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की सातों सीटें जीतेगी। यानी इशारा कर चुके हैं वे अब गठ्बन्धन का इन्तजार नहीं करने वाले और और अकेले ही चुनावी जंग में कूदेगें। ऐसे में अरविन्द केजरीवाल के सामने नामचीन लोगो को ही प्रत्याशी बनाने की मजबूरी रहने वाली है। वे भलीभांति जानते हैं विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जमीन आसमान का अंतर होता है। दोनों चुनावों के मुद्दे भी अलग-अलग रहते हैं। और लोकसभा के प्रत्याशी भी दमदार होने चाहिए कम से कम ऐसे तो हों जिन्हें क्षेत्र के लोग नाम से तो जानते ही हों। और इस मामले में आज की तारीख में मनीष सिसोदिया ऐसा नाम है जिन्हें दिल्ली तो क्या देशभर में लोग जान चुके है। और यदि उन्हें प्रत्याशी बनाया जाता है तो मीडिया की सुर्खियाँ उन्हें मिलना लाजमी है। आर या पार की सियासत में माहिर अरविन्द केजरीवाल इस तरह के फैंसले लेने में माहिर है। अरविन्द केजरीवाल को आपदा में भी अवसर तलाशने का मास्टर माना जाता है। वे यह अच्छे से जानते हैं मनीष सिसोदिया को मिलने वाली पब्लिसिटी से आम आदमी पार्टी ना केवल पूर्वी दिल्ली में अपितु देश भर के मीडिया में सुर्खियाँ बटोरेगी। और मनीष की बीमार पत्नी जब चुनावी जंग या प्रचार में कूदेगी तो पूरी पार्टी का प्रचार तन्त्र सहानुभूति को लहर में बदलने तथा मनीष को बेगुनाह साबित करने में जुट जाएगा।

## किसानों का हक नहीं कुचलने देंगे : आप

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी( आप) ने कहा कि किसानों के हक नहीं कुचलने देंगे इसलिए दिल्ली सरकार ने स्टेडियम को जेल में बदलने का प्रस्ताव ठुकराया। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर लिखा किसानों के हक नहीं कुचलने देंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी सरकार के दिल्ली के स्टेडियम को जेल में बदलने का प्रस्ताव ठुकराया। आखिरी दम तक आप किसानों के साथ खड़ी है।

आप राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा चौधरी चरण सिंह जी की किसान कौम आज एमएस स्वामीनाथन जी के सुझाव लागू करवाने के लिए सड़क पर हैं। इन दोनों महापुरुषों को भारत रत्न से हाल ही में सम्मानित किया गया था। उम्मीद है किसानी उत्थान के लिए इनके वर्षों के संघर्ष का अपमान नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी समेत अन्य माँगों को लेकर विभिन्न राज्यों से आज दिल्ली आने का आह्वान किया है हालांकि दिल्ली पुलिस उन्हें राजधानी में प्रवेश ना करने देने को लेकर पुख़्ता इंतजाम किए हैं।

## नगर निगम अधिकारियों से सड़कों से आवारा जानवरों को पूरी तरह हटाने की उम्मीद नहीं: उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि नगर निगम अधिकारियों से राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों से बंदरों और कुत्तों सहित आवारा जानवरों को पूरी तरह से हटाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अदालत ने कहा है कि नगर निगम अधिकारियों का कर्तव्य यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस, ईमानदार और इष्टतम कदम उठाना है कि आवारा जानवरों का पुनर्वास किया जाए और वे निवासियों, राहगीरों या सड़क पर चलने वाले वाहनों के लिए खतरा न बनें। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने समस्या से उचित तरीके से निपटने के लिए 2019 में अदालत द्वारा पारित निर्देशों का पालन करने में विफल रहने के लिए अधिकारियों के खिलाफ एक अवमानना याचिका का निपटारा करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

उच्च न्यायालय ने सात फरवरी को जारी अपने आदेश में कहा, यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि नगर निगम अधिकारी दिल्ली की सड़कों और नगर निगम क्षेत्रों से सभी आवारा जानवरों को पूरी तरह से हटा देंगे, चाहे मवेशी हों या बंदर अथवा कुत्ते हों या अन्य जानवर।

उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सितंबर 2019 के आदेश में कहा था, हम प्रतिवादियों से उम्मीद करते हैं कि आवारा मवेशियों, आवारा कुत्तों, बंदरों आदि के संबंध में तुरंत एक समिति या अन्य प्रकार की संस्था का गठन किया जाएगा, ताकि वे इन आवारा मवेशियों, कुत्तों और बंदरों को नियंत्रित करने के लिए कोई योजना या नीति विकसित कर सकें। इसके बाद कार्रवाई तुरंत शुरू की जाएगी।

इसने कहा था कि यह प्रतिवादियों का कर्तव्य है कि वे सरकारी अस्पतालों या औषधालयों में एंटी-रेबीज टीकाकरण की व्यवस्था करें। इसने कहा था कि इन अस्पतालों और औषधालयों में टीके जल्द से जल्द उपलब्ध कराये जाएं। अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई संबंधी याचिका में याचिकाकर्ता एस. सी. जैन ने आरोप लगाया कि 2019 के निर्देशों का पर्याप्त अनुपालन नहीं हुआ है।

अदालत ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट में शामिल दावे 2019 के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए पर्याप्त हैं, जिन्हें सार्थकता की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा, किसी भी घटना में, प्रतिवादियों की ओर से दायर की गई स्थिति रिपोर्ट के मद्देनजर यह नहीं कहा जा सकता है कि 25 सितंबर, 2019 के आदेश में निहित निर्देशों के अनुपालन में उनकी ओर से अपमानजनक या जानबूझकर अवज्ञा की गई है। अवमानना और क्रियान्वयन में अंतर है। इसने कहा, यदि याचिकाकर्ता अभी भी उठाए गए कदमों से नाखुश है, तो वह उचित कार्यवाही के जरिये शिकायत दर्ज कराने के लिए स्वतंत्र होगा।

## दिल्ली ओलंपिक गेम्स में बच्चों ने लिया बढ़चढ़ कर भाग : राजन वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली संघठन के अंतर्गत दिल्ली ओलंपिक्स गेम्स 2024 आयोजित की गई और इस खेल का आयोजन पैनकेक सिल्ट खेल प्रबंधन द्वारा दिल्ली के मानसरोवर गार्डन में शहीद बिशन सिंह मेम.सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इसमें मार्शल आर्ट कोचेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (नवीन शाहदरा) के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 17 बच्चों ने अपने प्रदर्शन दिए जिसमें गोल्ड मेडल लाने वाले बच्चे अनिका जैन, सानवी त्रिका, प्रकृति जैन, सम्राट अरोड़ा, मोक्षा कपूर है और सिल्वर मेडल लाने वाले बच्चे गौरिक मित्तल, मानव शर्मा, रियांश गुप्ता, अनहद, आश्वी जैन, अद्वित त्रिखा, सिद्धि मित्तल है तथा सलोनी ढींगरा, मित्तल वाची, अनमोल सिंघल ने ब्रॉन्ज मेडल लाया। वहीं प्रसुक जैन और आर्यन चतुर्वेदी ने भी भाग लिया। बच्चों ने अपने लगन और मेहनत के साथ इस खेल में सफलता प्राप्त की। मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स अनुराग ठाकुर ने आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## वेस्टर्न वोकल सोलो में डीयू ने पाया पहला स्थान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



रोहतक में आयोजित 37वें अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव 2024 में दिल्ली विश्वविद्यालय ने वेस्टर्न वोकल सोलो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की टीमों ने कुल 6 श्रेणियों में अलग-अलग पुरस्कार प्राप्त किए। अब डीयू मार्च-अप्रैल 2024 में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने इन उपलब्धियों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी प्रतिभागियों और कल्चर काउंसिल को बधाई दी। दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद की संचालन समिति के अध्यक्ष अनूप लाठर ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में 37वें अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव 2024 का आयोजन इस बार हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में किया गया था। इस में दिल्ली विश्वविद्यालय ने 17 श्रेणियों में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में से 6 श्रेणियों के तहत डीयू के विद्यार्थियों ने पुरस्कार जीते हैं। संस्कृति परिषद के डीन प्रो. रविंदर कुमार ने बताया कि वेस्टर्न वोकल सोलो की श्रेणी में दिल्ली विश्वविद्यालय के रोशेल जॉन ने पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल सोलो में जरघम अकरम खान ने दूसरा स्थान हासिल किया। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो वर्ग में जैदित्य झा ने तीसरा स्थान हासिल किया। शास्त्रीय नृत्य वर्ग में डीयू के आदित्य आर ने भी तीसरा स्थान हासिल किया। रंगोली में डीयू की खुशबू कुमारी सिंह ने चौथा स्थान हासिल किया और ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में पुष्पम कुमार ने 5वां स्थान हासिल किया।

प्रो. रविंदर कुमार ने बताया कि युवा महोत्सव का समापन मंगलवार को रोहतक में हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन मुख्यातिथि थे और एमडीयू (रोहतक) के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. रविंदर कुमार (डीन, संस्कृति परिषद), डॉ. हेमंत वर्मा (संयुक्त डीन, संस्कृति परिषद), डॉ. रिगजिन कांग और डॉ. सुकन्या टिकादार (टीम प्रभारी), डॉ. सुनील और डॉ. गुरजीत सिंह (सहायक स्टाफ) ) के रूप में उपस्थित रहे।

## चुनावी एजेंडे के साथ संसद सत्र का समापन

संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया है। आखिरी दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गई। इससे एक दिन पहले सरकार की ओर से यूपीए सरकार के 10 साल के राज पर पेश किए गए श्वेत पत्र पर चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि कैसे मनमोहन सिंह की सरकार के समय देश की अर्थव्यवस्था का भट्ठा बैठ गया था। सत्र शुरू होने से पहले सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें बताया गया था कि पिछले 10 साल में देश कितनी तेज रफ्तार से तरक्की कर रहा है। इस बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान दोनों सदनों में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस शासन की कथित विफलताओं और परिवारवाद पर जोरदार हमला किया था। इस तरह 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में 18वीं लोकसभा के चुनाव का एजेंडा तय कर दिया गया। सरकार की उपलब्धियों के बखान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से कांग्रेस को अटैक किया उससे जाहिर हो गया कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद भाजपा के प्रचार के प्रमुख मुद्दों में से एक होंगे। इसके बाद श्वेत पत्र में मनमोहन सिंह सरकार की विफलताओं और उस समय चर्चा में आए 15 घोटालों का जिक्र किया गया। एक बार फिर भाजपा इन घोटालों को उजागर करेगी। इसके बाद राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा उठा और संसद की कार्यवाही से पूरे देश में इसका संदेश दिया गया। इस तरह चुनावी एजेंडा तय करके सत्र का समापन हुआ।

## भारत रत्न की राजनीति

जयंत चौधरी का रुख पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह संकेत है कि ज्यादातर विपक्षी नेताओं की प्राथमिकता अपना और अपने परिवार का हित है। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं। आरएलडी के नेता जयंत चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार ने उनके दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उनका दिल जीत लिया है। इसके पहले वे कह चुके थे कि अब भाजपा उन्हें अपने गठबंधन में बुलाती है, तो वे किस मुंह से उस न्योते को ठुकराएंगे! यह कहते हुए चौधरी अपने उन पूर्व बयानों को भूल गए, जिनमें उन्होंने मौजूदा केंद्र सरकार पर किसान विरोधी और सांप्रदायिक होने के इल्जाम लगाए थे। चौधरी का यह रुख असल में पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह इसका संकेत है कि विपक्ष के ज्यादातर नेता अपने और अपने परिवार के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं। केंद्र ने ऐसे तालमेल बिठाने के लिए अब देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न को औजार बना लिया है। अपने सियासी समीकरण बिठाने के लिए एक महीने के अंदर उसने पांच दिवंगत शख्सियतों को यह सम्मान प्रदान कर दिया है। जिन व्यक्तियों सम्मानित किया गया है, उनमें सिर्फ एमएस स्वामीनाथन ही गैर-सियासी हैं। हालांकि उनके सम्मान को भी तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी प्राथमिकताओं से जोड़कर देखा जा सकता है। यह बात पहले से स्पष्ट है कि भाजपा की आज की कामयाबियों का एक बड़ा कारण 1990 के दशक में उभरी तीनों प्रमुख परिघटनाओं- मार्केट, मंदिर और मंडल को अपने में समाहित कर लेना है। ऐसे में पीवी नरसिंह राव, लालकृष्ण आडवाणी और कपूर्री ठाकुर/ चौधरी चरण को सम्मानित करना उसके वर्तमान राजनीतिक समीकरणों से पूरी तरह मेल खाता है। जातीय प्रतिनिधित्व और प्रतीकों की राजनीति को साधने की वह महारत हासिल कर चुकी है। चूंकि विपक्ष नए सिरे से अपनी राजनीति का पुनर्आविष्कार करने में विफल रहा है, इसलिए भाजपा की इस कामयाबी ने ज्यादातर विपक्षी दलों और नेताओं को लगभग अस्त्र-विहीन बना दिया है। चूंकि भारत रत्न और अन्य नागरिक सम्मानों का अपने शासनकाल में उन्होंने भी सियासी मकसदों से इस्तेमाल किया था, इसलिए वे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के कथित अवमूल्यन पर आज शोर मचाने की स्थिति में भी नहीं हैं।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बिहार की ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति परियोजना का उद्घाटन करेंगे

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, श्री गिरिराज सिंह 13 फरवरी, 2024 को बिहार में बेगुसराय जिले के ब्लॉक बरौनी में पपरौर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत, स्मार्ट ग्राम पंचायतः ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति नामक प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह अग्रणी पहल ग्रामीण संपर्क में एक आदर्श बदलाव लाने और बिहार के केंद्रीय क्षेत्रों में एक डिजिटल क्रांति को उत्प्रेरित करने का वादा करती है। बेगुसराय बिहार में इस डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व करने वाला पहला जिला बनने के लिए तैयार है जहां सभी ग्राम पंचायतें पीएम-वाणी योजना के अंतर्गत वाई-फाई सेवाओं से सुसज्जित होंगी। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत वित्त पोषित प्रायोगिक परियोजना का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिहार में बेगुसराय और रोहतास जिलों के 37 प्रखंडों में 455 ग्राम पंचायतों तक प्रधानमंत्री की वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) सेवा का विस्तार करना है। यह पहल स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ प्राप्त करने की प्रतिबद्धता पर बल देती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों के दैनिक कार्यों में प्रौद्योगिकी और दूरसंचार का एकीकरण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल विकास और आजीविका क्षेत्रों में परिवर्तनकारी परिणामों का वादा करता है। इस पहल से विशेष रूप से विद्यार्थियों, किसानों, कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को लाभ होगा। इस कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन, जिला पंचायत के अधिकारियों और परियोजना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, जो डिजिटल परिवर्तन और डिजिटल रूप से सहयोगात्मक प्रयास के अंतर्गत सक्षम; डेटा-संचालित और जन-केंद्रित स्थानीय स्वशासन हस्तक्षेप पर प्रकाश डालता है। बिहार सरकार का पंचायती राज विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के सहयोग से, प्रगति और प्रदर्शन की निगरानी के लिए समय-समय पर समीक्षा के साथ-साथ परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन और संचालन सुनिश्चित करेगा। समय के साथ परियोजना के प्रभाव को बनाए रखने के लिए संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) के लिए मजबूत व्यवस्था स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। स्मार्ट ग्राम पंचायतः ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति परियोजना संपर्क के एक नए युग की शुरूआत करती है, ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटती है और स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को प्रोत्साहन देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल उपलब्धता के माध्यम से, एक समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत का दृष्टिकोण एक महत्वपूर्ण प्रगति को आगे बढ़ाता है। पीएम-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) योजना के अंतर्गत सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट के माध्यम से निर्बाध और विश्वसनीय वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं तक पहुंच के साथ, ग्राम पंचायतें विभिन्न विकासात्मक पहलों को सुविधाजनक बना सकती हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास, आर्थिक अवसर आदि जैसे कई तरीकों से अपने समुदायों को सशक्त बना सकती हैं। ग्राम पंचायतें डिजिटल विभाजन को पाटने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, और एक विश्वसनीय वाई-फाई इंटरनेट सेवा असंबद्ध लोगों को जोड़ने के इस दायित्वपूर्ण और तेज तरीके का उपयोग करके ग्राम पंचायतों में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक है। निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करके, पंचायती राज मंत्रालय ने ग्राम पंचायतों को सशक्त भारत के दृष्टिकोण में सार्थक योगदान देने, सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल युग में विकास और समृद्धि के अवसरों तक पहुंच प्राप्त है।

# बिहार में एक बार फिर क्रास ब्रीड सरकार....

**बिहार की सियासत का नैतिकता से कोई लेना-देना कम से कम पिछले तीन दशक से तो नहीं रहा, लेकिन तेजस्वी ने ये कोशिश की, सत्तारूढ़ भाजपा-जेडीयू की सरकार ने राजद के तीन विधायकों को जबरन क्रास वोटिंग के लिए विवश कर अपनी सरकार को औंधे मुंह गिरने से तो बचा लिया किन्तु इस कोशिश में ये नया और अनैतिक गठबंधन बुरी तरह लहू-लुहान हो गया। यहां तक कि भाजपा और जदयू के पांच विधायक भी अब सरकार के निशाने पर आ गए हैं और उप मुख्यमंत्री सिद्धार्थ सिंह उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव तक सत्ता के सूत्र भाजपा को अपने हाथ में चाहिए थे इसमें उसे कामयाबी मिली, लेकिन आगे इस गठबंधन का क्या हाल होगा, ये देखने वाली बात है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में संसद में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य घोषित कर दरअसल फंस गयी है। ये लक्ष्य पाने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगना पड़ रहा है। भाजपा की खस्ता हो चुकी बुर्जों की मरम्मत में अब यहां-वहां से समेटकर रोड़े लगाए जा रहे है। बिहार में जदयू के रोड़े बटोरे गए हैं और महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिव सेना और एनसीपी के रोड़े भाजपा के काम आ रहे हैं। भाजपा एक तरफ अपनी ध्वस्त बुर्जों की मरम्मत कर रही है दूसरी तरफ कांग्रेस समेत विपक्ष की तमाम बुर्जों पर प्रहार कर रही है और जमकर प्रहार कर रही है।**





**राकेश अचल-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

यकीन मानिये की सियासत पर न लिखने का बिलकुल मन नहीं होता, किन्तु देश की सियासत में हर रोज कुछ न कुछ ऐसा घटित हो जाता है की मन मारकर उस पर लिखना ही पड़ता है। झारखंड की सियासत के बाद बिहार की सियासत में बहुत कुछ हो चुका है और एक बार फिर से महाराष्ट्र की बारी है। बिहार में एक बार फिर विधानसभा में क्रास वोटिंग की वजह से क्रास ब्रीड सरकार बन गयी। इसके लिए मै बिहार की जनता को बधाई नहीं दे सकता। मै बधाई देना चाहता हूँ विश्वास मत प्रस्ताव के दौरान हारे राजद के तेजस्वी यादव को, क्योंकि उन्होंने डाकू सुल्ताना बनने के बजाय बाबा बनना पसंद किया और सत्ता का सफेद घोड़ा नीतीश कुमार को ले जाने दिया। बिहार की सियासत का नैतिकता से कोई लेना-देना कम से कम पिछले तीन दशक से तो नहीं रहा, लेकिन तेजस्वी ने ये कोशिश की, सत्तारूढ़ भाजपा-जेडीयू की सरकार ने राजद के तीन विधायकों को जबरन क्रास वोटिंग के लिए विवश कर अपनी सरकार को औंधे मुंह गिरने से तो बचा लिया किन्तु इस कोशिश में ये नया और अनैतिक गठबंधन बुरी तरह लहू-लुहान हो गया। यहां तक कि भाजपा और जदयू के पांच विधायक भी अब सरकार के निशाने पर आ गए हैं और उप मुख्यमंत्री सिद्धार्थ सिंह उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव तक सत्ता के सूत्र भाजपा को अपने हाथ में चाहिए थे इसमें उसे कामयाबी मिली, लेकिन आगे इस गठबंधन का क्या हाल होगा, ये देखने वाली बात है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में संसद में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य घोषित कर दरअसल फंस गयी है। ये लक्ष्य पाने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगना पड़ रहा है। भाजपा की खस्ता हो चुकी बुर्जों की मरम्मत में अब यहां-वहां से समेटकर रोड़े लगाए जा रहे है। बिहार में जदयू के रोड़े बटोरे गए हैं और महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिव सेना और एनसीपी के रोड़े भाजपा के काम आ रहे हैं। भाजपा एक तरफ अपनी ध्वस्त बुर्जों की मरम्मत कर रही है दूसरी तरफ कांग्रेस समेत विपक्ष की तमाम बुर्जों पर प्रहार कर रही है और जमकर प्रहार कर रही है। राजद और समाजवादी पार्टी जैसे कुछ ही क्षेत्रीय दल हैं जो अभी तक भाजपा के सामने टिके हुए है। तृण मूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी भी कब हथियार डाल दे, कहना कठिन है। तीसरी बार सत्ता में आने को आतुर भाजपा अब सियासत में निर्ममता की तमाम हदें पार कर चुकी है। नैतिकता का परित्याग तो भाजपा पहले ही कर चुकी है। भाजपा के नेतृत्व वाले पुराने गठबंधन की जिस सरकार को बचाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने दल-बदल, और खरीद-फरोख्त के चिमटे का इस्तेमाल करने से साफ मना कर दिया था उसी भाजपा के लिए अब कोई भी चिमटा अछूत नहीं है। उसे तो केवल अपनी सरकार बनाना है। भाजपा की केंद्र सरकार किसानों के प्रति उतनी ही क्रूर है जितनी पहले थी। जब आप ये खबर पढ़ रहे होंगे तब मुमकिन है कि केंद्र और हरियाणा की सरकार मिलकर आंदोलनरत किसानों पर लाठियां बरसा रही हो। सरकार अब कोई भी प्रतिकार बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। झारखंड की हार से केंद्र की सरकार और ज्यादा भन्ना गयी है। उसकी क्रूरता में और ज्यादा इजाफा हो गया है। मुझे लगता है कि चुनावों की घोषणा होने तक भाजपा इतना इंतजाम कर लेगी की कांग्रेस इंडिया गठबंधन के बजाय अकेले चुनाव लड़ने पर विवश हो जाए। बांटो और राज करो की पुरानी और आजमायी हुई अंग्रेजों की नीति भाजपा के बहुत काम आ रही है। आज भाजपा कहने को एक महान राष्ट्रवादी पार्टी है लेकिन उसकी चाल, चरित्र और चेहरे से फिरंगियों वाला तेज झलक रहा है। मुझे इसीलिए कभी-कभी भाजपा सुदर्शन लगती है। कांग्रेस आज की तारीख में सड़क की पार्टी है और भाजपा पुरानी कांग्रेस की तरह कार्पोरेट्स की पार्टी बन चुकीहै। सड़क से उसका रिश्ता न जाने कब का टूट चुका है। भाजपा में अब पांच सितारा संस्कृति पनप चुकी है। भाजपा का मूल चरित्र ही सौदेबाजी का है। इसमें उसे कामयाबी मिल रही है, हालाँकि इसके लिए भाजपा ने अपना और देश का सब कुछ दांव पर लगा दिया है। सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न भी भाजपा से नहीं बच पाए। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे भारत की सियासत और ज्यादा जटिल, निर्दय और अमानवीय होती जा रही है। नए भारत के लिए ये हिंसक और अदावती राजनीति कितनी फायदेमंद होगी और कितनी नुकसानदेह ये कहना अभी सम्भव नहीं है किन्तु इसके करवट लेने से देश में बहुत कुछ बदलेगा जरूर। भारत पहले अंग्रेजों से लड़ा, बाद में आपातकाल में उसे कांग्रेस से लड़ना पड़ा और अब भारत की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है। मजे की बात ये है कि भाजपा के पास होशमंद नेता और बेहोश समर्थकों की फौज है, जबकि सामने बिखरी हुई सेनाएं। मुझे कभी-कभी लगता है कि 2024 की लड़ाई का हश्र 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम जैसा न हो। पहले स्वतंत्रता संग्राम के बिखराव ने हमारे सेनानियों की बगावत को नाकाम कर दिया था। आज 167 साल बाद इतिहास अपने आपको दोहरा रहा है। मुमकिन है कि बहुत से पाठक मित्रों को ये तुलना कुछ अजीब और असंगत लगे, किन्तु मेरे मन में जो है वो मैंने लिखा है। आपका सहमत होना आवश्यक नहीं है। आप अपने विचारों के खुद मालिक हैं। मजे की बात देखिये कि 2024 के संग्राम में अनेक लक्ष्मीबाइयाँ हैं जो अपनी-अपनी झाँसी बचाने में लगी हैं, लेकिन अनेक सिंधिया भी हैं (नीतीश कुमार, अशोक चव्हाण और एकनाथ शिंदे को याद रखिये) जो इन लक्ष्मीबाईयों की मौत का सामान बन रहे है। (ममता, माया को ध्यान में रखिये) इस लड़ाई में भी अनेक तात्या टोपे हैं (हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल को ध्यान में रखिये) लेकिन लड़ाके होने के बावजूद उनके हारने के आसार ज्यादा है। खैर मै तो कल्पना कर रहा हूँ। आप चाहें तो मेरी कल्पना का आनंद ले सकते हैं, लेकिन सावधानी के साथ, क्योंकि सामने तो दुर्दिन ही हैं।

# अंधकार से प्रकाश की ओर - सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाया गया 38वां मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर रोशनी का उपहार लेकर आया

इस वर्ष 38वें मुफ्त आंखों की जांच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जोकि मानव एकता और विश्व शांति के समर्पित है। मानवता की भलाई के लिए लगाए गए इस शिविर में बढ़िया क्वालिटी के लेंस के साथ मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई, जिसमें उससे संबधित सभी सामान व महत्त्वपूर्ण चीजों को खुले दिल से भेंट किया गया। शिविर में भारत के स्वास्थ्य कर्मी सेवादारों के अथक प्रयासों द्वारा हजारों की संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी का उपहार दिया गया। इस शिविर की सफलता का एक अन्य महत्त्वपूर्ण कारण आई केयर अस्पताल, नौएडा के डॉक्टर्स की मेहनत है, जोकि अत्याधुनिक उपकरणों और सभी सुविधाओं से सुसज्जित भारत का प्रमुख आंखों का अस्पताल है।






**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

जैसे कि हम सब जानते हैं कि मोतियाबिन्द पूरे विश्व में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है, इस दिशा में सावन कृपाल रूहानी मिशन लगातार प्रयासरत है, और वह लोगों की अंधकार भरी जिंदगी में रोशनी लाने में सहायता कर रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन में साल में दो बार मुफ्त आंखों की जांच और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें अमेरिका से मान्यता प्राप्त आंखों के डॉक्टर्स, आई केयर अस्पताल, नौएडा के साथ मिलकर समाज सेवा के लिए सहयोग करते हैं। इस वर्ष 38वें मुफ्त आंखों की जांच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जोकि मानव एकता और विश्व शांति के समर्पित है। मानवता की भलाई के लिए लगाए गए इस शिविर में बढ़िया क्वालिटी के लेंस के साथ मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई, जिसमें उससे संबधित सभी सामान व महत्त्वपूर्ण चीजों को खुले दिल से भेंट किया गया। शिविर में भारत के स्वास्थ्य कर्मी सेवादारों के अथक प्रयासों द्वारा हजारों की संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी का उपहार दिया गया। इस शिविर की सफलता का एक अन्य महत्त्वपूर्ण कारण आई केयर अस्पताल, नौएडा के डॉक्टर्स की मेहनत है, जोकि अत्याधुनिक उपकरणों और सभी सुविधाओं से सुसज्जित भारत का प्रमुख आंखों का अस्पताल है। संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल-इस शिविर के पहले दिन कृपाल बाग, दिल्ली में हजारों की संख्या में मरीज इकट्ठे हुए। जहां प्रशिक्षित चिकित्सा डॉक्टर्स और मिशन के सेवादारों ने मरीजों की आरंभिक जांच कर मोतियाबिन्द से ग्रस्त मरीजों की पहचान की। इस शिविर में कुल मिलाकर 1875 मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 860 मरीजों को सर्जरी के योग्य समझे जाने के बाद उनकी आंखों की सर्जरी की गई। एक हफ्ते से अधिक समय तक लगाए गए इस शिविर में सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा मरीजों के साथ-साथ उनकी देखभाल करने वाले परिजनों की भी पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उनके निःशुल्क रहने, खाने-पीने, आने-जाने व पढ़ने के चश्में और अन्य जरूरी सुविधाएं उन्हें मुफ्त प्रदान की गई। मोतियाबिन्द की वजह से हमारी आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है, जिससे कि हमारा दैनिक जीवन प्रभावित होता है। अमेरिका से आए आंखों के एक सर्जन ने कहा कि, ॄऐसे मजबूर लोगों की आंखों की सर्जरी करके उनकी दृष्टि को बहाल करने में मदद करना बहुत ही नेक कार्य है ॄ इन सभी सर्जनों ने नौएडा के आई केयर अस्पताल के डॉक्टर्स की अत्यधिक कुशल टीम के साथ मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करने में रोजाना कई घंटों का समय लगाया। इस शिविर में सभी मरीजों ने सर्जरी के बाद एक जैसी खुशी और राहत महसूस की। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से आए 72 वर्षीय एक किसान मरीज ने बताया कि, सर्जरी करने के बाद किस प्रकार उसकी जिंदगी बदल गई। उसने कहा कि, मैं काफी सालों से आंखों में धुंधलापन व पानी आने की शिकायत महसूस कर रहा था, इसका असर मेरी आजीविका पर पड़ रहा था क्योंकि खेती करते वक्त मैं न तो चीजों को सही ढंग से देख पाता था और न ही ठीक तरीके से फसलों की बुआई कर पाता था। जिसकी वजह से मैं और मेरा 6 बच्चों का बड़ा परिवार पूरी तरह प्रभावित था। इस मरीज ने आगे कहा कि, सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाया यह शिविर मेरे लिए एक वरदान साबित हुआ। मेरे गांव के मुखिया ने मुझे इस शिविर के बारे में बताया और मैंने यहां आने का फैसला लिया। मैं अपनी आंखों की दृष्टि वापिस आने से बेहद अहसानमंद हूं, क्योंकि इससे मुझे जीवन के हर पहलू में मदद मिलेगी। मेरे लिए यह एक बहुत ही बढ़िया अनुभव है। अन्य अनेक मरीजों ने जीवन में बदलाव लाने वाली इस सर्जरी के लिए अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि, इसके जरिये हमें आत्म-निर्भरता के जीवन में वापिस लौटने में मदद मिलेगी, जिससे कि हम अपने रोजमर्रा के कार्य सही तरीके से कर पाएंगे। मानवता की सेवा-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा सिखाई गई शिक्षा का एक प्रमुख सिद्धांत यह भी है कि आध्यात्मिक रूप से प्रगति करने के लिए हमें अपने पूरे दिल से सभी की निष्काम सेवा करनी चाहिए। अमेरिका से आए एक डॉक्टर ने कहा कि, ऐसे संगठनों से जुड़ना अपने आपमें सम्मान की बात है, जिनका जरूरतमंदों को बेहतर दृष्टि प्राप्त करने में मदद करने का एक लंबे समय तक चलने वाला लक्ष्य है, जिससे उनके जीवन में ज्यादा आत्म-निर्भरता आती है। आंमोतियाबिन्द की वजह से हमारी आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है, जिससे कि हमारा दैनिक जीवन प्रभावित होता है। अमेरिका से आए आंखों के एक सर्जन ने कहा कि, ऐसे मजबूर लोगों की आंखों की सर्जरी करके उनकी दृष्टि को बहाल करने में मदद करना बहुत ही नेक कार्य है। इन सभी सर्जनों ने नौएडा के आई केयर अस्पताल के डॉक्टर्स की अत्यधिक कुशल टीम के साथ मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करने में रोजाना कई घंटों का समय लगाया। सन 2002 से सावन कृपाल रूहानी मिशन ने इन आंखों के शिविरों में अब तक लगभग 17000 से अधिक लोगों को उनकी दृष्टि वापिस लाने में मदद की है। सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाए जाने वाले सभी स्वास्थ्य और आंखों के शिविर निःशुल्क हैं, जोकि समाज में निष्काम-सेवा की भावना से लगाए जाते हैं।

**बसन्त पंचमी (14 फरवरी) पर विशेष**

# बसंत ऋतु के आगमन की सूचक है बसंत पंचमी

**योगेश कुमार गोयल-**
(लेखक पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी बसंत पंचमी के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 14 फरवरी को मनाई जा रही है। माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरूआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुई थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा। प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में ॄवसंतोत्सवॄ, ॄमदनोत्सवॄ, ॄकामोत्सवॄ अथवा ॄकामदेव पर्वॄ के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा। ॄबसंत पंचमीॄ को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को ॄश्री पंचमीॄ भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश में स्थानीय गायिका मल्लिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

स्थानीय गायिका विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत (35) की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। गायिका का शव मंगलवार को कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में स्थित उनके घर के कमरे में पंखे से लटकता हुआ पाया गया। मल्लिका राजपूत की मौत के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। मल्लिका की मां सुमित्रा सिंह ने कहा कि घटना कब हुई इस बारे में उन्हें पता नहीं चल सका क्योंकि घर के सभी लोग अपने अपने कमरे में आराम कर रहे थे। कोतवाली नगर प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### उप्र : बस के टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा जाने से 17 तीर्थयात्री घायल

तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के जिले के कोहडौर थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण 17 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोहडौर की थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति कटियार ने बताया कि जिला बहराइच व गोंडा सीमा के बगड़्वा बाजार से एक निजी बस से 65 तीर्थयात्री प्रयागराज संगम स्नान के लिए जा रहे थे। प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर धरौली मधुपुर गांव के निकट सोमवार रात बस निमार्णाधीन टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में बस में सवार 17 तीर्थयात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने अरुण, धनीराम, पुद्दन व मोहित की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें स्वरुप रानी नेहरु (एसआरएन) अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया है।

### जया प्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेत्री से नेता बनी जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक को विशेष टीम गठित कर पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद के खिलाफ सातवीं बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी वह सोमवार को सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं पहुंचीं। पूर्व सांसद जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में ह्यफरारह्ल हैं।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आजमगढ़ पहुंचे

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज आजमगढ़ में भाजपा की चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे। डॉ. यादव के आजमगढ़ पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और राज्यमंत्री गिरीश यादव ने स्वागत किया। इससे पहले वाराणसी स्थित एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने डॉ. यादव का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के प्रथम आगमन पर डॉ. यादव के सीधे आजमगढ़ जाने पर इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में किसानों के सुझाव को दी जाएगी जगह, बीजेपी का ऐलान

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी अपना घोषणापत्र बनाते समय किसानों के सुझाव को विशेष महत्व देते हुए उन्हें अपने मेनिफेस्टो में शामिल करेगी। यूपी बीजेपी किसान मोर्चा के कामेश्वर सिंह ने कहा, ह्यह्लग्राम परिक्रमा अभियान के अंतर्गत पार्टी पदाधिकारी किसानों से उनकी राय जानने के लिए उनके साथ संवाद स्थापित करेंगे। सिंह ने कहा, हम केंद्र और राज्य द्वारा किसानों के हित में लिए जा रहे फैसलों के बारे में भी उन्हें बताएंगे। यह वक्तव्य ऐसे वक्त में सामने आया है, जब किसान अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर से सड़क पर आंदोलन करने पर उतारू हो चुके हैं। किसान ह्यन्यूनतम समर्थन मूल्यह्ल सहित अन्य मांगों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन करने का ऐलान कर चुके हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने दावा किया है कि करीब 200 किसान यूनियन पूरे देश से ह्यदिल्ली चलोह्ल अभियान में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जिसकी शुरूआत मंगलवार से हो चुकी है।

# अपना दल ने सपा के पीडीए का बताया नया अर्थ, कहा- पीडीए को ताकत देने वाले लोग राजग के साथ हैं

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के वरिष्ठ नेता आशीष पटेल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) फॉमूर्ला को छलावा करार देते हुए कहा है कि पीडीए को वास्तव में ताकत देने वाले लोग आज भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी नजर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब कुछ अलग है। इसमें ह्यपीह्ल से पिछड़ों को सपा के लोगों से ह्यडीह्ल से डर लगता है और उनमें सपा के प्रति ह्यएह्ल अविश्वास है। उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री पटेल ने मंगलवार को कहा कि अखिलेश यादव पीडीए की बात तो जरूर कर रहे हैं लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी को उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाने का मौका मिला लेकिन उसने इन वर्गों के विकास के लिए क्या काम किया। पटेल ने कहा कि सपा पीडीए के लिए किए गए अपने कार्यों का लेखा-जोखा सामने रखे। वास्तविकता यही है कि सपा ने इन वर्गों के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा, सपा पीडीए का विश्वास खो चुकी है। हमारी नजर में सपा के पीडीए का अर्थ कुछ और ही है।

सच्चाई यह है कि पीडीए का पी यानी पिछड़े वर्ग के लोगों को अब सपा के लोगों से ह्यडीह्ल से डर लगता है और ह्यएह्ल का अर्थ यह है कि इन वर्गों को सपा पर अविश्वास है। मूल रूप से पिछड़ों की राजनीति करने वाली पार्टी अपना दल (सोनेलाल) के विधान परिषद सदस्य पटेल ने कहा कि सपा चाहे जितना पीडीए की बात करे लेकिन सच्चाई यह है कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने पीडीए के कल्याण के लिए सही मायनों में काम किया है

और इन वर्गों को मजबूत करने वाले लोग आज राजग के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पीडीए केंद्र की मोदी सरकार के साथ है, जिसने उनकी समस्याओं के निवारण के लिए वास्तव में काम किया है। सपा नेतृत्व के पीडीए-पीडीए कहने से कुछ नहीं होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने बयानों में अक्सर कहते हैं कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए की बदौलत राजग को हराएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में अपना दल (सोनेलाल) कितनी सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने की तैयारी कर रही है, इस सवाल पर पटेल ने कहा, पिछली बार हम दो सीटों पर चुनाव लड़े थे इस बार हम कितनी सीटें लड़ेंगे, इस बारे में अभी कोई बात नहीं हुई है। पटेल ने कहा, ह्यह्लजब उत्तर प्रदेश के राजग के सभी सहयोगी दलों के नेता साथ बैठेंगे, उसी समय निर्णय ले लिया जाएगा। हमारे लिए सीटों की संख्या मायने नहीं रखती।उन्होंने कहा कि अपना दल (सोनेलाल) हर 15 दिन पर बड़े स्तर का एक कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें आने वाली भीड़ से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्टी का प्रभाव बढ़ रहा है और उसका लगातार विस्तार हो रहा है। कोशिश यही है कि राजग को किस तरह इसका फायदा मिले। पिछले कई चुनावों से अपना दल (सोनेलाल) की सफलता का ग्राफ चढ़ा है ऐसे में क्या वह भाजपा से और अधिक सीटों की अपेक्षा रखती है, इस सवाल पर पटेल ने कहा, ह्यह्लउनकी पार्टी ने कभी मोलभाव की राजनीति नहीं की है। पार्टी की प्राथमिकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार राजग की सरकार बने। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी वंचित वर्गों के विकास के लिए और क्या-क्या प्रयास बाकी रह गए हैं और उन्हें कैसे धरातल पर लाना है, इस पर काम कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में वह पिछड़ों के कल्याण और विकास को और बेहतर ढंग से आगे ले जाने के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। पटेल ने कहा कि वंचित वर्गों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ उनके मूलभूत अधिकारों की रक्षा और बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे हो, इसके लिए अपना दल लगातार काम कर रहा है। साथ ही आरक्षण से संबंधित विषय तथा केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक कैसे पहुंचा जाए, इस दिशा में प्रयास जारी है। सपा के सहयोगी रहे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राजग में शामिल होने की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, राजग में सबका स्वागत है। रालोद के आने से राजग और मजबूत होगा।

# शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन जेवर व डेढ़ लाख नकद लेकर फरार



**सहारनपुर, एजेंसी**

सहारनपुर जिले के जनकपुरी थाना इलाके में शादी के छह दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन अपने पति को दूध में बेहोशी की दवा पिलाकर ससुराल से सोने-चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने तहरीर के हवाले से बताया कि जनकपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़क दूधली निवासी विनोद उर्फ बिटटू की शादी छह फरवरी को ग्राम दाबकी गुर्जर निवासी ओमप्रकाश की बेटी शिवानी से हुई थी। एसपी ने बताया कि शादी के छह दिन बाद दुल्हन ने 11 फरवरी की रात अपने पति विनोद को दूध पीने को दिया जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया। जैन ने शिकायत के हवाले से बताया कि शिवानी ने दूध में कोई दवा मिला दी थी। जैन ने बताया कि दुल्हहन अलमारी से सोने चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर भाग गयी। देर रात जब विनोद को होश आया तो उसने शिवानी को कमरे में नहीं पाया। अलमारी में सारा सामान बिखरा पड़ा था और सोने चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रू की नकदी गायब थी। जैन ने बताया कि विनोद ने अपनी ससुराल फोन किया तो ससुराल वालों ने भी अनभिज्ञता जाहिर की। इसके बाद पुलिस में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया। जैन ने बताया कि पुलिस शिवानी के मोबाइल फोन का ब्यौरा जुटा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# सरकार मुनाफा कमाने वालों से मिली है, किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती : अखिलेश यादव

**लखनऊ, एजेंसी**



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने किसानों के आंदोलन पर केंद्र सरकार को घेरते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती और मुनाफा कमाने वालों से मिली हुई है। राज्यसभा चुनाव के लिए सपा के तीन उम्मीदवारों का मंगलवार को विधानसभा में नामांकन दाखिल कराने के बाद पार्टी प्रमुख यादव ने किसानों के आंदोलन पर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा, ह्लजो सरकार किसानों के नाम पर वोट लेना चाहती हो, जो सरकार स्वोामीनाथन व किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दे रही हो, वह आखिरकार किसानों को एमएसपी क्यों नहीं दे रही है। यादव ने आरोप लगाया, ह्लसरकार या तो एमएसपी देना नहीं चाहती या बड़े लोगों से मिली है, या जो लोग मुनाफा कमाना चाहते हैं उनसे सरकार मिली हुई है।ह्व उन्होंने कहा, इसी का परिणाम है कि सरकार किसानों की आवाज दबाने के लिए ऐसा कार्य कर रही है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद पंजाब से किसानों ने मंगलवार सुबह अपना ह्यदिल्ली चलोह्ल मार्च शुरू किया। किसानों के ह्यदिल्ली चलोह्ल विरोध मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने मंगलवार को अंबाला (हरियाणा) में शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस मामले को लेकर पत्रकारों से सपा प्रमुख ने कहा, ह्लजो कुछ हो रहा है और जिस तरह से खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस (छोड़ी गई है) और उससे पहले किसानों को रोकने के लिए, आंदोलन को रोकने के लिए किलों से लेकर न जाने क्याग क्याब दीवारें खड़ी की गयींङ्ग प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती है, वह कर रही है। यादव ने आरोप लगाया, ह्लदिल्लीह (केंद्र) की सरकार जानबूझकर किसानों की आवाज दबाना चाहती है। यह वही सरकार है, जिन्होंने किसान से कहा था कि उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, एमएसपी लागू किया जाएगा, फसल की कीमत मिलेगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ।ह्व उन्होंने कहा, ह्लकुछ वर्ष पहले आपने देखा किसान धरने पर बैठ गये। आठ सौ से ज्यादा किसानों की जान चली गयी लेकिन उसके बाद भी सरकार किसानों को एमएसपी देने को तैयार नहीं है। उन्होंने इस सरकार में हर परीक्षा में पेपर लीक होने का भी आरोप लगाया। अबू धाबी में प्रधानमंत्री द्वारा मंदिर के उद्घाटन के बारे में पूछे जाने पर पूर्व मुख्यगमंत्री ने कहा, ह्लहर जगह भगवान के मंदिर हैं और ये दुनिया में फैले हैं। भगवान राम और कृष्ण के मंदिर बहुत मिलेंगे। यूरोप चले जाएं, रूस चले जाएं आबू धाबी, अमेरिका सब जगह भगवान के मंदिर हैं। ये मंदिर आज से तो बन नहीं रहे हैं, जाने कब से बन रहे हैं। यादव ने कहा, ह्लदूसरे देशों से बहुत से लोग प्रभावित होकर भारत आए हैं। भारत हमारे धर्मों का देश है। यहां लोग शांति के लिए आते हैं।ह्व उन्होंने कहा, ह्लहमें स्वामी विवेकानंद को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा था हमारे देश में धर्म की कमी नहीं है, धर्म बहुत हैं, लेकिन रोटी कब मिलेगी और रोजगार कब मिलेंगे। यादव ने कहा, ह्लधर्म का अपना स्थान है, लेकिन सरकार की जिम्मेदारी है कि लोगों को रोजगार मिले, रोटी मिले, सामाजिक न्याोय मिले और किसानों का हक व सम्मान बना रहे।ह्व एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इटावा में मंदिर का कार्य पूर्ण हो जाएगा तो आप लोगों को भी बुलाएंगे। यादव के नेतृत्व में इटावा में भगवान शिव का केदारेश्व र मंदिर बन रहा है।

# तीन बेटियों के साथ महिला नदी में कूदी; बच्चियों की मौत

**मथुरा, एजेंसी**



मथुरा जनपद में एक महिला अपनी तीन बच्चियों को लेकर यमुना नदी में कूद गई। पानी कम होने के कारण वह तो डूबने से बच गई परंतु उसकी बेटियों की मौत हो गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, इस घटना से कुछ ही घंटे पहले बच्चियों सहित यमुना में कूदने वाली महिला व उसके पति के बीच समझौता कराया गया था। लेकिन घर पहुंचकर पति पत्नी में फिर से झगड़ा हुआ और सोमवार देर शाम वह बच्चियों सहित यमुना नदी में कूद गई। पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार ने बताया कि यह दंपति थाना कोतवाली के डैम्पीयर नगर इलाके का रहने वाला है। नदी में छलांग लगाने वाली महिला पूनम का मायका धौलपुर के नाना साहब का बाड़ा इलाके में है। उसकी शादी 2015 में मथुरा के हरिओम के साथ हुई थी, जो मोबाइल फोन व टीवी आदि उपकरणों की मरम्मत का काम करता है। उनकी तीन बेटियां हैं। पुलिस के अनुसार, महिला को शक था कि उसके पति के कोसीकलां की एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं जिससे वह फोन पर बात करता रहता है। उसने रविवार को उस महिला को फोन पर काफी भला-बुरा कहा था। महिला सोमवार को उसकी रिकॉर्डिंग लेकर पुलिस के पास पहुंची थी। तब पुलिस ने महिला व उसके पति को कोतवाली बुलाकर दो घण्टे की मशक्कत के बाद समझौता करा दिया था। किंतु घर पहुंचने के बाद महिला व उसके पति हरिओम के बीच फिर विवाद हो गया। जिसके बाद पति तो घर से बाहर कहीं चला गया जबकि महिला तीनों बेटियों को लेकर यमुना पार इलाके में पहुंच गई और नदी में छलांग लगा दी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक महिला जहां कूदी, वहां पानी की गहराई कम होने की वजह से वह तो बच गई परंतु तीनों बेटियां अंशिका (8), वंशिका (6) और चारू (3) की डूबने से मौत हो गई। घाट के आसपास मौजूद लोगों ने उसे निकाला। पुलिस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है।

# बदायूं में खेत की रखवाली करने गए किसान की गला रेत कर हत्या

**बदायूं, एजेंसी**

बदायूं जिले के कुंवरगांव थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने गए एक किसान की अज्ञात लोगों ने गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना कुंवरगांव थाना इलाके के गांव बिहारी गौटिया में हुई। उन्होंने बताया कि किसान मुकद्दम (45) सोमवार रात खेत की रखवाली करने गया था। रात में ही किसी समय उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह परिजन जब खेत पर पहुंचे तो वहां मुकद्दम का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। सूचना पर बिनावर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आलोक प्रियदर्शी भी घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

# अखिलेश यादव समेत सपा नेताओं ने शालिग्राम शिला की पूजा अर्चना की

**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव समेत पार्टी के कई नेताओं ने इटावा में निमार्णाधीन केदारेश्वार मंदिर में स्थापित होने जा रही भगवान शालिग्राम शिला के पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर उसकी पूजा अर्चना की और लोकमंगल की कामना की। सपा कार्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनकी पत्नी सांसद डिंपल यादव, राज्यसभा की सपा उम्मीदवार जया बच्चपन, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय आदि नेताओं की उपस्थिति में शिला पूजन किया गया। सपा मुख्यालय में यादव समेत अन्यश नेताओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। डिंपल यादव ने नारियल तोड़कर कर उसे भगवान शालिग्राम को अर्पित किया। पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि इटावा में भगवान शिव का जो विशाल मंदिर बन रहा है उसमें स्थापित होने वाले शिवलिंग का निर्माण इसी शिला से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शालिग्राम की यह शिला नेपाल से यहां लाई गई है। सोमवार देर रात अखिलेश यादव ने शिला लाने वाले डीसीएम (छोटा ट्रक) के सपा कार्यालय में प्रवेश का वीडियो सोशल मीडिया मंच ह्यएक्स ह्य पर साझा करते हुए अपने संदेश में कहा, ह्यह्लश्री शालिग्राम भगवान का आगमन देश-प्रदेश के लिए मंगलकारी एवं जन जन के लिए कल्याणकारी हो, इस पावन कामना के साथ हृदय से स्वा्गत।

# बलिया में नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को सात साल कारावास की सजा

**बलिया, एजेंसी**



बलिया की एक स्थानीय अदालत ने नाबालिग किशोरी को अगवा कर बलात्कार करने के सात वर्ष पुराने मामले में सोमवार को दोषी व्यक्ति को सात साल के कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गा प्रसाद तिवारी और अभियोजन पक्ष ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी बसंत यादव को दोषी करार दिया और उसे सात साल जेल की सजा सुनाई तथा पचास हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। हालांकि अदालत ने अन्य आरोपी वीरेंद्र यादव को सबूत के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। घटना के बारे में एएसपी ने बताया कि जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को 27 जुलाई, 2017 को बसंत यादव और वीरेंद्र यादव ने अगवा कर बलात्कार किया था। इस मामले में किशोरी के पिता की शिकायत पर वीरेंद्र यादव और बसंत यादव के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए बसंत यादव को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई, वहीं अन्यक आरोपी वीरेंद्र यादव को सबूत के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

# रास चुनाव : सपा के रामजीलाल सुमन, जया बच्चन और आलोक रंजन ने नामांकन पत्र दाखिल किया



**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) से राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित उम्मीदवार पूर्व सांसद रामजीलाल सुमन, जया बच्चन और पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी आलोक रंजन ने मंगलवार को विधानसभा पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। मंगलवार दोपहर को विधानसभा में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्री य महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव समेत अन्या कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने मंगलवार को बताया कि पार्टी ने पूर्व सांसद रामजीलाल सुमन, जया बच्चन और पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों ने मंगलवार को 12 बजे नामांकन दाखिल किये। रामजीलाल सुमन पूर्व सांसद हैं और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी सहयोगियों में माने जाते हैं। जया बच्चन अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं और पार्टी वर्ष 2004 से ही उन्हे राज्यसभा भेजती रही है। पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन सपा के पिछले कार्यकाल में प्रदेश के मुख्य सचिव थे और अधिकारी वर्ग में उनकी खासी पकड़ मानी जाती है। चौधरी ने एक सवाल पर कहा कि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है। राज्यसभा चुनाव के लिए ये उम्मीदवार पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की कसौटी पर कितना खरे उतरते हैं, यह पूछे जाने पर विधानसभा में मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने पत्रकारों से कहा कि रामजीलाल सुमन पीडीए का हिस्सा हैं, जबकि जया बच्चन जी महिला हैं और देश के एक विख्यात परिवार से आती हैं और मैं समझता हूं कि इसमें पूरा पीडीए है। सपा के वर्तमान में राज्यसभा में तीन सदस्य राम गोपाल यादव, जावेद अली खान और जया बच्चन हैं। सपा के पास 108 विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंसह्ल (इंडिया) में उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। राज्यसभा में एक उम्मीदवार की सीट सुरक्षित करने के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता होगी और इस तरह सपा तीन सदस्यों को राज्यसभा में भेज सकती है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।


## कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर- जनपद मुदादाबाद

पत्रांकः 251/ न0पां0 अ0/ निविदा/ कुटेशन - 2023- 2024 दिनांकः 12- 02-2024

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

एत द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद की कान्हा गौशाला में रखे गये निराश्रित एवं वेसहारा गौवंश पशुओं के भरण-पोषण हेतु राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से भूसे का क्रय किया जाना है। इस हेतु नगर पंचायत कुटेशन आमन्त्रित (प्रति कुन्तल की दर से) करती है। सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार / संस्था भूसा आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल के हिसाव से अपनी कुटेशन दिनांक 20.02.2024 दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर में दे सकता है। जो उसी दिन सायं 4.00 बजे समस्त निविदा/कुटेशन अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत अगवानपुर, मूरादाबाद के समक्ष खोली जायेगी। कूटेशन की विस्तरित नियम व शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

*अधिशासी अधिकारी*
*नगर पंचायत अगवानपुर*
*जनपद मुदादाबाद*

*अध्यक्ष*
*नगर पंचायत अगवानपुर*
*जनपद मुदादाबाद*

# मेरे किरदार को नहीं, बल्कि मेरे गाने को लोग याद रखते हैं



मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने, आइला रे से लेकर जीने के इशारे और शट अप एंड बाउंस तक, शिल्पा शेट्टी ने कई आइकोनिक सॉन्ग दिए हैं, जो आज भी लोगों के बीच हिट हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि फैंस शायद मेरी फिल्में भूल सकते हैं, लेकिन मेरे गाने हमेशा याद रहे हैं। गानों के साथ-साथ अपने निभाए किरदारों के यादगार होने के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने बातचीत में कहा, मुझे खुशी है कि लोग ऐसा महसूस करते हैं। 1993 में बाजीगर से डेब्यू करने वाली शिल्पा ने कहा, मुझे लगता है कि 90 के दशक की फिल्में गोल्ड थीं। आप फिल्मों को भूल सकते हैं, हो सकता है कि मेरी फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर अच्छी नहीं रही, लेकिन मेरे गाने हमेशा अच्छा परफॉर्म करते हैं। हो सकता है कि आपको मेरे द्वारा निभाए गए किरदार का नाम याद न हो, लेकिन आपको मेरे गाने के नाम जरुर याद होंगे। मैंगलोर में जन्मी स्टार अपने करियर का श्रेय म्यूजिक को देती हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं म्यूजिक को सारा श्रेय देती हूं क्योंकि हमारे बहुत सारे करियर इसी के आधार पर बने हैं। मैंने सभी म्यूजिक कंपनियों के साथ फिल्में की, क्योंकि उन्होंने मुझे लकी पाया और मैं भी इस बात पर जोर देती हूं कि म्यूजिक कितना जरुरी है। एक्ट्रेस का मानना है कि फिल्मों को हिट बनाने में म्यूजिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिल्पा ने कहा, आज के समय में म्यूजिक लुप्त हो गया है और मुझे लगता है कि सभी बड़ी फिल्मों में अगर म्यूजिक अच्छा नहीं है तो यह व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य फिल्म नहीं है। जब म्यूजिक होता है तो जनता और बच्चे उससे जुड़ जाते हैं। जब आप जनता और बच्चों से जुड़ते हैं तो आप एक नई सफलता हासिल कर लेते हैं। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में, शिल्पा एक मजबूत इरादों वाली पुलिसकर्मी तारा शेट्टी की भूमिका में हैं। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी हैं।



# कंगना रनौत फिर दिखेंगी आर माधवन के साथ

कंगना रनौत पिछले कई सालों से फ्लॉप और डिजास्टर फिल्में दे रही हैं और अब उन्होंने आर माधवन की साथ अपना अगला प्रॉजेक्ट अनाउंस किया है जिसके साथ उन्होंने करियर की इकलौती सुपरहिट फिल्म दी है। हालांकि, लोग लगातार माधवन को सलाह देते दिख रहे हैं और एक्ट्रेस से दूर रहने को कह रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि लंबे समय से लगातार एक से बढ़कर एक फ्लॉप और डिजास्टर फिल्में दे रहीं कंगना रनौत ने अब अपना तुरुप का इक्का निकाला है। एक बार फिर से कंगना रनौत बॉलीवुड के शानदार एक्टर आर माधवन के साथ फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिनके साथ वह अपने करियर की सुपरहिट फिल्म तनु वेड्स मनु रिटर्न्स दे चुकी हैं। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी यूजर्स से शेयर की है, लेकिन लोग अब लगातार माधवन के लिए सलाह देते दिख रहे हैं। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आर माधवन के साथ अपनी सेल्फी शेयर की है। इसी सेल्फी के साथ उन्होंने कुछ कैप्शन भी लिखा है। कंगना ने लिखा है- एक और शानदार स्क्रिप्ट को लेकर अपने फेवरेट आर माधवन के साथ वापस आ रही हूं। इसके अलावा उन्होंने एक और तस्वीर शेयर की है और कुछ लोगों के साथ बैठी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा है- क्या शानदार टीम है। बताते चलें कि कंगना इससे पहले आर. माधवन के साथ तनु वेड्स मनु और फिर इसके सीक्वल तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में नजर आ चुकी हैं। आखिरी दो फिल्में धाकड़ और तेजस बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई है। इससे पहले मणिकर्णिका एवरेज रही है जबकि इसके बाद की सारी फिल्में पंगा और थलाइवी फ्लॉप रही है।

## अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में

इस वक्त कंगना अपनी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। इस पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आनेवाली है। कंगना के साथ इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर, महिमा चौधरी और पुपुल जयकर भी नजर आने वाले हैं। मजेदार ये हा कि कंगना इस फिल्म में एक्टिंग के साथ-साथ इसका निर्देशन भी खुद ही कर रही हैं।





# रणवीर सिंह की शक्तिमान पर आया बड़ा अपडेट

**बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। सुपरस्टार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। रणवीर ने ऐतिहासिक शख्सियतों से लेकर अनोखे किरदारों तक कई तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। आने वाले दिनों में रणवीर, डॉन के किरदार में दिखाई देंगे। इसके अलावा वह भारत के पहले सुपरहीरो शक्तिमान की चुनौतिपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी तैयार हैं। इसी बीच फिल्म शक्तिमान पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है।**

## शक्तिमान बनेंगे रणवीर!

रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह अनुभवी अभिनेता मुकेश खन्ना द्वारा बनाए गए प्रतिष्ठित चरित्र पर आधारित एक फिल्म में अभिनय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिन्होंने 1990 के दशक में टेलीविजन पर शक्तिमान का किरदार निभाया था। ऐसी अफवाह थी कि फिल्म का निर्देशन बेसिल जोसेफ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने मिन्नल मुरली और गोधा जैसी मलयालम फिल्मों का निर्देशन किया है। लेकिन, फिर चीजें ठंडी हो गईं और इस मोर्चे पर कोई खबर नहीं आई। अब हमारे पास इस बहुप्रतीक्षित देसी सुपरहीरो पर नवीनतम जानकारी है।

## शक्तिमान का निर्माण, बजट

कथित तौर पर सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म का निर्माण करेंगे। इसे 300-350 करोड़ रुपए के बजट में बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। निर्माता इस परियोजना को पुनर्जीवित करने की योजना बना रहे हैं, और जब रणवीर सिंह अपनी मेगाबजट फिल्म डॉन 3 की शूटिंग पूरी कर लेंगे तब इसकी शूटिंग शुरू होगी।

## आधिकारिक पुष्टि बाकी

शक्तिमान रणवीर सिंह के करियर ग्राफ को और ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचाने का काम करेगा। शक्तिमान परियोजना की घोषणा पिछले साल सोनी पिक्चर्स द्वारा की गई थी, जिसमें मुकेश खन्ना रचनात्मक सलाहकार थे। हालांकि, फिल्म की कास्ट और क्रू को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अगर रणवीर सिंह वास्तव में शक्तिमान का किरदार निभा रहे हैं, तो यह फिल्म के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और सुपरहीरो के प्रशंसकों के लिए एक सौगात होगी।

# दीपिका पादुकोण ने फिर बढ़ाया देश का मान

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण एक बार फिर देश का मान बढ़ाने जा रही हैं। वो 18 फरवरी को लंदन में आयोजित होने वाले बाफ्टा अवॉर्ड्स 2024 में बतौर प्रेजेंटेटर शामिल होंगी। वो डेविड बेकहम से लेकर दुआ लीपा जैसे जाने-माने सितारों को ज्वॉइन करेंगी। वो बीते साल ऑस्कर 2023 में भी बतौर प्रेजेंटेटर शामिल हुई थीं। इस साल एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के गाने नाटू नाटू को एकेडमी अवॉर्ड मिला था। रिपोर्ट के मुताबिक बाफ्टा अवॉर्ड्स 2024 में प्रेजेंटेटर के रूप में नजर आएंगी। वो डेविड बेकहम, केट ब्लैंचेट और दुआ लीपा सहित मशहूर हस्तियों की कतार में शामिल होंगी। दीपिका ने शाहरुख के घर पार्टी की और अपनी लाइन्स भी उन्होंने याद नहीं की, फिर फराह खान ने सेट पर खूब रुलाया अवॉर्ड फंक्शन के मंच पर दीपिका के साथ ब्रिजर्टन फेम एडजोआ एंडोह, वोंका में नजर आए ह्यू ग्रांट और एमिली इन पेरिस स्टार लिली कोलिन्स जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा लिस्ट में द क्राउन स्टार एम्मा कोरिन और गिलियन एंडरसन, हिमेश पटेल और इदरीस एल्बा शामिल हैं। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि कौन-सा सेलिब्रिटी किस कैटेगरी के लिए ट्रॉफी देगा। हालांकि, द राइजिंग स्टार अवार्ड पहले विनर रहे एम्मा मैके और जैके ओकोनेल प्रेजेंट करेंगे। बाफ्टा फिल्म अवॉर्ड रविवार रात लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में होने वाला है। यहां साल्टबर्न स्टार बैरी केओघन, मेस्ट्रो एक्टर ब्रैडली कूपर और कैरी मुलिगन, ओपेनहाइमर एक्टर किलियन मर्फी और डायरेक्टर ग्रेटा गेरविग, क्रिस्टोफर नोलन, सेलीन सॉन्ग और योर्गोस लैंथिमोस शामिल होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका को प्रभास के साथ कल्कि 2898 एडी में देखा जाएगा। इसमें अमिताभ बच्चन और कमल हासन भी नजर आएंगे।



# हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह का खुलासा करेगी क्राइम ड्रामा सीरीज पोचर्स

क्राइम ड्रामा सीरीज पोचर्स की कार्यकारी निर्माता बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अवैध शिकार के बारे में एक जागरूकता वीडियो शेयर किया है, जिसमें आलिया ने कहा, हत्या तो हत्या है। रिची मेहता द्वारा लिखित, निर्मित और निर्देशित, पोचर्स में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य हैं, यह सीरीज सच्ची घटनाओं पर आधारित है और भारत में हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह का खुलासा करती है। इंस्टाग्राम पर प्राइम वीडियो द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, आलिया गंभीर दिखाई दे रही है, उन्हें जंगल में एक भरी हुई राइफल और गोलियों के खोल दिखाई देती है। वीडियो में आलिया को कहते हुए सुना जा सकता है, अशोक का मर्डर सुबह 9 बजे रिपोर्ट हुआ। यह इस महीने का तीसरा हादसा है। शव क्षत-विक्षत हालत में हैं। अशोक बस 10 साल का था, उसने अपने हत्यारों को देखा तक नहीं। वे सोच सकते हैं कि वे इससे बच जायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं करेंगे। सिर्फ इसलिए कि अशोक हममें से नहीं था, यह अपराध छोटा नहीं हो जाता क्योंकि हत्या तो हत्या होती है। कहानी भारतीय वन सेवा अधिकारियों, एनजीओ कार्यकर्ताओं, पुलिस और अच्छे लोगों पर आधारित है, जिन्होंने इस जांच को ट्रैक करने की कोशिश में अपनी जान जोखिम में डाल दी। आलिया अपनी प्रोडक्शन कंपनी इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस के साथ सीरीज की कार्यकारी निर्माता हैं।

# रोहित शेट्टी के बिना अधूरा है करियर



रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनी सीरीज द इंडियन पुलिस फोर्स हाल ही में रिलीज हुई है। एक्टर निकितिन धीर ने फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। बातचीत में निकितिन ने अपने फिल्मी करियर और एक्सपीरियंस पर बात की है। निकितिन धीर बताते हैं कि रोहित शेट्टी उनके लिए बड़े भाई जैसे हैं, और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा- रोहित शेट्टी के बिना मेरा करियर अधूरा है। चेन्नई एक्सप्रेस हो या फिर द इंडियन पुलिस फोर्स उनका हाथ हमेशा मेरे करियर में इंपॉर्टेंट रहा है। एक्टर के मुताबिक, इन फिल्मों के बाद अगर उन्हें कोई अच्छा रोल मिला है, तो वो रावण का रोल है। दरअसल, इन दिनों निकितिन धीर सोनी चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे शो श्रीमद रामायण में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। रावण का किरदार निभाना निकितिन की विश लिस्ट में से एक है। उन्हें ये रोल प्ले करने में बहुत खुशी हो रही है। आपको बता दें , निकितिन वेटरन एक्टर पंकज धीर के बेटे हैं। उनकी पत्नी कृतिका सेंगर टीवी एक्ट्रेस हैं।

# इरफान के साथ गाना मेरा सपना था

**गुरु रंधावा और सई मांजरेकर जल्द ही कुछ खट्टा हो जाए फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से पॉपुलर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा अपना एक्टिंग डेब्यू करते नजर आएंगे। वहीं सलमान खान की फिल्म दबंग-3 की लीड एक्ट्रेस सई मांजरेकर भी वापसी करती दिखेंगी।**

कॉमेडी से भरपूर ये फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। गुरु और सई के अलावा फिल्म में अनुपम खेर और ईला अरुण जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। सई की यह तीसरी हिंदी फिल्म होगी। वो इससे पहले दबंग 3 और मेजर में नजर आ चुकी हैं। वहीं गुरु इससे पहले हिंदी मीडियम, ब्लैकमेल और टाइम टू डांस जैसी फिल्मों के गानों में स्पेशल अपीयरेंस दे चुके हैं। फिल्म की टीम ने एक्सक्लूसिव बातचीत की जहां दोनों ने फिल्म से जुड़ी बातें और अपनी जिंदगी के कुछ पहलुओं को साझा किया।

**इस फिल्म से आप अपना डेब्यू करने वाले हैं। कैसा महसूस कर रहे हैं?**

मैंने इस फिल्म के लिए अपनी पूरी मेहनत की है। अब सब कुछ ऑडियंस पर निर्भर करता है कि वो मुझे बतौर एक्टर कितना पसंद करते हैं।

**आपने इरफान खान के साथ काम किया है। उनकी सबसे अच्छी बात क्या लगी?**

इरफान सर बहुत डाउन टू अर्थ इंसान थे। मुझे याद है, जब हम जॉर्जिया में शूट कर रहे थे, उस दौरान बहुत सारे विदेशी लोग उनके साथ फोटोज खिंचवा रहे थे। हालांकि इरफान सर गोरे नहीं थे, फिर भी जॉर्जिया में उनका जबरदस्त क्रेज देखने को मिला था। इरफान सर बहुत ही विनम्र और सपोर्ट करने वाले व्यक्ति थे।

**सई मांजरेकर ने सलमान खान की फिल्म दबंग 3 से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। ऐसे में सलमान खान से आपने क्या सीखा?**

सलमान खान बहुत मेहनत करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि जब लोग बड़ा मुकाम हासिल कर लेते हैं, तो वे चीजों को हल्के में लेने लगते हैं। लेकिन सलमान खान ऐसे बिल्कुल नहीं हैं। वे आज दिन भी बहुत हार्ड वर्किंग हैं।

**चूंकि फिल्म का नाम है कुछ खट्टा हो जाए है, अपनी जिंदगी का कोई खट्टा एक्सपीरियंस शेयर कीजिए।**

बचपन में जब भी मैं झूठ बोलता था मेरी नाक के पास फुंसियां निकल आया करती थीं। मुझे समझ नहीं आता था कि ऐसा क्यों होता था। मेरे पापा ने कहा कि ये मेरे हर साल निकलती हैं। फिर मैंने खुद से ही सोचा कि जब भी मैं झूठ बोलता हूं, तो ऐसा हो जाता है। तबसे मैंने झूठ बोलना छोड़ दिया।

**आप खुद को मोटिवेट कैसे करते हैं?**

मैं खुद को शीशे में देख कर अपने आप को मोटिवेट करता हूं। शीशे के सामने खड़े होकर मुझे लगता है कि ये कोई अलग बंदा खड़ा है। मैं अब पहले से बहुत बदल चुका हूं।

वहीं सई ने कहा जब भी मैं निराश महसूस करती हैं, खुद को मोटिवेट करने के लिए खुद से बच्चों की तरह बातें करना शुरू कर देती हूं। जैसे बच्चों को सहलाते हैं, बिल्कुल उसी तरह मैं भी खुद को सहलाती हूं और बातें करती हूं। ऐसा करने से मैं अंदर से शांत हो जाती हूं।








## संक्षिप्त समाचार

### गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई , एजेंसी।** गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड ('कंपनी') ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, 30 सितंबर, 2023 तक कंपनी भारत में फ्लोट ग्लास बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है और फ्लोट ग्लास की विनिर्माण क्षमता में इसकी 22 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी अंकित मूल्य ?10 प्रत्येक वाले इम्टी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में ?500 करोड़ तक के इम्टी शेयरों का फ्रेश इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 15,667,977 इम्टी शेयर तक की बिक्री की पेशकश ('बिक्री के लिए ऑफर') शामिल है।कंपनी नए इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग 1. हमारे सभी या कुछ उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान और 2. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए करने का प्रस्ताव करती है।ऑफर फॉर सेल में शामिल हैं - सुरेश त्यागी द्वारा 1,019,995 इम्टी शेयर तक, जिमी त्यागी (सामूहिक रूप से, 'प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक') द्वारा 1,019,995 इम्टी शेयर तक, आई अपॉर्चुनिटीज फंड आई द्वारा 10,277,987 इम्टी शेयर तक और कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड द्वारा 3,350,000 तक इम्टी शेयर (सामूहिक रूप से, इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स) (सामूहिक तौर पर- प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स और इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स, सेलिंग शेयरहोल्डर्स)।रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इम्टी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### तीसरी तिमाही में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 469 करोड़ रु. तक पहुँचा

**मुंबई, एजेंसी।** फिनटेक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज 34 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तीसरी तिमाही के लिए अपने कॉन्सोलिडेटेड परिणाम जारी किए। साल-दर-साल 47 प्रतिशत ज्यादा, 469 करोड़ रु. के राजस्व, एवं साल-दर-साल 20.0 प्रतिशत ज़्यादा, 44 करोड़ रु. के शुद्ध लाभ के साथ बैंक मज़बूत वृद्धि करता रहा। बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 5.9 करोड़ हो गए, जिससे ग्राहक जमा राशि को बढ़ावा मिला, जो 50 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ इस तिमाही में 2,339 करोड़ रु. रहा। बैंक का वार्षिक सकल मर्चैंडाइज़ मूल्य (जीएमवी) 2,628 अरब रुपये से अधिक रहा। डेबिट कार्ड और बचत बैंक खाते सहित नए लॉन्च किए गए उत्पादों की मदद से बैंक की मुफ्त आय में भी वृद्धि हुई। इन परिणामों के बारे में एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा,÷बचत बैंक खाते, डेबिट कार्ड और फ़ास्टैग जैसी अन्य पेशकशों के साथ हमारे सुरक्षित डिजिटल उत्पादों की ग्राहकों के बीच बढ़ती मांग 57 हमने एक और तिमाही में लगातार और प्रतिस्पर्धी विकास किया है। हम एक बैंक के रूप में अपने हर काम को अनुपालन पर आधारित रखते हैं, और हमें विश्वास है कि इससे हमें भारत के एकमात्र लाभदायक फिनटेक बनने की ओर बढ़ते रहने में मदद मिलेगी। आज की डिजिटल दुनिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता है ।

# राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में बढ़ी समृद्धि, दूर-दराज के इलाके अब भी फिसड्डी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की ओर से राज्य विधानसभा में पेश की गई आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, सूबे का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15.5 प्रतिशत बढ़कर 7.5 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक जीएसडीपी 2022-2023 में 10.6 प्रतिशत बढ़कर 4.4 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट इशारा करती है कि राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में तो खूब विकास हुआ है पर दूर-दराज के इलाके अब भी समृद्धि से दूर हैं और संघर्ष कर रहे हैं। पटना और बेगूसराय जैसे जिले में प्रति व्यक्ति आय के मामले में अव्वल हैं पर शिवहर, अररिया और किशनगंज जैसे जिले अब भी फिसड्डी हैं।



### हवाई सफर करने वालों की संख्या में सात गुना इजाफा

आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े कई क्षेत्रों में बिहार की प्रगति की ओर इशारा कर रहे हैं। राज्य में हवाई परिवहन का आकार 2011-12 के 30 करोड़ रुपये से सात गुना बढ़कर 2022-23 में 228 करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, हवाई परिवहन क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 के दौरान 59 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। सर्वेक्षण के अनुसार सभी तीन क्षेत्रों- प्राथमिक (कृषि), माध्यमिक (औद्योगिक) और तृतीयक (सेवाओं) के मामले में उच्चतम वृद्धि दर्ज किया गया। कभी देश के पिछड़े राज्यों की गिनती में शुमार रहे बिहार में शहरीकरण का ग्राफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में तेजी से बढ़ा है। बिहार विधानसभा में सरकार की ओर से पेश आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 इस बात की पुष्टि करती है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में शहरीकरण की दर में 17.1 प्रतिशत की तेज दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पटना जिला सबसे अधिक शहरी आबादी वाला जिला है, जहां 44.3 प्रतिशत लोग शहरी क्षेत्र में बसते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, 2018-19 से 2022-23 के बीच नगर विकास परियोजनाओं की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 27 प्रतिशत रही जबकि इस दौरान आवास योजनाओं की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 11 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान समग्र वार्षिक चक्रवृद्धि दर 17.1 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नगर विकास व आवास विभाग के लिए बजट राशि खर्च करना अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में इसके लिए कुल 4465.27 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें से केवल 2339.47 करोड़ रुपये ही खर्च किए जा सके हैं।

### सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन से लिंगानुपात सुधरा

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश की कुल जनसंख्या में बिहार की हिस्सेदारी 9.4 प्रतिशत है। 2011 की जनगणना के आधार पर देश की कुल जनसंख्या में बिहार की हिस्सेदारी 8.6 प्रतिशत थी, जो 2023 में बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गई है। 2011 से 2023 के दौरान बिहार में लिंगानुपात (स्त्री-पुरुष अनुपात) में भी सुधार हुआ है। बिहार में अनुमानित तौर पर अब प्रति एक हजार पुरुष पर 953 महिलाएं हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य सरकार की सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन से लिंगानुपात को सुधारने में मदद मिली है।

अर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार बिहार के पटना, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, शेखपुरा, भोजपुर और सारण सबसे विकसित जिला हैं। वहीं अररिया, शिवहर, बांका, किशनगंज और लखीसराय पिछड़े जिले हैं। बिहार का सबसे अमीर जिला पटना और सबसे गरीब शिवहर जिला है। अमीरी के मामले में दूसरे नंबर पर बेगूसराय और तीसरे स्थान पर मुंगेर जिला है। गरीबी के मामले में दूसरे नंबर पर अररिया और तीसरे पर सीतामढ़ी है। अर्थिक सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति आप के हिसाब से 38 जिले की रैकिंग बताई गई है। राज्य में औसत प्रति व्यक्ति आय 53,637 रुपये है, पटना में यह 1,14,541 रुपये है। बेगूसराय में प्रति व्यक्ति आय 46,991 और मुंगेर में 44176 रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार शिवहर, अररिया और सीतामढ़ी में अमीरी-गरीबी के बीच का अंतर काफी अधिक है। शिवहर में जिले में प्रति व्यक्ति आय सबसे कम 18,980 रुपये है। अररिया में यह 19,795 रुपये और सीतामढ़ी में 21,448 रुपये है। पटना में प्रति व्यक्ति आय बिहार के सबसे गरीब जिले शिवहर की तुलना में लगभग छह गुना से अधिक है।

## केरल पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये हेली-टूरिज्म को देगा बढ़ावा

### एडवेंचर टूरिज्मो के बड़े-बड़े इवेंट्स का आयोजन करने की है योजना

**भोपाल।** केरला टूरिज्मे 2024 में नई ऊँचाइयाँ छूने को तैयार है। इस कड़ी में इसने आज राष्ट्री य राजधानी में नये-नये प्रोडक्ट्सव पेश किये हैं, जिसमें हेली-टूरिज्मी भी शामिल है। हेली-टूरिज्मा घरेलू पर्यटकों की संख्याी बढ़ाने के लिये केरला टूरिज्म् के आक्रामक अभियान के तहत राज्यू के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ेगा।

केरल के पर्यटन मंत्री श्री पी. ए. मोहम्मरद रियास ने कहा, ''हेली-टूरिज्म की ब्रांडिंग 'स्कायय एस्कैयप्सा' के नाम से की गई है। इसकी योजना तीन दशक पहले राज्यप में दिखे हाउसबोट्स की तर्ज पर एक गेम-चेंजर के रूप में बनाई गई है। यह भारत और विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

श्री रियास ने आगे कहा, ''केरल देश का पहला राज्यस बन चुका है, जोकि पर्यटन के लिये हेली-टूरिज्मह की एक विस्तृति नीति लेकर आया है। हेलीकॉप्टलर सेवा प्रदाताओं के ट्रैवेल पैकेजेस का विवरण देने वाली एक माइक्रो-साइट बनाई गई है। एक ही दौरे में विभिन्नों जगहों पर जाने की योजना बना रहे पर्यटकों को इस पहल से काफी मदद मिलेगी। इस तरह केरल पर्यटन का एक इंटर-कनेक्टेजड हॉटस्पॉट बनेगा।''

इसके आगे, मंत्रीजी ने कहा, ''नये साल में हमने राज्यड में घरेलू पर्यटकों की मौजूदगी बढ़ाने के लिये मार्केटिंग की एक आक्रामक रणनीति बनाई है। केरला टूरिज्म, के कैम्पे न 'मेक अप फॉर लॉस्टे टाइम, पैक अप फॉर केरला'' को प्रतिष्ठित पीएटीए गोल्डह अवार्ड मिला है। यह अवार्ड प्रचार के लिये उसकी अभिनव पहल को साबित करता है।''

पर्यटन मंत्री श्री रियास ने बताया कि केरल को एडवेंचर टूरिज्मि के वैश्विक मानचित्र पर स्थातपित करने के लक्ष्यम से सरकार ने इस साल इंटरनेशनल एडवेंचर स्पो र्ट्स के चार आयोजनों की मेजबानी करने का फैसला लिया है। दुनियाभर में एडवेंचर टूरिज्मस के वर्ष 2032 तक 20त्न बढ़ने की उम्मी द थी। इसकी घरेलू पर्यटन की तरक्की में भी बड़ी भूमिका रही है। मंत्रीजी ने कहा कि हमने एडवेंचर टूरिज्मत के कई बड़े इवेंट्स का आयोजन करने की भी योजना बनाई है। हमारे राज्य के भूगोल में पहाड़ों, नदियों, समुद्री तटों और नहरों का चुनौतीपूर्ण मिश्रण मौजूद है जोकि इस सेगमेंट के लिए असीम संभावना पेश करता है।

## ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को नौकरी देने का फैसला ; मुख्यधारा से जोड़ने और समावेशी माहौल पर बड़ी पहल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील ने अलग-अलग लोकेशंस पर भर्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खास बात यह कि इन पदों पर भर्ती के लिए ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए हैं। टाटा स्टील प्रबंधन ने रूढ़ीवादी विचारों को पीछे छोड़ते हुए नियुक्ति के क्षेत्र में नया अध्याय लिखने की शुरुआत की है। टाटा स्टील का कहना है कि इससे समावेशी माहौल बनाने में मदद मिलेगी। प्रबंधन के मुताबिक टाटा स्टील समाज में ट्रांसजेंडर लोगों को मुख्यधारा में लाने के महत्व को पहचानती है। इसलिए अलग-अलग इकाइयों में कई पदों पर भर्ती के लिए लिए ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हर साल लगभग 35 मिलियन टन कच्चे इस्पात का उत्पादन करने के मामले में टाटा अग्रणी वैश्विक कंपनी है। टाटा ने ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को नौकरी देने के फैसले पर कहा, आवेदन की अंतिम तारीख 15 फरवरी है। शॉर्टलिस्ट होने के बाद उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। भर्ती से पहले पदों की जरूरत के अनुसार लिखित परीक्षा या इंटरव्यू देना पड़ेगा। योग्यता के बारे में टाटा स्टील ने बताया, अंग्रेजी में मैट्रिकुलेशन या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से कोर्स करने वाले पात्र उम्मीदवार संबंधित पदों पर आवेदन कर सकते हैं।

## मुकेश कुमार शर्मा दही भल्ले वाले एमडब्ल्यू में लाते हैं दुकान का सामान

### साल 1989 से दिल्ली में दही भल्ले बेच रहे हैं

### दही भल्ले बेचकर मुकेश कुमार हर दिन बंपर कमाई करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आजकल बहुत से लोग फूड बिजनेस में लगे हुए हैं। ये बिजनेस काफी तेजी से चल भी रहे हैं। हर मौसम में लोग टेस्टी खाना खूब पसंद करते हैं। इसी वजह से फूड बिजनेस को हमेशा फायदे का माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं बहुत से लोग ऐसे हैं जो इस बिजनेस में लाखों रुपयों की कमाई कर रहे हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं। नेहरू प्लेस के शर्मा जी चाट वाले कई सालों से अपनी दुकान लगा रहे हैं। शर्माजी का चाट भी बड़ा फेमस है। मुकेश कुमार शर्मा शर्मा जी चाट नाम से प्रसिद्ध दही भल्ला स्टॉल चलाते हैं। वह साल 1989 से अपने स्वादिष्ट दही भल्ले के लिए जाने जाते हैं, जिसके कारण उन्हें करोड़पति दही भल्ले वाले नाम मिला है। शर्मा जी अपनी बीएमडब्ल्यू कार में दुकान का सामान लाते हैं और एक टेबल पर अपना स्टॉल लगाते हैं। इनका दही भल्ला इतना लोकप्रिय है कि इसे खाने वालों की हमेशा भीड़ लगी रहती है।



## पांच महीने में 42 लाख शादियां, बैंड-बाजा-बारात से 5.50 लाख करोड़ का बिजनेस, केट का अनुमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में मौजूदा शादी सीजन के दौरान करीब 42 लाख विवाह होंगे। इनसे करीब 5.50 लाख करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद है। 15 जनवरी से 15 जुलाई तक चलने वाले शादियों के सीजन में सिर्फ दिल्ली में ही चार लाख विवाह होंगे, जिनमें करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये की खरीद-बिक्री का अनुमान है। पिछले साल 14 दिसंबर को खत्म हुए सीजन में करीब 35 लाख शादियां हुई थीं। इनसे देशभर में 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।



### करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की शोध शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसायटी के मुताबिक, पिछले सीजन की तुलना में इस बार करीब सात लाख अधिक शादियां होंगी। कारोबार भी करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये ज्यादा होने की उम्मीद है। यह आकलन देशभर के व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं से बातचीत कर किया गया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि देशभर के व्यापारियों की पूरी तैयारी है। ग्राहकों की पसंद के हिसाब से मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक है। आभूषण, साड़ी, लहंगा-चुनरी, फर्नीचर, कपड़े, जूते, सूखे मेवे, मिठाई, फल, पूजा वस्त्र, किराना, इलेक्ट्रिकल सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और विभिन्न उपहार वाले उत्पादों की मांग सबसे अधिक है। बैंक्वेट हॉल, होटल, ओपन लॉन, सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक पार्क, फार्म हाउस और विवाह स्थलों की पूरे देश में बुकिंग हो गई है। टेंट, सजावट, क्रॉकरी, कैटरिंग सेवा, कैब सेवा, फोटोग्राफर-वीडियोग्राफर, बैंड, डीजे, बग्घी, लाइट, ढोल, ताशे समेत अन्य सुविधाओं की बुकिंग भी तेजी से हो रही है।

## रेलवे स्टॉक्स गिरावट के बाद बने बुलेट ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर रेलवे स्टॉक्स आरवीएनएल और आईआरएफसी आज बुलेट ट्रेन की स्पीड से भाग रहे हैं। रेल विकास निगम यानी आरवीएनएल आज 228.50 रुपये पर खुलकर 11 बजे तक 256.40 रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले यह 223.50 रुपये तक आ गया था। आज दिन के निचले स्तर से यह 33 रुपये ऊपर तक पहुंचा। सवा 11 बजे के करीब यह 9.63 फीसद की उछाल के साथ 252 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का हाई 345.50 और लो 56.05 रुपये है। इस उछाल के बावजूद पिछले पांच दिन में यह स्टॉक 11.85 फीसद गिरा है। हालांकि, आरवीएनएल ने पिछले छह महीने में 102 फीसद का बंपर रिटर्न दिया है। इस साल अबतक इसने करीब 40 फीसद का रिटर्न दिया है। और एक साल में इसने एक लाख को 3.64 लाख रुपये में तब्दील कर दिया है। डिरेल हुई गाड़ी सरपट दौड़ी~ इसी तरह सोमवार को डिरेल हो चुकी आईआरएफसी की गाड़ी न केवल दोबारा ट्रैक पर लौट आई है, बल्कि बुलेट ट्रेन की स्पीड से भाग रही है।

## पिछले वर्ष अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शहरी बेरोजगारी में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के लिए राहत की खबर सामने आई है। देश के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर में गिरावट आई है। अक्टूबर-दिसंबर 2023 की तिमाही में 15 वर्ष और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों के लिए शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट आई है। यह 6.6 प्रतिशत से घटकर 6.5 फीसदी हो गई है। जबकि जुलाई-सितंबर अवधि में यह 6.6 फीसदी थी। देश में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर 8.6 फीसदी रही है। यह पिछली तिमाही के समान है। हालांकि, यह अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में दर्ज 9.6 फीसदी से कम है।



### कोरोना काल में बढ़ी थी बेरोजगारी

देश में सख्त कोविड लॉकडाउन के कारण अप्रैल-जून 2020 की तिमाही में समग्र बेरोजगारी दर 20.9 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इसने पूरे देश में रोजगार के अवसरों को लेकर चिंता पैदा कर दी थी। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के पुरुषों के लिए, दिसंबर तिमाही में बेरोजगारी दर घटकर 5.8 फीसदी हो गई। जुलाई-सितंबर अवधि में यह 6 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी।

### लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन बढ़ा

एनएसओ ने पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे जारी किया है। डेटा के मुताबिक, शहरी इलाकों में रहने वालों के बीच श्रम बल भागीदारी यानी लोबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट में बढ़ोतरी आ रही है। यह 15 साल से ज्यादा उम्र के बीच के लोगों के लिए 48.2 फीसदी से बढ़कर 49.9 फीसदी रही है। महिला लेबर फोर्स भागीदारी भी इस अवधि में बढ़ी है। महिलाओं के लिए, यह दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जुलाई-सितंबर अवधि के 24 प्रतिशत से बढ़कर 25 फीसदी हो गई है। जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही में यह दर 22.3 फीसदी थी।

## जिंदल ने जापान की कंपनी के साथ की डील, 5500 करोड़ के निवेश का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने 5,500 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश पर जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन के साथ एक संयुक्त उद्यम के जरिए अनाज उन्मुख विद्युत इस्पात विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना की मंगलवार को घोषणा की। जापान स्थित जेएफई कॉर्पोरेशन की जेएसडब्ल्यू स्टील में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी के शेयर आज इंट्रा डे ट्रेड में मामूली तेजी के साथ 811.35 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड ने एक बयान में भारत में ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील के उत्पादन के लिए जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन (जापान) के साथ 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम की घोषणा की। 12 फरवरी को यह फैसला किया गया। बयान के अनुसार, नई कंपनी जेएसडब्ल्यू इलेक्ट्रिकल स्टील प्राइवेट लिमिटेड का नाम बदलकर जेएसडब्ल्यू जेएफई इलेक्ट्रिकल स्टील प्राइवेट लिमिटेड रखा जाएगा। यह कर्नाटक के जिला बेल्लारी में स्थित होगी और इसे 5,500 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश के साथ स्थापित किया जाएगा।

## कार कंपनियों के लिए शानदार रहा जनवरी, वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कार कंपनियों के लिए साल 2024 का पहला महीना यानी जनवरी शानदार रहा और इस दौरान वाहन बनाने वाली कंपनियों ने जमकर वाहन बेचे। स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर जनवरी में पैसेंजर व्हीकल्स की रिटेल बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



फाडा के अनुसार, पैसेंजर वाहन की सेल्स जनवरी में बढ़कर 3,93,250 यूनिट पर पहुंच गई। जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 3,47,086 यूनिट था। इसमें सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मनीष राज सिंघानिया ने बयान में कहा, ''नए मॉडल पेश होने, अधिक अवेलिबिलिटी, प्रभावी मार्किटिंग, उपभोक्ता योजनाओं तथा शादियों के सीजन से एसयूवी की उच्च मांग से बिक्री में उछाल आया।''

साथ ही सिंघानिया ने कहा, ''वास्तविक बाजार की मांग के साथ बेहतर तालमेल बैठाने तथा भविष्य में 'ओवरसप्लाई' के मुद्दों से बचने के लिए ओईएम के साथ उत्पादन को लेकर फिर से विचार-विमर्श करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) को निरंतर सफलता और समग्र बाजार स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उत्पादन योजना के साथ नवाचार को संतुलित करना चाहिए। दोपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़ी

इसके अलावा दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। जनवरी 2024 में यह सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 14,58,849 यूनिट हो गई। कमर्शियल वाहन की बिक्री पिछले महीने 89,208 यूनिट पर स्थिर रही। तिपहिया वाहनों की रिटेल सेल्स जनवरी 2023 में 71,325 यूनिट से पिछले महीने 37 प्रतिशत बढ़कर 97,675 इकाई हो गई। ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 88,671 यूनिट हो गई। कुल रिटेल बिक्री जनवरी में सालाना अधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 21,27,653 यूनिट रही, जो जनवरी 2023 में 18,49,691 यूनिट थी।

बीसीसीआई अफसर बोले

# गलत सिग्नल दे रहे राहुल

● फिट नहीं तो बैटिंग का वीडियो क्यों पोस्ट किया, चोट के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर हैं केएल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल के तीसरे टेस्ट से बाहर होने पर बीसीसीआई ने सवाल उठाए। बोर्ड अधिकारी ने कहा कि राहुल अगर फिट नहीं हैं तो वह इंस्टाग्राम पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट क्यों कर रहे हैं। ऐसा करने से वह बोर्ड को गलत सिग्नल भेज रहे हैं। टीम इंडिया के बैटर राहुल इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। उन्हें आखिरी 3 टेस्ट के स्क्वॉड में शामिल किया गया, लेकिन सोमवार को ही बीसीसीआई ने बताया कि राहुल फिट नहीं हैं और वह तीसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

**राहुल को संभालने में मेडिकल टीम की भी गलती-** बीसीसीआई ऑफिशियल ने मीडिया से कहा, अगर बीसीसीआई मेडिकल टीम को पता था कि राहुल की चोट गंभीर है तो उन्होंने राहुल को स्क्वॉड में शामिल करने की छूट दी ही क्यों? और खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट कर गलत सिग्नल क्यों भेज रहे हैं?

राहुल ने पिछले दिनों इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो शेयर की थी। बीसीसीआई अधिकारी का कहना है कि राहुल ने वीडियो शेयर की, इसीलिए उन्हें लगा कि वह खेलने के लिए फिट हैं।

**राहुल 90 प्रतिशत ही फिट हो सके-** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान शनिवार को हुआ। राहुल के साथ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके रवींद्र जडेजा को भी स्क्वॉड में जगह मिली। हालांकि, बीसीसीआई ने कहा कि दोनों की फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें मैच खेलने दिया जाएगा। अब सोमवार को बीसीसीआई ने ही बताया कि राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। राहुल 90 प्रतिशत ही फिट हैं और वह बेंगलुरु में रहकर एनसीए की निगरानी में रिकवरी करेंगे। ताकि वह चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए फिट हो सकें।

## राहुल की जगह पड्डिकल शामिल

राहुल की जगह कर्नाटक के ही लेफ्ट हैंड बैटर देवदत्त पड्डिकल को स्क्वॉड में शामिल किया गया। पड्डिकल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह 2024 के सीजन में 4 ही मुकाबलों में 556 रन बना चुके हैं। उन्होंने 3 शतक लगाए। पिछले दिनों तमिलानडु के खिलाफ 151 रन की पारी के दौरान टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर स्टेडियम में बैठकर उनका प्रदर्शन भी देख रहे थे।



### जडेजा टीम के साथ जुड़े

बीसीसीआई स्टेटमेंट के बाद राहुल एनसीए में ही रुक गए, जबकि रवींद्र जडेजा राजकोट में टेस्ट खेलने के लिए टीम के साथ जुड़ गए हैं। राजकोट उनका होमग्राउंड है, जहां 15 फरवरी को मुकाबला शुरू होने से पहले उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उनके साथ भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेल चुके चेतेश्वर पुजारा को भी बोर्ड सम्मानित करेगा। हालांकि, जडेजा तीसरा टेस्ट तभी खेलेंगे जब वह पूरी तरह फिट होंगे। अगर वह खेले तो अक्षर पटेल या कुलदीप यादव में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। दूसरे टेस्ट में कुलदीप ने अपनी बॉलिंग से इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया था। वहीं अक्षर दोनों टेस्ट में अपनी बैटिंग से प्रभावित कर चुके हैं। टीम के तीसरे स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रहेंगे।

### डेब्यू कर सकते हैं सरफराज

राहुल के बाहर होने के बाद अब साफ हो गया है कि तीसरे टेस्ट में सरफराज खान या देवदत्त पड्डिकल डेब्यू करेंगे। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार नंबर-4 पर उतर सकते हैं। वहीं श्रेयस अय्यर के बाहर होने से नंबर-5 की पोजिशन पर अब सरफराज या पड्डिकल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

न्यूज़ीलैंड - साउथ अफ्रीका दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# स्वार्ट अर्धशतक बनाकर नाबाद, स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका का स्कोर 220/6

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** न्यूज़ीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला हैमिल्टन में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट के नुकसान 220 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम साउथ अफ्रीका से रुआन डे स्वार्ट 55 और शॉन वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। स्वार्ट ने टेस्ट करियर का



पहला अर्धशतक लगाया। कीवी टीम से रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

**साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही-** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की खराब शुरुआत रही। विकेटकीपर-बैटर क्लाइड फोर्च्यून बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद टीम को दूसरा झटका कप्तान नील ब्रांड के रूप में लगा। ब्रांड 25 रन बनाकर आउट हुए। रेनार्ड वान टोंडर 32 रन बनाकर आउट हुए। जुबैर हमजा ने 20 और डेविड बेडिंघम ने 39 रन बनाए। कीगन पीटरसन 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**रचिन अब तक सबसे ज्यादा विकेट ले चुके-** न्यूज़ीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र 3 विकेट ले चुके हैं। उनके अलावा मैट हेनरी, विलियम ओरूर्के और नील वेगनर को 1-1 विकेट मिला। कप्तान टिम साउदी ने 21 ओवर में 54 रन दिए। इस दौरान उन्होंने 7 मेडन ओवर फेकें।

# कुलवंत खेजरोलिया ने 4 गेंद पर 4 विकेट लिए

रणजी में ऐसा करने वाले तीसरे गेंदबाज; जलज सक्सेना ने झटके 9 विकेट



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी में छठे राउंड के नतीजे सोमवार को आए। मध्यप्रदेश के लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया 4 गेंद में 4 विकेट लेने का कारनामा किया। वह रणजी में ऐसा करने वाले तीसरे ही बॉलर बने। उनके प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने बड़ौदा को पारी के अंतर से हराया।

दूसरी ओर, केरल के स्पिनर जलज सक्सेना ने पारी में महज 68 रन देकर 9 विकेट झटक लिए। वह ऐसा करने वाले छठे बॉलर बने। उनके दम पर टीम ने बंगाल को 109 रन से हराया।

**खेजरोलिया के प्रदर्शन से जीता मध्य प्रदेश-** कुलवंत खेजरोलिया ने दूसरी पारी में 4 बॉल पर 4 विकेट लेकर बड़ौदा की पारी समेट दी। उन्होंने पारी में 34 रन देकर कुल 5 विकेट लिए। बड़ौदा 270 रन ही बना सका, टीम ने पहली पारी में 132 रन बनाए थे। मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 454 रन का स्कोर खड़ा किया था, इसलिए टीम को पारी और 52 रन से जीत मिली।

## हरियाणा और सर्विसेज ने पारी से जीता मुकाबला

- रणजी ट्रॉफी में राउंड-6 के बाकी नतीजे इस प्रकार रहे।
- हरियाणा ने झारखंड को पारी और 205 रन से हराया।
- सर्विसेज ने मणिपुर को पारी और 196 रन से हराया।
- विदर्भ ने महाराष्ट्र को 10 विकेट से हराया।
- असम ने बिहार को 9 विकेट से हराया।
- सौराष्ट्र ने राजस्थान को 218 रन से हराया।
- उत्तराखंड ने ओडिशा को 162 रन से हराया।
- दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 76 रन से हराया।
- रेलवे ने गोवा को 63 रन से हराया।
- जम्मू कश्मीर ने पुड्डुचेरी को 19 रन से हराया।

### 4 बॉल में 4 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज

खेजरोलिया से पहले 2 ही गेंदबाज रणजी में 4 बॉल पर 4 विकेट ले सके थे। जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद मुदस्सिर और दिल्ली के शंकर सैनी रणजी ट्रॉफी में 4 बॉल पर 4 विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। सैनी ने 1995 और मुदस्सिर ने 2015 में ऐसा किया था।

# सुरेश रैना फिर दिखेंगे पीली जर्सी में, इस टीम के बने कप्तान

23 फरवरी से होंगे मुकाबले

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना एक बार फिर से मैदान पर चौके छक्के लगाते दिखेंगे। रैना इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के उद्घाटन सत्र के लिए वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के कप्तान बन गए हैं। यह टूर्नामेंट 23 फरवरी से 3 मार्च 2024 तक खेला जाएगा। रैना अपनी टीम के लिए फिर से पीली जर्सी पहने नजर आएंगे।

रैना टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। मैं वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए उपस्थित होऊंगा। यह एक बार फिर बड़े नामों के साथ



खेलने का मौका है। रैना की टीम में रजत भाटिया और डैन क्रिश्चियन भी हैं जोकि देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबले खेलेगी।

आईवीपीएल का आयोजन भारतीय अनुभवी क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट में वीरेंद्र सहवाग, मुनाफ पटेल, क्रिस गेल और हर्शल गिब्स भी खेलेंगे। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने कहा कि दिग्गज क्रिकेटर इस खेल को जनता के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाएंगे। सुरेश रैना को बोर्ड में शामिल करना खुशी की बात है और प्रशंसक उन्हें खेलते हुए देखकर खुश होंगे।

बता दें कि लीग में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश, राजस्थान लीजेंड्स, रेड कार्पेट दिल्ली, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, तेलंगाना टाइगर्स और मुंबई चैंपियंस नाम की टीमें हैं। इसमें वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल और हर्शल गिब्स क्रमशः मुंबई चैंपियंस, तेलंगाना टाइगर्स और रेड कार्पेट दिल्ली के कप्तान हैं।

आईपीएल की तैयारी में जुटे खिलाड़ियों को

# बीसीसीआई की वॉर्निंग

कहा- सीनियर प्लेयर्स को रणजी ट्रॉफी खेलनी होगी, वर्ना हम एक्शन लेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर प्लेयर्स को रणजी ट्रॉफी में शामिल नहीं होने के बाद वॉर्निंग दी है। बड़ौदा के क्रुणाल पंड्या और राजस्थान के दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों ने स्टेट टीम से मैच खेलने के बजाय आईपीएल की तैयारी को प्राथमिकता दी है।

बीसीसीआई ने नेशनल सिलेक्टर्स से चर्चा के बाद सभी खिलाड़ियों को ईमेल किया। बोर्ड ने खिलाड़ियों को अपनी स्टेट टीम से रणजी ट्रॉफी में अगले राउंड का मैच खेलने के लिए कहा है।



### बीसीसीआई ने ईमेल किया

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ने सोमवार को ईमेल के जरिए खिलाड़ियों को वॉर्निंग दी। बोर्ड ने कहा कि जो खिलाड़ी नेशनल स्क्वॉड और एनसीए में नहीं हैं, उन्हें स्टेट टीम के साथ मैच खेलना ही होगा। रणजी ट्रॉफी का अगला राउंड 16 फरवरी से शुरू होगा। सभी खिलाड़ियों को इस राउंड में स्टेट टीम के साथ शामिल होने की वॉर्निंग दी गई है। अगर खिलाड़ी फिट होने के बावजूद रणजी खेलने नहीं उतरे तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### क्रुणाल और चाहर नहीं खेल रहे रणजी मैच

बड़ौदा के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या और राजस्थान के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने अभी से आईपीएल की तैयारी करना शुरू कर दिया है। उन्हें अब अपनी घरेलू टीम से रणजी मैच खेलना ही होगा। क्रुणाल पंड्या आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स से खेलते हैं। उन्होंने बड़ौदा में आईपीएल की तैयारी करनी शुरू कर दी है। क्रुणाल ने घरेलू क्रिकेट में लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट खेला था, लेकिन वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट के लिए अवेलबल नहीं रहे। दूसरी ओर, चाहर ने पारिवारिक कारणों से दिसंबर-जनवरी में ब्रेक लिया था। वह अब फिट हैं, लेकिन फिर भी फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेल रहे। दीपक चाहर ने दिसंबर में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। तब से वह क्रिकेट से दूर हैं। इतना ही नहीं, सीनियर टीम से बाहर हुए श्रेयस अय्यर और मेंटल ब्रेक के बाद वापसी कर चुके ईशान किशन को भी अपने स्टेट की टीम से खेलना ही होगा। ईशान झारखंड और श्रेयस मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

**डीवाई पाटिल टूर्नामेंट से वापसी करेंगे ईशान-** सूत्रों ने बताया कि ईशान ने अपनी फैमिली को टाइम देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लिया था, क्योंकि वह लंबे समय से टीम के साथ थे और अपने परिवार को बिल्कुल भी समय नहीं दे सके। ऐसे में ब्रेक के दौरान ईशान ने परिवार के साथ समय बिताया।

# बिजली गिरने से फुटबॉलर की मौत

## इंडोनेशिया में लाइव मैच के दौरान हुआ हादसा, देश में 12 महीने में दूसरा मामला

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** इंडोनेशिया में एक फुटबॉल मैच के दौरान खिलाड़ी के ऊपर आसमानी बिजली गिरने से अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है। जिसका वीडियो अब सामने आया है। इंडोनेशिया के वेस्ट जावा के सिलिवांगी स्टेडियम में बीते शनिवार को खराब मौसम के बीच एफसी बैनडुंग और एफबीआई शुबैंग के बीच फ्रेंडली मैच खेला



जा रहा था। इसी दौरान मैदान के एक हिस्से में खड़े एक खिलाड़ी पर अचानक तेज रोशनी के साथ आसमानी बिजली गिरी। इस दौरान आग भी निकली। जिस खिलाड़ी पर बिजली गिरी, वो फौरन जमीन पर गिर गया, जबकि धमाके की वजह से दूर खड़ा दूसरा खिलाड़ी भी गिर गया। बाकी खिलाड़ी खुद को बचाने के लिए जमीन पर लेट गए, जबकि कुछ बाहर की तरफ भागने लगे।

### डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

कुछ देर बाद घायल खिलाड़ी के पास के अन्य खिलाड़ी पहुंचे। उस समय खिलाड़ी की सांसें चल रही थीं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मुजीब श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

इंजर्ड राशिद भी नहीं खेलेंगे, इब्राहिम जादरान संभालेंगे कमान; सीरीज 17 फरवरी से

**कोलंबो (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होने वाले टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। वह चोट की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं अफगानिस्तानी टीम के स्थायी कप्तान राशिद खान भी पीठ की सर्जरी की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 17 फरवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुजीब उर रहमान को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में दाहिने हाथ में चोट लग गई थी। जिसकी वजह से उन्हें टी-20 सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं दी गई है। वह श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे



मुकाबले से भी बाहर हो गए हैं।

**तेज गेंदबाज सलीम भी टीम का हिस्सा नहीं-** मुजीब और राशिद के अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। सलीम अब तक हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवर नहीं कर पाए हैं। अफगानिस्तान टीम में भारतीय दौरे पर आई टीम में चार बदलाव अफगानिस्तान ने पिछले महीने भारत दौरे पर टी-20 सीरीज खेलने आई टीम में से चार बदलाव किए हैं।

मुजीब और सलीम जहां चोट की वजह से 16 सदस्यीय स्कॉयड में शामिल नहीं हैं। वहीं विकेट कीपर बल्लेबाज इकराम अलीखिल और रहमत शाह को बाहर कर दिया गया है। जबकि मोहम्मद ईशाक को विकेटकीपर बल्लेबजा के तौर पर जगह दी गई है। ईशाक श्रीलंका के खिलाफ इकलौते टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा थे।

## आईएलटी 20 में चोटिल हुए मुजीब

मुजीब भारत में दो टी-20 मैच खेले थे। श्रीलंका दौरे पर वनडे सीरीज से पहले मुजीब ने ढ्रस्क्ष20 में गल्फ जायंट्स के लिए खेला, जहां उन्हें चोट लग गई थी। वहीं सलीम भारत के खिलाफ तीसरा टी-20 और श्रीलंका के खिलाफ एक मात्र टेस्ट मैच खेले। उन्हें टेस्ट मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी हो गई थी, जिसके बाद उन्हें तीन वनडे मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया था।

वहीं नियमित कप्तान राशिद खान पिछले साल भारत में हुए वनडे वर्ल्ड के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। हालांकि, भारतीय दौरे पर टीम का हिस्सा थे, पर टी-20 सीरीज शुरू होने से पहले ही उन्हें बाहर कर दिया गया था। वह पूरी सीरीज के दौरान टीम के साथ बन रहे थे। वहीं इस सीजन राशिद बीबीएल से भी हट गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका टी-20 से भी बाहर कर दिया गया था। राशिद ने पीएसएल से भी अपना नाम वापस ले लिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसरः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**टंकारा (गुजरात) एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती - ज्ञान ज्योति पर्व - स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यों से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी।माननीय राष्ट्रपति जी ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी।राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी भारत भूमि एक धन्य भूमि है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत प्रतिभाओं को जन्म दिया है। आध्यात्मिक रोगविज्ञानी श्री अरबिंदो ने महर्षि दयानंद के बारे में कहा, वे मनुष्यों और संस्थाओं के आदर्श थे। आज आर्य समाज के लगभग 10 हजार केन्द्र मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, लाला लाजपतराय जैसे महान क्रांतिकारियों का स्वामी जी के आदर्शों पर गहरा प्रभाव था। स्वामीजी और उनके असाधारण अनुयायियों ने देश के लोगों में एक नई चेतना का विश्वास जगाया। राष्ट्रपति ने काठियावाड़ की धरती की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद के बाद की पीढ़ियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ. स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रन्थ की रचना की।

### संसद में 5 साल एकदम खामोश ही रहे सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और सनी देओल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेज थपथपाना, बिल लाना, चर्चा बढ़ना, बहस करना जैसी कई गतिविधियों की गवाह संसद बनती है। इसमें कुछ नया भी नहीं है और अधिकांश सांसद इसमें शामिल भी नजर आते हैं। अब इनमें कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो बहस तो दूर की बात, बल्कि चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद सनी देओल से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा तक का नाम शामिल है। कहा जा रहा है कि ऐसे सांसदों की संख्या करीब 9 है, जो पूरे 5 सालों के कार्यकाल के दौरान सदन को एक बार भी संबोधित नहीं कर सके। गुरदासपुर से सांसद देओल का नाम भी इस सूची में है। हालांकि, असनसोल सांसद सिन्हा कुछ मौकों पर संसद में नजर भी आए। साथ ही वह विपक्षी सांसदों की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शनों का हिस्सा भी बने। इस दौरान सिन्हा ने एक बार भी कोई सवाल दाखिल नहीं किया। साथ ही वह अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को उठाने में भी असफल रहे। सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंद्रप्पा जीगाजिनागी, बहुजन समाज पार्टी से अतुल राय, टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी और भाजपा से ही प्रधान बरुआ, बीएन बचे गौड़ा, अनंत कुमार हेगड़े और वी श्रीनिवास प्रसाद का नाम शामिल है। खबर है कि लोकसभा स्पीकर बनने के बाद से ही ओम बिरला ने पहली बार बने सांसदों की सूची तैयार की थी। उन्होंने सभी को कम से कम एक बार सदन में बोलने के लिए प्रेरित भी किया था। हालांकि, उनके तमाम प्रयासों के बाद भी ऐसे कई सांसद रहे, जो साल 2019 से लेकर 2024 के बीच संसद में एक भी भाषण नहीं दे सके।

# एकला चलो की राह पर आप-कांग्रेस, सीट शेयरिंग पर बनेगी बात, केजरीवाल के बयान से अटकलें तेज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सभी पार्टियों ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को लेकर फैसला करने वाली है। हालांकि दोनों पार्टियां इस बात पर कायम हैं कि वे दिल्ली में भाजपा के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए सीट-बंटवारे के समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि दोनों दलों के सूत्र इस बात को स्वीकार करते हैं कि लोकसभा सीटों के बंटवारों में एक-दूसरे को तेवर दिखाने से मामले में देरी हो रही है।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि अन्य राज्यों में सीटें हासिल करने की आप की जिद गठबंधन के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आप के सूत्रों ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी इन सीटों पर आप को देने में अपने पैर पीछे खींच रही है, जिससे लाभ की तुलना में नुकसान ज्यादा हो रहा है। इसी बीच, कांग्रेस ने दिल्ली की सात सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के एक पैनल को अंतिम रूप दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि आप एक बैठक में दिल्ली के साथ-साथ गोवा और हरियाणा सहित अन्य राज्यों में मंगलवार को राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने वाली है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, गठबंधन को अंतिम रूप देने की बातचीत आप की गुजरात में भरूच सीट, चंडीगढ़ सीट और हरियाणा में एक सीट की मांग पर अटकी हुई है। अन्य राज्यों में आप को सीटें छोड़ने से दिल्ली में 4-3 सीटों के बंटवारे का समझौता क्यों होना चाहिए उन्होंने कहा कि अंतिम फैसला जल्द ही पार्टी आलाकमान करेगा। आप के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने सीट-बंटवारे का प्रस्ताव दिया है। हां, अन्य राज्यों में पार्टी सीट मांग रही है, जिनके बारे में अभी खुलासा न किया जाए तो बेहतर होगा। कांग्रेस को जवाबी प्रस्ताव के साथ हमारे साथ बातचीत के लिए वापस आना था, जो अभी तक नहीं आई है। सिर्फ हम ही नहीं, देश भर के गठबंधन सहयोगियों ने बाहर निकलने से पहले पार्टी की तरफ से इसी तरह की स्पष्टता का इंतजार किया था। समय ही सबसे महत्वपूर्ण है।

पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के आप के फैसले की घोषणा के बाद, शनिवार को लुधियाना में एक सभा में, केजरीवाल ने एक दिन बाद तरनतारन में यह कहकर अटकलें तेज कर दीं कि दिल्ली के लोगों ने राजधानी में सभी सात लोकसभा सीटें आप को अलॉट करने का फैसला किया है। सोमवार को आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा, आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा है लेकिन, हमारा मानना है कि अब बहुत देर हो चुकी है। सीट बंटवारे पर तेजी से फैसले लेने की जरूरत है। केजरीवाल के बयान पर राय ने कहा, उनका मतलब था कि बीजेपी दिल्ली की सभी सात सीटें हारने वाली है।

आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे विश्वास है कि आप सभी सात सीटें जीतेगी, भले ही अभी चुनाव हों। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन पर बातचीत अभी भी जारी है। वहीं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा, हम गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन राजधानी में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं। कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पहले ही पांच सीटों पर बड़ी जनसभाएं कर चुकी है। हम न सिर्फ मजबूती से इंडिया गठबंधन के साथ हैं बल्कि बीजेपी से लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

## यूपी में हारी सीटों पर बीजेपी ने प्रत्याशियों को लेकर कराया सर्वे, कई सांसदों के पाला बदल की चर्चाएं

**लखनऊ, एजेंसी।** 2019 को लोकसभा चुनाव में प्रदेश की हारी हुई सीटों पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक प्रत्याशी चयन को लेकर कवायद चल रही है। इस बीच प्रदेश भाजपा ने सभी हारी सीटों पर टिकट के दावेदारों को लेकर सर्वे कराया है। हर सीट पर दो-दो पर्यवेक्षक भेजे गए थे। कुछ पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट सौंप दी है तो बाकी सौंपने वाले हैं। कई सीटों पर दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है तो कई जगह बाहरी प्रत्याशी उतारने की डिमांड भी सामने आई है। कुछ जगह मौजूदा सांसदों के भी पाला बदल की चर्चाएं हैं।

भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि दो सीट उसके सहयोगी अपना दल (एस.) ने जीती थीं जबकि विपक्षी दलों में बसपा ने 10, सपा ने 5 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। मगर उपचुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर सीटें भी सपा से छीन ली थीं। इस तरह भाजपा की सीटें 64 और एनडीए की बढ़कर 66 हो गई थीं। अब प्रदेश में 14 हारी हुई सीटें हैं। पार्टी की ओर से इन सभी सीटों पर हाल ही में पर्यवेक्षक भेजे गए थे। इनमें प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी शामिल थे। इन सभी को मानक भी बता दिए गए थे कि किस स्तर के पार्टी नेताओं से उन्हें रायशुमारी करनी है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को घोसी, मंत्री धर्मपाल सिंह को श्रावस्ती, नीलिमा कटियार को मुरादाबाद, नवीन जैन को बिजनौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह को मैनपुरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को अंबेडकर नगर, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को जौनपुर, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला को सहारनपुर, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि को संभल, पंकज सिंह व विजय शिवहरे को अमरोहा, रंजना उपाध्याय को रायबरेली भेजा गया था। इनमें से कइयों ने रिपोर्ट सौंप दी है। सभी की रिपोर्ट मिलने के बाद इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजे जाने की तैयारी है। पूर्वांचल और अवध क्षेत्र की दो-तीन सीटों पर दूसरे दलों के मौजूदा सांसद भी पाला बदल कर प्रत्याशी हो सकते हैं।




## दिल्ली एम्स अब नगद नहीं स्मार्ट कार्ड से लेगा पेमेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एम्स ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर मरीजों को भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट कार्ड लॉन्च किया है। इसके माध्यम से मरीज कैंटीन से लेकर ओपीडी तक और लैब जांच के लिए भुगतान कर सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास और एसबीआई के एमडी मनजीत सिंह के साथ मिलकर 'एम्स स्मार्ट कार्ड' को जारी किया। मरीजों, तीमारदारों को स्मार्ट कार्ड देने और इसका रिचार्ज करने के लिए एम्स में ही जगह-जगह टॉप अप केंद्र मौजूद होंगे। स्मार्टकार्ड की सुविधा के बाद एम्स में कैश नहीं लिया जाएगा। यह कार्ड 24 घंटे काम करेगा। एम्स में यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से भी भुगतान होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमंट कार्ड दूर-दराज के इलाकों से मरीजों को नकदी ले जाने की समस्या का समाधान करेगा और सुरक्षित भुगतान की गारंटी देगा। मांडविया ने सोमवार को दिल्ली एम्स में एम्स-एसबीआई स्मार्ट भुगतान कार्ड जारी करते हुए कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए यह एक बड़ी राहत है।

# कांग्रेस में भगदड़ के हालात, अशोक चव्हाण के बाद 12 विधायक लाइन में

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विपक्षी गठबंधन आईएएनडीआईए ब्लॉक को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस हाईकमान ने चव्हाण का इस्तीफा भी मंजूर कर दिया है। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा द्वारा कांग्रेस छोड़ने के कुछ दिनों बाद आया है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। खबर है कि चव्हाण के जाने के बाद कांग्रेस में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं जो कभी भी अपना पाला बदल सकते हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नाना पटोले को लिखे एक पंक्ति के इस्तीफे में अशोक चव्हाण ने लिखा, मैं 12/02/2024 को दोपहर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपता हूं। 65 वर्षीय नेता ने विधायक पद से अपना इस्तीफा भी स्पीकर को भेज दिया है। इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अशोक चव्हाण ने





कहा, मैंने विधायक के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से अपना इस्तीफा दे दिया है। एक दो दिनों में मैं तय करूंगा कि आगे क्या करना है? मैंने कांग्रेस के लिए पूरा काम किया है। मेरी जिंदगी लेकिन मैं अब विकल्पों की तलाश में हूं। उन्होंने कहा, मैं अपने पूरे जीवन में एक कांग्रेसी रहा हूं और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम किया है। मुझे नहीं लगता कि हर बार हमें यह बताना होगा कि मैंने पार्टी क्यों छोड़ी है, यह मेरा निजी कारण है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी अशोक चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं और आने वाले समय में पाला बदल लेंगे। चव्हाण के अगले कदम के बारे में अटकलों के बीच, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इंतजार करने और देखने के लिए कहा कि क्या होगा। फडणवीस ने कहा, मैंने मीडिया से अशोक चव्हाण के बारे में सुना। लेकिन अब मैं केवल यही कह सकता हूं कि कांग्रेस के कई अच्छे नेता भाजपा के संपर्क में हैं। जो नेता जनता से जुड़े हुए हैं, वे कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ बड़े चेहरे कांग्रेस में शामिल होंगे। आगे-आगे देखिये होता है क्या? गौरतलब है कि दिसंबर 2008 से नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे चव्हाण को महाराष्ट्र में कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता था। मुंबई में आदर्श हाउसिंग घोटाले में कथित संलिप्तता के कारण उन्होंने 2010 में पद छोड़ दिया था। मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ जिले से आने वाले चव्हाण ने 2014-19 के दौरान राज्य कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वह एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शंकरराव चव्हाण के पुत्र हैं। चव्हाण के इस्तीफे के बाद उनके कुछ वफादारों ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य अमरनाथ राजुरकर, जिनका कार्यकाल अभी समाप्त हुआ है, ने चव्हाण के साथ कांग्रेस में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

# बस में सिगरेट पीने से रोका तो बोला- अभी तेजाब फेंक दूंगा; यात्रियों में फैली दहशत

**लंदन, एजेंसी** दक्षिण लंदन में सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां नशे में धुत एक शख्स बस में सिगरेट फूंक रहा था। जब उसे यात्रियों ने ऐसा करने से रोका तो उसने जेब से एक शीशी निकाल ली और उसमें एसिड होने की बात कहकर इससे हमला करने की धमकी देने लगा। बस यात्रियों से खचाखच भरी थी। घटना उस वक्त काफी बिगड़ गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, 44 वर्षीय व्यक्ति ने ब्रिक्सटन और क्रॉयडन के बीच चलने वाली एक बस में यात्रियों को एसिड से हमला करने की धमकी दी। घटना रविवार रात की है, जब वह बस में चढ़ा। बस पर चढ़कर वह धूम्रपान कर रहा था। जब यात्रियों ने उसका विरोध किया तो स्थिति बदल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे में चूर था। यात्रियों ने जब उसे धूम्रपान करने से रोका तो उसने जेब से एक शीशी निकाल ली और दावा किया कि उसके अंदर एसिड है। आरोपी यात्रियों पर एसिड अटैक की धमकी देने लगा। मामले में मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी हमे देर रात 10.30 के बाद मिली। हम तुरंत ऐक्टिव हुए और एंबुलेंस समेत पुलिस बल के साथ मौके के लिए रवाना



हुए। इस घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें हथियारों के साथ पुलिस बस को घेरे हुए है और लोगों से दूर रहने से अपील की थी। पुलिस को पूरा मामला निपटाने में करीब तीन घंटे लग गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने 44 वर्षीय आरोपी को स्ट्रेचर पर बांधकर गिरफ्तार किया। आरोपी नशीली गोलियां खाकर होश में नहीं था। पुलिस को आरोपी की इस हरकत के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना था कि आरोपी के पास से बरामद उस रासायनिक पदार्थ की भी जांच की गई।

# पाकिस्तान में दो राजनीतिक दलों ने जीत के बावजूद सिंध विधानसभा की तीन सीटें छोड़ी

**इस्लामाबाद, एजेंसी** पाकिस्तान के दो राजनीतिक दलों ने सोमवार को आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के विरोध में सिंध विधानसभा की जीती गईं तीन सीट छोड़ने की घोषणा की। हालांकि देश के शीर्ष चुनाव निकाय ने धांधली के आरोपों को खारिज किया है। ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रमुख पीर सिबगतुल्ला शाह रशीदी ने कराची में एक संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि उनकी पार्टी परिणाम में कथित हेरफेर को लेकर सिंध विधानसभा की जीती गई दो सीट रिक्त कर देगी। पाकिस्तान जमात-ए-इस्लामी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सोमवार को सिंध प्रांत की उस विधानसभा सीट को खाली कर दिया जिस पर उन्होंने गत बृहस्पतिवार को संपन्न हुए चुनाव में जीत दर्ज की थी।




हाफिज नईमुर रहमान ने कहा कि जिस सीट से उन्होंने जीत दर्ज की है वहां से असल विजेता इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार है। आठ फरवरी के चुनाव के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार हाफिज नईमुर रहमान ने पीएस-129 निर्वाचन क्षेत्र (कराची सेंट्रल आठ) से 26,296 वोटों से जीत हासिल की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हाफिज नईमुर रहमान ने कहा कि उन्होंने आठ फरवरी के चुनावों के दौरान कई निर्वाचन क्षेत्रों में कथित धांधली को उजागर करने के लिए यह असामान्य कदम उठाया।

## इजरायली सेना ने राफा में 2 बंधकों को बचाया

यरूशलम। इजरायल के विशेष बलों ने दो बंधकों को रिहा करने के लिए सोमवार तड़के गाजा के राफा में हमलों की शुरूआत की, जिसमें कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। तीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इजरायल में इन हमलों को वीरता के रूप में मनाया गया वहीं इस ऑपरेशन ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में डर का माहौल पैदा कर दिया। इससे चलते एन्क्लेव के 20 लाख से अधिक निवासियों में से आधे से अधिक गाजा के अन्य हिस्सों में इजरायली बमबारी से शरण मांग रहे है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अपडेट में कहा कि रात भर में कम से कम 67 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित छवियों और वीडियो फुटेज में एक मस्जिद सहित क्षेत्र की इमारतों को व्यापक क्षति दिखाई गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायल ने सोमवार तड़के राफा क्षेत्र पर करीब 40 हवाई हमले किए, जिसमें जमीनी स्तर पर भारी गोलाबारी की गई। राफा में अल-कुवैती अस्पताल के निदेशक सुहैब अल-हम्स ने बताया कि दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे उनके अस्पताल में बड़ी संख्या में घायल, दर्दनाक अंग-भंग और गंभीर रूप से जलने से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंचे। राफा में फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि विशेष इजरायली बल गुप्त रूप से शहर के मध्य में शबौरा पड़ोस में स्थित एक इमारत में पहुंचे और हमास के सदस्यों के साथ झड़प के बाद दो बंदियों को मुक्त करा लिया गया। इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि बचाव के बाद इजरायली बलों और हमास लड़ाकों के बीच भारी लड़ाई हुई। सेना ने भारी हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, ह्लइजरायली वायु सेना द्वारा दक्षिणी कमान के साथ मिलकर हवाई कवरेज और हमलों की लहर थी। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में लगभग 130 बंधक बने हुए हैं, जिनमें से कम से कम 30 के मारे जाने की सूचना है। पिछले नवंबर में एक महिला सैनिक के बचाव के बाद, रात के समय का ऑपरेशन केवल दूसरा उदाहरण है जिसमें इजरायली बलों ने गाजा में बंधकों को सुरक्षित रूप से छुड़ाने का दावा किया है। रिहा किए गए दो बंधकों लुईस हार (70)और फर्नांडो साइमन मार्मन (60) दोनों के पास अर्जेंटीना की नागरिकता भी है - को विमान से तेल अवीव के बाहर शीबा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के उप महानिदेशक, येल फ्रेनकेल नीर ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी चिकित्सा जांच की गई और उनकी हालत बेहतर है। इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी किए गए वीडियो फुटेज में दोनों को अस्पताल में दिखाया गया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129